वर्ष- 13 अंक - 349
लखनऊ, शुक्रवार 21 अगस्त, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





बच्चों ने अपने सपनों से अधिकारियों को कराया रूबरू 11

किसानों, युवाओं व महिला उद्यमियों की आय में वृद्धि मुख्य लक्ष्य : केशव 03


# मानसूनी आफत

- 13 जिलों के 173 गांवों में बाढ़, 84 हजार लोग प्रभावित
- सबसे ज्यादा असर प्रयागराज में, काशी के 84 घाट डूबे

**राज्य में पिछले चार दिन से हो रही लगातार बारिश से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गई है। नदियां उफान पर हैं। सबसे ज्यादा असर प्रयागराज में देखा जा रहा है। शहर के ज्यादातर इलाके डूबे हुए हैं। वाराणसी में गंगा-वरुणा उफान पर हैं। काशी के 84 घाट जलमग्न हो गए हैं। गोंडा में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। पानी के दबाव को देखते हुए सोनभद्र में कनहर डैम के 14 गेट खोल दिए गए हैं। मिर्जापुर में कच्चे मकान ढहने से वृद्ध दंपती समेत तीन की मौत हो गई है।**



गुरुवार को प्रयागराज में संगम के तट से अपना सामान लेकर जाते दुकानदार।

**समृद्धि न्यूज, प्रयागराज।**

लगातार हो रही मूसलधार बारिश अब आफत बनती जा रही है। प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, गोंडा और सोनभद्र समेत कई जिलों में बाढ़ और जलभराव के हालात गंभीर हो गए हैं। कई इलाकों में घरों में पानी घुस गया है। बारिश से जुड़े हादसों में जान-माल का नुकसान भी हुआ है। मिर्जापुर के मड़िहान क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में कच्चे मकान ढहने से वृद्ध दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है। 13 जिलों के 173 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं और करीब 84 हजार लोग प्रभावित हुए हैं।

**प्रयागराज :** यहां हालात भयावह हो गया है। पांच फीट तक पानी भरा हुआ है। पिछले चार दिनों से जारी बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। दारागंज और करेली समेत कई क्षेत्रों में घरों और हॉस्टलों में करीब पांच फीट तक पानी भर गया है। हालात बिगड़ने पर करीब 2000 छात्रों ने हॉस्टल खाली कर दिए हैं। भारी बारिश को देखते हुए गुरुवार को प्रयागराज में कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है। पिछले तीन दिनों में ही प्रयागराज में करीब 205 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। गंभीर जलभराव को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट ने भी अधिकारियों से जवाब मांगा है और जल निकासी की व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं।

**वाराणसी:** काशी में गंगा का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। शहर के सभी 84 घाट जलमग्न हो चुके हैं। वरुणा नदी के उफान से सरैया और सलारपुर समेत तटवर्ती इलाकों में पानी घुस गया है।

**मिर्जापुर:** यहां के मड़िहान तहसील क्षेत्र में लगातार बारिश के बीच बुधवार रात रजौहा और बभनी-थपनवा गांवों में कच्चे मकान ढहने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती है।

**गोंडा:** गोंडा में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। नदी का पानी आसपास के गांवों तक पहुंचने लगा है। कई गांवों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।

**सोनभद्र:** सोनभद्र में लगातार बारिश का असर कनहर डैम पर भी पड़ा है। जलस्तर 263.1 मीटर तक पहुंचने के बाद बुधवार को डैम के 14 गेट खोल दिए गए।

### मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक अगले 24 से 48 घंटे उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहेगा। पूर्वी और मध्य यूपी में भारी बारिश की संभावना अधिक है। प्रयागराज, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़, गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती और बलरामपुर समेत आसपास के जिलों में तेज बारिश और गरज-चमक को लेकर विशेष सतर्कता की जरूरत है। मानसून के प्रभाव के चलते सरकार की ओर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश संबंधित जिलाधिकारियों को दिये गये हैं ताकि आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई हो सके।

### प्रमुख नदियां उफान पर

**गंगा:**
प्रयागराज से वाराणसी और पूर्वांचल तक जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है।

**यमुना:**
प्रयागराज में जलस्तर बढ़ने से संगम और निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा बढ़ा हुआ है।

**घाघरा/सरयू:**
अवध क्षेत्र में यह सबसे संवेदनशील नदियों में है। कई स्थानों पर जलस्तर खतरे के निशान को पार कर चुका है।

**राप्ती:**
जलस्तर बढ़ा। गोरखपुर, सिद्धार्थनगर, श्रावस्ती, बलरामपुर और आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाई गई है।

### कई राज्यों में त्राहिमाम

**ओडिशा:** ओडिशा के छह जिलों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है। करीब 12.85 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। यहां पर स्थानीय सरकार की ओर से बाढ़ पीड़ितों को सहायता के लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं।

**उत्तराखंड:** उत्तराखंड में लगातार बारिश के कारण नदियां और नाले उफान पर हैं। बारिश से जुड़ी घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई है। कई पहाड़ी मार्गों पर भूस्खलन से यातायात प्रभावित हुआ है। केंद्र सरकार भी उत्तराखंड के आपात स्थिति पर पैनी नजर रखे हुए है।

**हिमाचल:** हिमाचल प्रदेश में बारिश और भूस्खलन के कारण 88 सड़कें बंद हैं। राज्य में इस मानसून सीजन में बारिश, बाढ़ और भूस्खलन से करीब 1,033 करोड़ रुपए की संपत्ति को नुकसान पहुंचने का अनुमान है।

**असम:** असम के कई इलाकों में भारी बारिश और बाढ़ से स्थिति खराब है। गुवाहाटी में सड़कों पर पानी भर गया है। जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त होने से स्थानीय प्रशासन को अलर्ट रहने की हिदायत दी गई है।

**बिहार:** नेपाल से छोड़े जा रहे पानी के कारण बिहार में गंडक नदी का जलस्तर बढ़ा है। राज्य के 19 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।

**राजस्थान-मध्य प्रदेश:** राजस्थान के 11 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के पूर्वी हिस्से में भी भारी से अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। चेतावनी के मद्देनजर सरकार सभी आवश्यक इंतजाम करने में लगी है।

**रिश्तों का कत्ल : गोमती नगर में दिनदहाड़े सनसनीखेज वारदात**

# पत्नी-बहन की हत्या के बाद खुद को उड़ाया

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

लखनऊ में गुरुवार को दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज वारदात से हड़कंप मच गया। गोमतीनगर के विवेक खंड स्थित आइसीआइसीआइ बैंक के बाहर पति मानस मिश्रा ने अपनी पत्नी दिव्या मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद वह अपने किराये के मकान पर पहुंचा और वहां बीमार बहन शीबा बाजपेई को भी गोली मार दी। बाद में मानस ने खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली।

दिव्या मिश्रा आइसीआइसीआइ बैंक में असिस्टेंट मैनेजर थीं और आलमबाग में रहती थीं। पुलिस के मुताबिक, मानस ने दोपहर में बैंक के बाहर पहुंचकर फोन कर दिव्या को बाहर बुलाया। दोनों के बीच कुछ देर बातचीत हुई। इसके बाद मानस ने दिव्या पर गोली चला दी। गोली की आवाज सुनकर बैंककर्मी और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। दिव्या को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



दिव्या और मानस (फाइल फोटो)

**वारदात**
- गोमतीनगर में आइसीआइसीआइ बैंक के बाहर पत्नी की हत्या
- घर जाकर बहन को मारी गोली, पुलिस को दो पिस्टल व तमंचा मिला

पत्नी की हत्या के बाद मानस हुसड़िया चौराहे के पास अपने किराये के मकान पर पहुंचा। वहां उसकी बीमार बहन शीबा बाजपेई रहती थीं। मानस ने बहन को भी गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद को गोली मार ली। स्थानीय फास्ट फूड दुकान के संचालक लवकुश ने बताया, मानस करीब साढ़े 12 बजे वहां आया था। वह पसीने से तर बतर था। कमरे के अंदर जाने के बाद उसने दरवाजा बंद कर लिया। कुछ देर बाद अंदर से आवाज सुनाई दी। बाद में बहन को गोली मारने और मानस के खुद को गोली मारने की जानकारी हुई। पुलिस के मुताबिक, दिव्या ने करीब एक वर्ष पहले पति मानस से तलाक के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। दोनों के बीच वैवाहिक विवाद चल रहा था। पुलिस अब इस विवाद और हत्या की वजह की जांच कर रही है। घटना के बाद पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंचीं।

फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने मानस के घर से एक तमंचा और दो पिस्टल बरामद की हैं। घर से मिले मोबाइल फोन भी जांच के लिए कब्जे में लिए गए हैं। पुलिस के अनुसार, आत्महत्या से पहले मानस ने वाट्सऐप पर एक स्टेटस लगाया था। इसमें उसने पत्नी की हत्या की वजह बताते हुए धोखा मिलने की बात लिखी थी।

## जंतर-मंतर प्रोटेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने बनाई जांच समिति

- पूर्व जज आर. सुभाष रेड्डी होंगे पांच सदस्यीय समिति के अध्यक्ष

**समृद्धि न्यूज, नई दिल्ली।**

जंतर-मंतर पर 20 जुलाई को हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा कथित बल प्रयोग के मामले में उच्चतम न्यायालय ने बड़ा कदम उठाया है।

शीर्ष अदालत ने प्रदर्शनकारियों पर बल प्रयोग के आरोपों की जांच के लिए पांच सदस्यीय हाई पावर्ड कमेटी गठित की है। उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश जस्टिस आर. सुभाष रेड्डी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई को लेकर प्रदर्शनकारियों की ओर से गंभीर आरोप लगाए गए थे।

मामले को लेकर अदालत में याचिका दायर किए जाने के बाद उच्चतम न्यायालय ने जांच के लिए स्वतंत्र समिति गठित करने का निर्णय लिया। पांच सदस्यीय समिति घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जांच करेगी। इसमें प्रदर्शन के दौरान पुलिस की कार्रवाई, बल प्रयोग की परिस्थितियों और उससे जुड़े आरोपों की पड़ताल की जाएगी। रिकॉर्डों के आधार पर आगे की जांच होगी।

## रिटायर्ड जजों की सुविधाओं पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

**एजेंसी, नई दिल्ली।** रिटायर हो चुके हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों और जजों को मिलने वाली सुविधाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को केंद्र सरकार को एक और सप्ताह का समय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि यदि केंद्र ने इस अवधि में समिति गठित नहीं की तो कोर्ट खुद समिति बनाएगा। समिति का उद्देश्य सेवानिवृत्त हाई कोर्ट जजों को मिलने वाली सुविधाओं के लिए एक समान राष्ट्रीय नीति तैयार करना होगा। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ में जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना शामिल थे। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ने समिति गठित करने के लिए एक सप्ताह का और समय मांगा। पीठ ने समय देते हुए मामले को करीब 10 दिन बाद सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया।

**कथित चढ़ावा चोरी जांच के बीच चंपत राय ने जारी किया 9 पन्नों का बयान, किया दावा**

# मंदिर निर्माण में नृपेंद्र मिश्र ने ही लिए अहम फैसले

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**

राम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी और वित्तीय अनियमितताओं को लेकर चल रही एसआईटी जांच के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय का नौ पन्नों का बयान सामने आया है। बयान में उन्होंने राम मंदिर निर्माण की प्रक्रिया, निर्णय व्यवस्था और अपनी भूमिका को लेकर कई अहम दावे किए हैं। चंपत राय ने कहा है कि मंदिर निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण फैसले मुख्य रूप से भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र की अध्यक्षता में लिए जाते थे।



नृपेंद्र मिश्र को फरवरी 2020 में गठित भवन निर्माण समिति का अध्यक्ष बनाया गया था। वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पूर्व प्रधान सचिव और सेवानिवृत्त आइएएस अधिकारी हैं। उन्होंने दावा किया है कि मंदिर निर्माण की प्रगति की समीक्षा से लेकर डिजाइन, तकनीकी कार्य और निर्माण की समयसीमा से जुड़े विषयों पर समिति की बैठकें होती रही हैं।

चंपत राय के बयान में मंदिर निर्माण में भवन निर्माण समिति की भूमिका पर विशेष जोर दिया गया है। समिति में ट्रस्ट के सदस्यों के साथ तकनीकी विशेषज्ञों को भी शामिल किया गया था। मंदिर निर्माण के लिए एलएंडटी को निर्माण एजेंसी और टाटा कंसल्टेंट इंजीनियर्स को परियोजना प्रबंधन सलाहकार नियुक्त किया गया था। निर्माण से जुड़े तकनीकी निर्णयों में विशेषज्ञों की भूमिका रही। चंपत राय के मुताबिक, निर्माण समिति की बैठकों में परियोजना की प्रगति, डिजाइन, तकनीकी पहलुओं और निर्धारित समयसीमा जैसे मुद्दों पर चर्चा होती थी।




# समय पर विकसित किये जाएं स्मार्ट ग्राम : दिनेश

## विस्थापित परिवारों के लिए विकसित किये जा रहे स्मार्ट ग्राम भरतपुर का प्रभारी मंत्री ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में कतर्नियाघाट वन्य जीव विहार की गोद में बसे जनपद के दूरस्थ ग्राम भरथापुर के विस्थापित परिवारों के लिए ग्राम सेमरहना में विकसित किये जा रहे स्मार्ट गांव भरतपुर का राज्य मंत्री (स्वतन्त्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात विभाग/प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम्य विकास, लोक निर्माण विभाग, विद्युत, जल निगम, बाल विकास एवं पुष्टाहार व बेसिक शिक्षा सहित अन्य सम्बन्धित विभाग भरथापुर ग्राम के विस्थापित परिवारों के लिए सभी सुविधाओं से सुसज्जित स्मार्ट ग्राम का निर्माण करने की दिशा में निरन्तर अग्रसर हैं। भरतपुर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि आवासीय भवनों का निर्माण कार्य लिन्टर स्तर तक पूर्ण कर लिया गया है।

विद्युत विभाग द्वारा खम्भे लगाकर विद्युत लाईने बिछाकर विद्युत आपूर्ति से ग्राम को आच्छादित किया जा चुका है। जबकि लोक निर्माण विभाग द्वारा आंतरिक गलियों के प्रथम फेज अन्तर्गत मिट्टी भराई के उपरान्त गिट्टी डालकर रोड रोलर से कमपैक्शन का कार्य पूर्ण कर रोड़ का निर्माण का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा अन्य सम्बन्धित विभागों द्वारा भी ग्राम में सुविधाओं का विकास तेज़ी के साथ किया जा रहा है। प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप स्मार्ट ग्राम के विकास में होने वाले कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं मानक के साथ समयबद्धता के साथ पूर्ण करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, विधायक बलहा सरोज सोनकर, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्वत, विधायक बलहा प्रतिनिधि आलोक जिंदल, उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) मोनालिसा जौहरी, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार, पीडी डीआरडीए मनीष कुमार, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी सहित अन्य विभागों के अधिकारी, मण्डल अध्यक्ष संजय मौर्या, भूरे प्रसाद मौर्य, प्रधान प्रीतम निषाद व राजेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी प्रफुल्ल जायसवाल मौजूद रहे।

## पांच स्कूली वाहनों पर कार्रवाई, ई-रिक्शा चालकों को भी चेतावनी




**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** यातायात पुलिस ने मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 के तहत स्कूली वाहनों की सघन चेकिंग की। इस दौरान मानकों का उल्लंघन करने वाले पांच स्कूली वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई, जबकि दो ई–रिक्शा चालकों को भी बच्चों को ले जाते पाए जाने पर कार्रवाई का सामना करना पड़ा। सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और स्कूली बच्चों की सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर आयुष विक्रम सिंह और क्षेत्राधिकारी यातायात राज सिंह के निर्देशन में यह कार्रवाई की गई।

# ककराहा रेंज में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की ककराहा रेंज में वन विभाग ने एक तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया है। ढोढ़ेपुरवा पचसा बेझा गांव के पास बुधवार रात करीब 1 बजे एक वयस्क नर तेंदुआ सुरक्षित रूप से पकड़ा गया। पिछले 30 दिनों में कतर्नियाघाट में यह छठा तेंदुआ रेस्क्यू किया गया है, जिससे ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है।

वन विभाग के अनुसार, रेस्क्यू किए गए तेंदुए की उम्र लगभग आठ से नौ वर्ष है और इसका वजन 45 से 50 किलोग्राम के बीच है। तेंदुए को सुरक्षित स्थान पर ले जाने के बाद पशु चिकित्सक ने उसका प्रारंभिक स्वास्थ्य परीक्षण किया। विभागीय प्रोटोकॉल के तहत आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में घाघरा नदी खतरे के निशान से लगभग 37 सेंटीमीटर ऊपर बह



▸ कतर्नियाघाट में 30 दिनों में छठे तेंदुए का रेस्क्यू

रही है। जलस्तर बढ़ने और निचले इलाकों में जलभराव के कारण वन्यजीव सुरक्षित स्थानों की तलाश में आबादी वाले क्षेत्रों की ओर आ सकते हैं। इसी आशंका को देखते हुए वन विभाग ने संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ा दी है और हाई अलर्ट जारी किया है। गश्ती दल लगातार निगरानी कर रहे हैं और आवश्यकता पड़ने पर रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों को भी तैनात किया गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे खेतों में अकेले न जाएं और हमेशा चार-पांच लोगों के समूह में ही निकलें। अंधेरा होने या सुबह बहुत जल्दी खेतों की ओर जाने से बचें। बच्चों को भी गांव की सीमा और सुनसान स्थानों पर अकेले न जाने दें। घनी झाड़ियों और ऊंची घास के आसपास विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने यह भी कहा कि तेंदुआ या किसी अन्य वन्यजीव के दिखाई देने पर भीड़ न लगाएं और उसे पकड़ने या भगाने का प्रयास न करें। तत्काल नजदीकी वन चौकी, वनकर्मी या वन विभाग के अधिकारियों को सूचित करें। विभाग का कहना है कि मानव और वन्यजीव दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## खबरें एक नजर में

### पंखा ठीक कर रहे युवक की करंट लगने से मौत



**समृद्धि न्यूज, सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र स्थित गोढवा गांव मे पंखा ठीक करते समय करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार घर मे फर्राटा पंखा चल रहा था लेकिन उससे हवा नही आ रही थी। बच्चो को गर्मी से बचाने के लिए अरुण कुमार पुत्र परशुराम पंखा ठीक करने लगे। इसी दौरान वे करंट की चपेट में आ गए और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ओमकार मौर्य ने बताया कि अरुण रात में पंखा सही कर रहे थे जिससे करंट उतर रहा था और वे उसकी चपेट मे आ गए।मृतक अरुण कुमार की आयु लगभग 30 वर्ष थी।उनके परिवार में तीन साल की एक बेटी और पांच माह का एक बेटा है।इस हादसे से परिवार सदमे मे है। मृतक के पिता परशुराम ने सफदरगंज थाने मे प्रार्थना पत्र देकर शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।सफदरगंज वरिष्ठ उप निरीक्षक यमुना प्रसाद पांडे ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### तालाब में डूबने से सात वर्षीय बच्चे की मौत



**बहराइच।** पयागपुर थाना क्षेत्र के शिवदहा करघय्या पुरवा गांव में गुरुवार को हादसा हो गया। घर के पास नल पर पानी पीने जा रहे सात वर्षीय बच्चे का पैर फिसल गया और वह गहरे तालाब में जा गिरा। बच्चे के डूबने की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद बच्चे का शव तालाब से बरामद किया गया। गांव निवासी फरियाद अली का सात वर्षीय बेटा गुड्डू गुरुवार को घर के पास स्थित नल पर पानी पीने जा रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह पास के गहरे तालाब में गिर गया। बच्चे के तालाब में गिरने की जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर जुट गए और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पयागपुर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे की तलाश शुरू की। इसके बाद एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया गया। टीम ने ग्रामीणों के साथ मिलकर तालाब में रेस्क्यू अभियान चलाया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गुड्डू का शव तालाब से बाहर निकाला जा सका।घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम संजय कुमार पांडेय सहित तहसील के अन्य अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा है और गांव में भी शोक का माहौल है।

### स्टीलगंज तालाब के जीर्णोद्धार का शिलान्यास



**बहराइच।** ऐतिहासिक स्टीलगंज तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया गया। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में सांसद डॉ. आनंद कुमार गौड़ ने परियोजना का भूमिपूजन और शिलान्यास किया। यह कार्य लगभग 1 करोड़ 86 लाख रुपये की लागत से होगा। इसकी कार्यदायी संस्था नगर पालिका परिषद, बहराइच है। परियोजना के अंतर्गत स्टीलगंज तालाब का जीर्णोद्धार किया जाएगा और इसके परिसर का सौंदर्यीकरण भी होगा।इस पहल से शहरवासियों को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर नगरीय वातावरण मिलेगा। वक्ताओं ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण और व्यवस्थित विकास शहर की पहचान को मजबूत करता है। स्टीलगंज तालाब के विकास से क्षेत्र की सुंदरता बढ़ेगी और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।शिलान्यास कार्यक्रम में बहराइच सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, विधान परिषद सदस्य डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, एमएलसी पदम सेन चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष सुधा टेकड़ीवाल, श्याम करन टेकड़ीवाल सहित कई जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, सभासद, व्यापारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर जोर दिया।

### बाइकों की भिड़ंत में तीन घायल

**फतेहपुर बाराबंकी।** सिहाली मार्ग पर गुरुवार को बड़ी नहर के पास दो बाइको की आमने–सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसे मे एक बाइक पर सवार तीन युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। टक्कर के बाद दूसरी बाइक का चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगो ने घायलो को संभालने के साथ 108 एंबुलेंस और परिजनों को सूचना दी। एंबुलेंस से तीनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया। फिलहाल तीनों की हालत सामान्य बताई जा रही है। हादसे मे घायल युवकों की पहचान जितेंद्र 25 निवासी तिलरन, रामराज 25 निवासी खदरा, दोनों थाना फतेहपुर और अर्जुन 19 पुत्र राम सिंह निवासी लकैचा, थाना सतरिख के रूप में हुई है।तीनों एक ही बाइक पर सवार थे और काम के सिलसिले में सिहाली गए थे।

# स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने पर जोर

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराकर उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने की तैयारी है। इसके लिए केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का समन्वय कर स्थानीय जरूरतों के अनुरूप रोजगारपरक गतिविधियां चिह्नित की जाएंगी। खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने गुरुवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर इस संबंध में निर्देश दिए।

नगर पंचायत रामसनेहीघाट के अटल मार्ग स्थित भाजपा कार्यालय, भिटरिया में आयोजित बैठक में मंत्री ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक उन्नति सशक्त समाज की मजबूत नींव है।



उन्होंने अधिकारियों से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की क्षमता और क्षेत्र की जरूरतों के आधार पर रोजगार के अवसर तलाशने को कहा। मंत्री ने कहा कि महिलाओं को केवल स्वयं सहायता समूहों से जोड़ना पर्याप्त नहीं है। उन्हें उत्पाद तैयार करने, उनकी मार्केटिंग और स्वरोजगार की गतिविधियों से भी जोड़ा जाना चाहिए, ताकि उनकी आय में वास्तविक बढ़ोतरी हो सके। अधिकारियों को रोजगारपरक गतिविधियों की नियमित निगरानी करने और पात्र महिलाओं तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए गए।

# जिले में 71 पुलिसकर्मियों का हुआ तबादला

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**

पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने जिले की कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने और पुलिसिंग को प्रभावी करने के उद्देश्य से 71 पुलिसकर्मियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। इन पुलिसकर्मियों में निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी और आरक्षी शामिल हैं, जिन्हें नई तैनाती दी गई है।

जारी स्थानांतरण आदेश के तहत तीन निरीक्षकों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। जयराम यादव को अपराध शाखा से निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली नगर, संजीव कुमार पाल को निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली नगर से अपराध शाखा और अवधेश यादव को निरीक्षक अपराध थाना कोतवाली नानपारा से निरीक्षक अपराध थाना जरवल रोड भेजा गया है। इसके



▸ कानून-व्यवस्था सुधारने के उद्देश्य से एसपी ने किया इधर से उधर

अतिरिक्त, 22 उपनिरीक्षकों का भी तबादला किया गया है। पुलिस लाइन में तैनात इन अधिकारियों को विभिन्न थानों और शाखाओं में नई जिम्मेदारियां दी गई हैं। इनमें अमर नाथ को प्रभारी चौकी दरगाह शरीफ, रंजीत भारती को प्रभारी चौकी दलपतपुर थाना मोतीपुर, हरिदार तिवारी को प्रभारी चौकी अघौलिया थाना रानीपुर, विजय कुमार को थाना नवाबगंज, तेजनारायण यादव को थाना रिसिया और मेहताब आलम को थाना कोतवाली नगर भेजा गया है। इसी क्रम में, श्याम सिंह यादव को थाना हरदी, विशाल जायसवाल को थाना दरगाह शरीफ, रामचन्द्र यादव को थाना कैसरगंज, जगनारायण राय को प्रभारी पासपोर्ट सेल, अवधेश कुमार यादव को थाना खैरीघाट, शैलेन्द्र यादव को थाना बौंडी, ओम प्रकाश सिंह को थाना रामगांव, रामसुन्दर सिंह को आईजीआरएस शाखा तथा शैलेन्द्र कुमार यादव को थाना विशेश्वरगंज की जिम्मेदारी दी गई है।

आदेश में अन्य उपनिरीक्षकों और पुलिसकर्मियों को भी जिले के विभिन्न थानों, यातायात शाखा, अभियोजन कार्यालय, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन सेल सहित अन्य इकाइयों में तैनात किया गया है। कुल 32 मुख्य आरक्षियों और सात आरक्षियों का भी स्थानांतरण किया गया है।

## तालाब से मगरमच्छ का रेस्क्यू, सुरक्षित जगह गया छोड़ा



**समृद्धि न्यूज, बहराइच।** जिले के सुजौली इलाके में एक तालाब से वन विभाग ने गुरुवार को एक मगरमच्छ का सफल रेस्क्यू किया। तालाब में मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई थी, लेकिन रेस्क्यू के बाद उन्होंने राहत की सांस ली। यह मगरमच्छ कब्रिस्तान के पास स्थित तालाब में देखा गया था, जिसके बाद पूरे क्षेत्र में अफरा–तफरी मच गई। सूचना पर वन दरोगा अनिल कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वनकर्मियों ने ग्रामीणों की सहायता से मगरमच्छ को पकड़ने के लिए अभियान शुरू किया।

# सरयू का जलस्तर बढ़ा, 24 से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

सरयू नदी के बढ़ते जलस्तर ने तराई क्षेत्र के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। तहसील क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक गांव बाढ़ की चपेट में हैं। कई गांवों में घरों तक पानी पहुंच गया है, जबकि संपर्क मार्ग डूबने से लोगों का आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों के सामने भोजन, पेयजल और मवेशियों के चारे के साथ परिवार और पशुओं को सुरक्षित रखने की चिंता बनी हुई है।

गुनौली, जलालपुर तराई, कोयलावर, टिकरी और ढेमा समेत कई गांवों में जलभराव के कारण जनजीवन प्रभावित है। पानी से घिरे



▸ नाव से पहुंचाया जा रहा भोजन-पानी

परिवारों तक जरूरी सामान पहुंचाना प्रशासन के लिए भी चुनौती बना हुआ है। बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के निर्देश पर राहत कार्य तेज कर दिए गए हैं। एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय राहत कार्यों की लगातार निगरानी कर रहे हैं। उनके निर्देश पर राजस्व कर्मियों की टीमें नाव के जरिए पानी से घिरे गांवों और घरों तक पहुंच रही हैं।

गुरुवार को बाढ़ पीड़ितों के बीच पका-पकाया भोजन और पेयजल के पैकेट वितरित किए गए। वहीं पशुओं के लिए चारे की भी व्यवस्था कराई गई।

प्रशासन के अनुसार बुधवार को करीब 3900 लोगों को पका भोजन उपलब्ध कराया गया था, जबकि गुरुवार को 5000 से अधिक लोगों तक भोजन पहुंचाया गया।

### अधिकारियों ने गांव पहुंचकर सुनी समस्याएं

तहसीलदार शशांक नाथ उपाध्याय और नायब तहसीलदार सुधाकर पांडे भी राहत कार्यों में जुटे हैं। अधिकारियों ने बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को देखते हुए प्रभावित गांवों में स्वास्थ्य टीमें भी भेजी गई हैं। एसडीएम बृजेंद्र उपाध्याय ने कहा कि बाढ़ की इस कठिन परिस्थिति में प्रशासन ग्रामीणों को अकेला नहीं छोड़ेगा। पानी से घिरे परिवारों तक भोजन, पेयजल और पशुओं के चारे समेत जरूरी राहत सामग्री लगातार पहुंचाई जाएगी। प्रशासन की प्राथमिकता है कि किसी भी प्रभावित परिवार को आवश्यक सहायता से वंचित न रहना पड़े।

# दैवीय आपदा से प्रभावित पीड़ित परिवारों को एमएलसी ने सौंपा सहायता राशि पत्र



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

लोक निर्माण विभाग के अतिथि गृह मे गुरुवार को विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे, एमएलसी प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बबलू, पुष्पेंद्र शुक्ला के साथ सर्पदंश और नहर मे डूबने से मृतकों के पीड़ित परिवारों को दैवीय आपदा के तहत स्वीकृति राहत सहायता पत्र सौंपा।

इस दौरान एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि हमारी सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ है। शासन की मंशा है कि आपदा मे जान गंवाने वाले परिवारो को तुरंत सहायता मिले।

# पांच दिवसीय शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न



**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदरगढ़ में खंड शिक्षा अधिकारी आराधना अवस्थी के संरक्षण में चल रहे पाँच दिवसीय एफ. एल. एन. प्रशिक्षण के अंतिम पाँचवे दिवस के प्रथम सत्र में संदर्भदाता रमाकांत गुप्ता एवं मुबीन अहमद ने अंग्रेजी विषय की नवीन पाठ्य पुस्तक संतुर की तीसरी इकाई के तहत हेल्थ एंड फिटनेस विषय पर प्रतिभागियों से विस्तृत चर्चा की गई। इसके पश्चात दूसरे सत्र में एक्सपोजर टू द नेचुरल ब्यूटी ऑफ द माउंटेन एंड वैली विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। तीसरे सत्र में संदर्भदाता देवी शंकर पाण्डेय एवं धर्मेन्द्र मिश्रा ने समग्र प्रगति पत्र के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। अंतिम सत्र में संदर्भदाता मदन मोहन वर्मा एवं देवी शंकर पाण्डेय ने पूरे प्रशिक्षण के सत्रों का संक्षेप में दोहराव किया गया। फीड बैक एवं ज्ञान समीक्षा ऐप से उपस्थिति के बाद पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया।

इस अवसर पर शुभम सिंह,रोली यादव, अमर बहादुर, प्रियंका सिंह, सुनील मिश्रा, अनुषा वर्मा, कंचन, दीपा, सुध, चंद्र प्रकाश,वेद बाजपेयी, मनोज आदि शिक्षक उपस्थित थे।

## एसडीएम ने बाढ़ क्षेत्र का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।** तहसील सिरौली गौसपुर क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज के निर्देश पर नायब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय ने राजस्व विभाग की टीम के साथ नदी किनारे बसे गांवों का निरीक्षण किया। नायब तहसीलदार ने सनावा, गोबरहा,तेलवारी आदि गांवों में जाकर लोगों से बातचीत की और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया।प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गुरुवार की शाम 4 बजे एल्गिन ब्रिज पर सरयू का जलस्तर 106.480 मीटर दर्ज किया गया। जो खतरे के निशान से 41 मीटर ऊपर है। नायब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय ने बताया कि अभी तहसील क्षेत्र के गांवों में पानी नहीं पहुंचा है। बाढ़ की दृष्टि से नावों को तैनात कर दिया गया है। बाढ़ राहत चौकी अलर्ट मोड पर है और यहां कर्मचारी तैनात हैं। लेखपाल लगातार निगरानी कर रहे हैं। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे नदी के किनारे न जाएं और प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

# खाद का पर्याप्त भंडार, किसान न हो परेशान

▸ फार्मर रजिस्ट्री के बाद मिलेगा उर्वरक

▸ दिक्कत पर सीधे कंट्रोल रूम में करें शिकायत

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

खेतों में फसल खड़ी है और किसान खाद के लिए परेशान न हों, इसके लिए कृषि विभाग ने जिले में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर स्थिति साफ कर दी है। जिला कृषि अधिकारी के मुताबिक, जनपद में यूरिया और फास्फेटिक उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए विभाग लगातार उपलब्धता और वितरण पर नजर रख रहा है। जिला कृषि अधिकारी के अनुसार अगस्त तक यूरिया का लक्ष्य 44,171 मीट्रिक टन था, जिसके सापेक्ष जिले को 48,203 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध हुई। डीएपी के 5,491 मीट्रिक टन लक्ष्य के मुकाबले 8,868 मीट्रिक टन, एनपीके के 1,336 के मुकाबले 4,064 मीट्रिक टन और एसएसपी के 13,666 के मुकाबले 23,130 मीट्रिक टन की उपलब्धता हुई है। वितरण के बाद भी सहकारिता और निजी क्षेत्र को मिलाकर जिले में 11,039 मीट्रिक टन यूरिया, 3,803 मीट्रिक टन डीएपी, 3,347 मीट्रिक टन एनपीके और 5,961 मीट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। एमओपी का स्टॉक भी 112 मीट्रिक टन बताया गया है। किसानों की जरूरत को देखते हुए अयोध्या रैक प्वाइंट से मेटिक्स कंपनी की सहकारिता क्षेत्र की 504 मीट्रिक टन यानी 11,200 बोरी यूरिया जल्द जिले को मिलने की बात कही गई है। विभाग का कहना है कि इससे किसानों को खाद की उपलब्धता बनाए रखने में और मदद मिलेगी।

कृषि विभाग ने किसानों को बताया है कि उर्वरक प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य है। ऐसे में किसान समय रहते अपनी फार्मर रजिस्ट्री पूरी करा लें, ताकि खाद लेते समय किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### किसान की परेशानी सीधे सुनेगा कंट्रोल रूम

अगर किसी किसान को खाद मिलने में दिक्कत हो, वितरण को लेकर समस्या आए या उर्वरक से संबंधित कोई शिकायत हो तो उसे परेशान होकर इधर–उधर भटकने की जरूरत नहीं है। जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में उर्वरक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। समाधान के लिए हेल्पलाइन 9455485475 से संपर्क कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अपील की है कि वे अपनी जरूरत के मुताबिक ही उर्वरक खरीदें। विभाग ने भरोसा दिलाया है कि किसानों की समस्या का समाधान कराने के लिए शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विवादित दुकान का सामान बाहर फेंकने का आरोप

▸ सीजेएम न्यायालय ने एफआईआर दर्ज करने का दिया निर्देश

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**

अकबरपुर तहसील क्षेत्र के शहजादपुर में एक विवादित दुकान से कब्जा हटाने के मामले में न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए अकबरपुर कोतवाली पुलिस को मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) न्यायालय के आदेश के बाद मामले में अकबरपुर के तहसीलदार संतोष कुमार समेत दो नामजद और 5-6 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए जाने का रास्ता साफ हो गया है।

मामला शहजादपुर स्थित एक विवादित दुकान से जुड़ा बताया गया है। वादी सोएब रिजवी की ओर से न्यायालय में प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि दुकान पर कब्जा हटाने की कार्रवाई के दौरान निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया।

वादी के मुताबिक, इस विवाद को लेकर एसडीएम स्तर से यह स्पष्ट किया गया था कि मामला सिविल प्रकृति का है और प्रशासनिक स्तर से कब्जा परिवर्तन की कार्रवाई नहीं की जा सकती। इसके बावजूद 20 फरवरी 2026 को तहसीलदार अकबरपुर संतोष कुमार की मौजूदगी में अरुण कुमार कथित तौर पर 5-6 लोगों के साथ दुकान पर पहुंचे। आरोप है कि मौके पर दुकान का ताला तोड़ दिया गया और अंदर रखा सामान बाहर फेंक दिया गया। घटना को लेकर वादी ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और संबंधित लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

प्रकरण की सुनवाई के बाद सीजेएम न्यायालय ने अकबरपुर कोतवाली प्रभारी को मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया। न्यायालय के इस आदेश के बाद तहसील प्रशासन से जुड़े अधिकारी का नाम भी प्रकरण में आने से प्रशासनिक हलकों में हलचल तेज हो गई है। मामले में तहसीलदार संतोष कुमार और अरुण कुमार को नामजद किए जाने के साथ ही 5-6 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध भी कार्रवाई का आदेश बताया गया है।


# संपत्ति के लालच में अजय शुक्ला की हत्या मामले में दो गिरफ्तार

▸ शराब पिलाकर गमछे से बांधा, फिर उतारा था मौत के घाट

**समृद्धि न्यूज, अंबेडकरनगर।**

मालीपुर थाना क्षेत्र के तेनुवा दियरा गांव में अजय शुक्ला उर्फ गब्बर की हत्या के मामले में पुलिस ने चंद घंटों में खुलासे का दावा किया है। पुलिस के मुताबिक, वारदात के पीछे संपत्ति का लालच और पारिवारिक विवाद सामने आया है। मामले में मृतक के बड़े भाई की पत्नी समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के अनुसार, मृतक के बड़े भाई राजेश शुक्ला की पत्नी सोनी शुक्ला और रिश्तेदार अनिरुद्ध मिश्रा 18 अगस्त को गुजरात से गांव आए थे। पुलिस जांच के मुताबिक, 19 अगस्त को अजय शुक्ला को नेमपुर बुलाया गया, जहां उसे शराब पिलाई गई। आरोप है कि देर रात उसकी हत्या कर दी गई। पुलिस का दावा है कि आरोपियों ने पहले अजय शुक्ला को काबू किया और गमछे से बांध दिया। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। वारदात के पीछे संपत्ति से जुड़ा विवाद और लालच प्रमुख वजह के रूप में सामने आया है।





### कुछ घंटों में पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

घटना की सूचना मिलने के बाद मालीपुर पुलिस ने तत्काल जांच शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास की परिस्थितियों, संदिग्धों की गतिविधियों और उपलब्ध साक्ष्यों को खंगाला। पूछताछ के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिलने का दावा किया गया, जिसके आधार पर सोनी शुक्ला और अनिरुद्ध मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया गया।

### परिवार के करीबी ही निकले आरोपी

पुलिस के अनुसार, इस वारदात में किसी बाहरी व्यक्ति के बजाय परिवार के करीबी लोगों की भूमिका सामने आई है। संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद ने रिश्तों में ऐसी दरार पैदा की कि मामला हत्या तक पहुंच गया। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि संपत्ति विवाद की वास्तविक वजह क्या थी और हत्या की साजिश कब और कैसे तैयार की गई।


### पुलिस जांच में सामने आएगा पूरा सच

पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि विवेचना के दौरान सामने आने वाले साक्ष्यों के आधार पर मामले की अन्य कड़ियों को भी जोड़ा जाएगा। हत्या में प्रयुक्त सामान, घटना से पहले और बाद की गतिविधियों तथा आरोपियों की भूमिका को लेकर भी जांच की जा रही है। परिवार के भीतर संपत्ति के विवाद को लेकर हुई इस हत्या ने इलाके में सनसनी फैला दी है। अब पुलिस की जांच और विवेचना से यह स्पष्ट होगा कि वारदात की पूरी साजिश कैसे रची गई और इसमें अन्य किसी व्यक्ति की भूमिका थी या नहीं।

समृद्धि न्यूज
लखनऊ, शुक्रवार, 21 अगस्त, 2026


# सर्वोदय विद्यालयों के संचालन में बदलाव की जरूरत : योगी

- पात्र वृद्धजनों को पेंशन के लिए अनावश्यक प्रतीक्षा न करनी पड़े
- लंबित आवेदनों का सत्यापन कर शीघ्र दिलाएं लाभ



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में सुव्यवस्थित संचालन के लिए व्यापक बदलाव की जरूरत बताई है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि विद्यालयों से जुड़ी सुस्पष्ट नियमावली तैयार करने, शिक्षकों के रिक्त पदों पर चयन की प्रक्रिया आगे बढ़ाने तथा एक सोसाइटी के गठन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि इन आवासीय विद्यालयों का प्रबंधन और संचालन अधिक व्यवस्थित ढंग से हो सके।

गुरुवार को समाज कल्याण विभाग के मंत्री असीम अरुण की उपस्थिति में विभाग की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने विद्यालयों में शिक्षकों और अन्य आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता, विद्यार्थियों को मिल रही सुविधाओं तथा प्रबंधन व्यवस्था की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि वर्ष 2017 से पहले प्रदेश में 93 जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय संचालित थे, जबकि वर्ष 2025-26 तक इनकी संख्या बढ़कर 103 हो गई है। इनमें 59 विद्यालय सीबीएसई तथा 44 विद्यालय यूपी बोर्ड से संबद्ध हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। साथ ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप अन्य आवश्यक मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वृद्धावस्था पेंशन के लिए पात्र किंतु अब तक वंचित वृद्धजनों के आवेदनों का सत्यापन कराते हुए यथाशीघ्र उन्हें पेंशन से लाभान्वित कराया जाए। उन्होंने कहा कि पात्र वृद्धजनों को अनावश्यक रूप से प्रतीक्षा न करनी पड़े और आवेदन के सत्यापन से लेकर पेंशन स्वीकृति तक की प्रक्रिया समयबद्ध हो। सीएम ने छात्रवृत्ति वितरण में आने वाली तकनीकी और प्रक्रियागत कठिनाइयों का त्वरित समाधान करते हुए पात्र विद्यार्थियों को अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

### छात्रवृत्ति का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को समय से मिले

मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना की समीक्षा के दौरान सीएम ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण मार्गदर्शन उपलब्ध कराने और योजना की पहुंच तथा प्रभावशीलता को और बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करने तथा श्रेष्ठ शिक्षकों और विशेषज्ञों के अनुभव का अधिक से अधिक विद्यार्थियों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए। छात्रवृत्ति वितरण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रवृत्ति का लाभ प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को समय से मिलना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पूर्वदशम और दशमोत्तर छात्रवृत्ति से वंचित विद्यार्थियों के लिए आवेदन पोर्टल तत्काल खोला जाए और हर हाल में 02 अक्टूबर तक छात्रवृत्ति की धनराशि अंतरित कर दी जाए।

# विधवा पेंशन के लिए 380 करोड़ की व्यवस्था

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रदेश की निराश्रित एवं विधवा महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा देने वाली इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना को लेकर योगी सरकार ने वित्तीय व्यवस्था की है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के तहत 380 करोड़ 15 लाख 74 हजार रुपये की धनराशि की व्यवस्था की गई है। यह राशि भारत सरकार से प्राप्त केंद्रांश मदर सैंक्शन के उपयोग के लिए नवीन लेखाशीर्षक यानी नए बजट हेड में उपलब्ध कराई गई है। इस संबंध में महिला कल्याण विभाग द्वारा शासनादेश जारी किया गया है।

केंद्र सरकार से प्राप्त मदर सैंक्शन की धनराशि का उपयोग चालू वित्तीय वर्ष में योजना के अंतर्गत किया जाएगा। इस वित्तीय व्यवस्था का उद्देश्य योजना के अंतर्गत पात्र निराश्रित और विधवा महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए पेंशन संबंधी खर्च को सुचारु बनाए रखना है।महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तीकरण के साथ उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता योगी सरकार की प्राथमिकता है। अपर मुख्य सचिव महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग लीना जौहरी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश में निराश्रित और विधवा महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। विधवा पेंशन योजना के माध्यम से जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक सहारा देने का लगातार प्रयास किया जा रहा है।



- विधवा पेंशन योजना के संचालन को मिलेगी और मजबूती
- कोई पात्र महिला पेंशन के लाभ से वंचित न रहे : लीना जौहरी

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्वीकृत 380 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि से योजना के संचालन और पात्र लाभार्थियों तक पेंशन का लाभ पहुंचाने में और मजबूती आएगी। हमारा प्रयास है कि कोई भी पात्र महिला सामाजिक सुरक्षा के इस लाभ से वंचित न रहे।

## खबरें एक नजर में

### इंडेन के सिलेंडरों की सप्लाई रुकी, हड़ताल पर ट्रांसपोर्टर

**लखनऊ।** राजधानी में इंडेन के गैस सिलेंडरों की सप्लाई गुरुवार को रुक गई। ट्रांसपोर्टर्स हड़ताल पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि इंडियन ऑयल कंपनी ने टेंडर में कहा था कि ढाई लाख रुपए का काम मिलेगा। आज हालात ये हैं कि एक लाख रुपए का भी काम नहीं मिल रहा है। ट्रांसपोर्टर्स का नुकसान हो रहा है। उनकी गाड़ियों के लोन पर बैंक के नोटिस आने लगे हैं। सरोजनीनगर स्थित अमौसी में इंडियन ऑयल एलपीजी गैस बॉटलिंग प्लांट के बाहर ट्रांसपोर्टरों सुबह 6 बजे से हड़ताल पर बैठ गए। ट्रांसपोर्टरों के अनुसार, प्लांट से प्रतिदिन के बजाय अब तीसरे या चौथे दिन ही किसी एक गाड़ी को लोड मिल पाता है। ट्रांसपोर्टरों ने यह भी बताया कि कभी-कभी सिलेंडर लेकर एजेंसी पहुंची गाड़ियों को दो-दो दिन तक खाली नहीं किया जाता, जिससे गाड़ियां वहीं खड़ी रहती हैं और ट्रांसपोर्टरों को अतिरिक्त नुकसान उठाना पड़ता है। पहले लखनऊ जिले के साथ-साथ बाहरी जिलों में भी सिलेंडरों की आपूर्ति की जाती थी। हालांकि, अब प्लांट अधिकारियों ने बाहरी जिलों के लिए लोड भेजना बंद कर दिया है, और आपूर्ति केवल लखनऊ शहर तक सीमित कर दी गई है।

### कांग्रेस हर जिले में मनायेगी पेरियार रामास्वामी की जयंती

**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश के हर जिले में आगामी 17 सितम्बर को पेरियार रामास्वामी नायकर की जयंती मनायेगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेशकांग्रेस कमेटी के प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने गुरूवार को दी। वह माल एवेन्यू स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में धनगर, पाल, बघेल समाज की राजनैतिक भागीदारी संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि समाज की राजनीतिक भागीदारी संगठन में एवं चुनाव में भी सुनिश्चित की जाएगी और यह भी कहा कि समाज का एक बड़ा प्रोग्राम राहुल गांधी के नेतृत्व में किया जाएगा जिससे कांग्रेस को उत्तर प्रदेश में मजबूती मिल सके। उन्होंने महापुरूषों को याद करते हुए कहा कि पेरियार रामास्वामी नायकर जो दक्षिण के रहने वाले थे उन्होने अंध विश्वास, पाखण्ड को दूर करने के लिए बहुत बड़ी लड़ाई लड़ी। वह पाल, बघेल, धनगर समाज से आते थे। राष्ट्रीय ओबीसी विभाग के उपाध्यक्ष ओम प्रकाश महतो ने कहा कि राहुल गांधी पाल समाज के हक और हकूक की लड़ाई लड़ेंगे और इस समाज के राजनैतिक पिछड़ेपन को दूर किया जाएगा। यह कार्यक्रम चोब सिंह धनगर के संयोजकत्व में सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों से पाल, बघेल, धनगर समाज के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में डा0 के0पी0 पाल, रघुराज सिंह पाल, सुभाष पाल, सोनेलाल बघेल, प्रतिभा अटल पाल, जबर सिंह, शेखर पाल, सम्पत पाल, सत्यदेव, संजय सिंह, संदीप पाल, विमलेश पाल, गुलशन पाल, , हरिलाल पाल एड0, चोब सिंह बघेल, सुभाष बघेल, उमेश बघेल आदि सैंकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एलडीए ऑफिस में लगी जनता अदालत

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के गोमतीनगर वाले ऑफिस में गुरुवार को जनता अदालत लगी। इसमें मेहरबान नाम का दृष्टिबाधित फरियादी पहुंचा। उन्होंने बताया कि पिछले दो साल से एलडीए के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उन्हें अपने मकान में कब्जा नहीं मिल सका है। मेहरबान ने बताया कि उन्होंने 1998 में एलडीए की ईडब्लयूएस योजना में मकान लिया था। आर्थिक दिक्कतों के कारण रजिस्ट्री समय पर नहीं करा सके। वर्ष 2024 में उनकी पत्नी के नाम मकान की रजिस्ट्री हुई। लेकिन जब वह मकान देखने पहुंचे तो वहां न्यू कैम्ब्रिज स्कूल चलता मिला। उनका आरोप है कि 4/132, 4/133 और 4/134 मकानों में स्कूल संचालित हो रहा है। जनता अदालत में अपनी पीड़ा बताते हुए महरबान ने कहा कि एलडीए की ओर से उन्हें पत्र भेजकर बताया गया कि वह मकान में रह रहे हैं। इस पर उनका सवाल था कि जब मकान में स्कूल चल रहा है तो वह वहां कैसे रह सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों से मौके पर जांच कराने की मांग की। महरबान ने कहा, साहब, हम रहते हों तो हमें चोर की सजा दो। आप न्याय कराइए, जांच कराइए। उनका कहना है कि वह तीसरी-चौथी बार जनता अदालत में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे हैं। हर बार उन्हें कार्रवाई और जांच का आश्वासन मिलता है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

### अवैध डेयरियों पर कार्रवाई जारी

**लखनऊ।** नगर निगम ने पारा इलाके में अवैध रूप से चलाई जा रही डेयरियों पर फिर एक्शन लिया है। गुरुवार सुबह मोहान रोड के पास और काकोरी मोड़ आदि के मोहल्लों में 3 थानों की पुलिस, एक कंपनी पीएसी बल और ईटीएफ(एन्क्रोचमेंट टास्क फोर्स) के साथ नगर निगम की कैटल कैचर टीम पहुंची। हेलमेट, डंडे और बुलेट प्रूफजैकेट में तैनात जवानों ने डेयरियों का घेराव किया और निगम टीम ने भैंसें उठवानी शुरू कर दीं। 6 मोहल्लों से 38-40 भैंसें उठवा लीं। इससे पहले टीम ने मंगलवार को ऐसा ही एक्शन लिया था। उस दिन नगर निगम ने 200 से ज्यादा भैंसों को ठाकुरगंज स्थित कांजी हाउस भेजा गया था। नगर निगम और पुलिस टीम ने यह सख्ती 16 अगस्त को हुए हमले के बाद की है। दरअसल, उस दिन अवैध रूप से डेयरी चलाने वाले लोगों ने टीम पर ईंट-पत्थर और भैंस बांधने वाली लोहे की मोटी चेन से हमला कर दिया था। एक दरोगा को बुरी तरह से पीटा गया, जिसमें उनके सिर पर गंभीर चोटें आई थीं। ठाकुरगंज, पारा और सआदतगंज थाना सहित नगर निगम के ईटीएफबल के करीब 100 जवान मौजूद रहे। पारा पिंक सिटी, बुद्धेश्वर विहार, गढ़ियाना में अभियान चलाया गया। उसके बाद काकोरी मोड़ के पास स्थित नरौना गांव और महाम सिटी में अभियान चलाया गया। अधिकतर लोग अपनी भैंसें लेकर भाग गए थे।

# किसानों, युवाओं व महिला उद्यमियों की आय में वृद्धि मुख्य लक्ष्य : केशव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी ने आज अपने सरकारी आवास पर जापानी प्रतिनिधिमण्डल के लखनऊ आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक में व्यवस्थाओं एवं तैयारियों की समीक्षा की।

बैठक में अपर मुख्य सचिव खाद्य प्रसंस्करण सहित उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय के अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों को जापानी प्रतिनिधिमण्डल के प्रस्तावित दौरे को प्रदेश की औद्योगिक, कृषि एवं निर्यात क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए निर्देशित किया कि जापानी प्रतिनिधिमण्डल के समक्षयूपी की खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों द्वारा उत्पादित गुणवत्तापूर्ण एवं स्थानीय स्तर पर तैयार की जा रही सामग्रियों का प्रभावी प्रस्तुतिकरण किया जाए।

- जीआई टैग उत्पादों को बढ़ावा देना सरकार की प्राथमिकता
- भोज्य सामग्रियों का बड़े पैमाने पर विदेशों में निर्यात बढ़ाया जाए

'एक जनपद-एक उत्पाद' योजना के अंतर्गत निर्मित एवं प्रख्यापित उत्पादों का प्रस्तुतिकरण किया जाए ताकि प्रतिनिधिमण्डल उत्तर प्रदेश की स्थानीय उत्पादन क्षमता, पारंपरिक कला-कौशल तथा आधुनिक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की संभावनाओं से परिचित हो सके।

उत्तर प्रदेश विविध कृषि उत्पादों, पारंपरिक खाद्य पदार्थों, हस्तशिल्प एवं विशिष्ट स्थानीय उत्पादों की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध प्रदेश है।

प्रदेश के अनेक उत्पादों को जीआई टैग प्राप्त है, जिनकी देश-विदेश में व्यापक मांग है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य स्पष्ट और सरल है कि उत्तर प्रदेश के जीआई टैग प्राप्त उत्पादों एवं विशिष्ट भोज्य सामग्रियों का बड़े पैमाने पर विदेशों में निर्यात बढ़ाया जाए। इससे प्रदेश के किसानों, उद्यमियों, महिला उद्यमियों तथा युवाओं की आय में वृद्धि होगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

### वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में आगे बढ़ रहा भारत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत वैश्विक निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश में विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बेहतर वातावरण, पारदर्शी व्यवस्था तथा सरल और सुगम प्रक्रियाओं को निरंतर मजबूत किया जा रहा है। जापानी प्रतिनिधिमण्डल के साथ संवाद से प्रदेश में निवेश, तकनीक, खाद्य प्रसंस्करण और निर्यात के क्षेत्र में नए अवसर विकसित होने की संभावनाएं हैं। उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनोमी बनाने के लक्ष्य की दिशा में ऐसे अंतरराष्ट्रीय सहयोग और निवेश महत्वपूर्ण कदम हैं। डबल इंजन सरकार प्रदेश सरकार किसानों, उद्यमियों, महिलाओं और युवाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने तथा उत्तर प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# इकोनॉमी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा डेयरी उद्योग : धर्मपाल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश में उन्नत स्वस्थ गोवंश को बढ़ावा देने तथा प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लिए दुग्ध विकास विभाग द्वारा संचालित नन्द बाबा दुग्ध मिशन, दुग्ध प्रोत्साहन नीति-2022 के प्रचार-प्रसार के लिए और प्रदेश के डेयरी सेक्टर में पूंजी निवेश को आकर्षित करने के उद्देश्य से सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में मण्डलवार 'डेयरी कॉन्क्लेव' स्वर्णिम दुग्धामृत संवाद समागम कार्यशालाओं के आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि बरेली, मुरादाबाद एवं लखनऊ मण्डल कृषि, पशुपालन और डेयरी क्षेत्र की समृद्ध संभावनाओं वाले महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं, जो प्रदेश के डेयरी विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य दुग्ध उत्पादन के साथ-साथ दुग्ध प्रसंस्करण, वैल्यू एडिशन, कोल्ड चेन और डेयरी उद्योग की पूरी वैल्यू चेन को मजबूत करना है, जिससे किसानों की आय बढ़े और महिलाओं व युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हों। उन्होंने विश्वास जताया कि बरेली मुरादाबाद एवं लखनऊ मण्डल प्रदेश के प्रमुख डेयरी हब बनकर उत्तर प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



# न शिक्षक हैं न पेयजल, लाठी नहीं सही नीयत से काम ले सरकार : मायावती

- बसपा प्रमुख ने यूपी के सरकारी स्कूलों की बदहाली पर जताई चिंता



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश समेत पूरे उत्तर भारत में सरकारी स्कूलों की जर्जर हालत को लेकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने केंद्र और राज्य सरकारों पर तीखा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2013 के बाद जन्मे बच्चे (जेन-अल्फा) आज बेहतर शिक्षा के लिए तरस रहे हैं। जिन मासूमों के हाथ में किताब और खेलने के दिन हैं, वे बुनियादी सुविधाओं के लिए सड़कों पर उतरकर संघर्ष करने को मजबूर हैं।

मायावती ने कहा कि उत्तर भारत के राज्यों में स्कूलों की बदतर हालत के कारण छात्र और उनके माता-पिता बेहद चिंतित हैं। अच्छी शिक्षा और उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद में अब ये लोग भी मुखर हो चुके हैं। बच्चे अपनी शुरुआती शिक्षा के लिए जरूरी बुनियादी सुविधाओं के अधिकार की मांग को लेकर स्कूल ठीक करो जैसे अभियानों से जुड़कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सरकारी स्कूलों की व्यवस्था सुधारने के बजाय सरकारें लगातार इसकी अनदेखी कर रही हैं। यह एक प्रकार से शोषितों-वंचितों के आरक्षण की तरह ही पूरी शिक्षा व्यवस्था को निष्क्रिय बनाने का कुचक्र है। इसके तहत हजारों सरकारी स्कूल बंद किए जा रहे हैं। आज स्कूलों में न तो भवन ठीक हैं, न पर्याप्त शिक्षक हैं और न ही पेयजल, शौचालय या साफ-सफाई जैसी मूलभूत जरूरतें पूरी हो रही हैं। मायावती ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर के शिक्षित बनो के आह्वान के कारण बहुजन समाज के लिए स्कूली शिक्षा हमेशा से प्राथमिकता रही है। बसपा की चारों उत्तर प्रदेश सरकारों में दबे-कुचले और शोषित वर्ग के बच्चों के हित में शिक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया था, ताकि हर परिवार को रोटी, रोजी और शिक्षा-युक्त आत्म-सम्मान का समतामूलक जीवन मिल सके।

यूपी और उत्तर भारत के अन्य राज्यों की सरकारें जेन-अल्फा मासूम बच्चों की बेहतर शिक्षा संबंधी मांगों पर पूरी सहानुभूति, सही नीयत और नीति से काम करें। अपने हक और बुनियादी सुविधाओं के लिए आवाज उठा रहे मासूम छात्र-छात्राओं पर सरकारें किसी भी प्रकार के बल प्रयोग से पूरी तरह से परहेज करें।

# भाजपा विधायक ने लगाया जातिगत भेदभाव का आरोप

- पासी समाज ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए कुर्बानी दी : कौशल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की मलिहाबाद विधानसभा से भाजपा विधायक जय देवी कौशल ने काकोरी कस्बे के शीतला माता मंदिर के शिलान्यास व भूमिपूजन के दौरान जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया है। विधायक जय देवी पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर की पत्नी हैं। वह बुधवार को काकोरी के शीतला माता मंदिर के शिलान्यास कार्यक्रम में पहुंची थी।

कार्यक्रम से लौटने के बाद उन्होंने वीडियो जारी कर कहा कि वो मंदिर के जीर्णोद्धार समारोह में गईं थी, जहां उन्हें पूजा नहीं करने दी गयी। उन्होंने बताया कि ये हाल तब हुआ जबकि इस मंदिर का जीर्णोद्धार का प्रस्ताव उन्होंने ही पास करवाया था। मैं वहां खड़ी रही मंदिर प्रशासन की ओर से मुझे उचित सम्मान नहीं मिला और पूजा भी नहीं करने दी। विधायक के पति और पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने भी इस पर गंभीर आपत्ति जताई है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा कि पासी समाज ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी कुर्बानी दी है और प्रताड़ना भी झेली है लेकिन जिस तरह काकोरी के शीतला माता मंदिर पर मलिहाबाद विधानसभा क्षेत्र की विधायक जयदेवी कौशल का पूर्व निर्धारित जीर्णोद्धार भूमि पूजन करने से एक साजिश के तहत रोककर अपमानित किया गया यह कृत्य निंदनीय है।



वहीं मंदिर के प्रबंधक रमाकांत गुप्ता ने विधायक के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि मंदिर सभी जातियों और वर्गों के लिए खुला है और यहां किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जाता। लखनऊ ग्रामीण के भाजपा जिलाध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने हिन्दुस्थान समाचार से कहा कि गलती हुई है, लेकिन जानबूझकर ऐसा नहीं किया गया है। स्थानीय विधायक से पूजा करानी चाहिए थी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि स्थानीय कार्यकर्ताओं ने बताया कि ठेकेदार ने गलती की है।

### छात्रवृत्ति से वंचित छात्रों को मिलेगा दोबारा मौका, एक सितंबर से खुलेगा पोर्टल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में तकनीकी कारणों से दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित पात्र छात्र-छात्राओं को एक और मौका मिलेगा। बड़ी पहल करते हुए समाज कल्याण विभाग 01 सितंबर से छात्रवृत्ति पोर्टल दोबारा खोलेगा। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग और अल्पसंख्यक वर्ग समेत सभी पात्र छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा। छात्रवृत्ति की धनराशि पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से सीधे बैंक खातों में भेजी जाएगी और भुगतान 29 सितंबर से 02 अक्टूबर तक किया जाएगा। वर्ष 2025-26 में तकनीकी कारणों से कुल 3,16,057 छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित रहे।

# जापान संग रिश्तों को नई उड़ान देगा उत्तर प्रदेश

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश और जापान के बीच रिश्तों को नई ऊंचाई देने की दिशा में शुक्रवार का दिन बेहद अहम होने जा रहा है। जापानी प्रतिनिधिमंडल की यूपी विजिट के तीसरे दिन लखनऊ में निवेश, उद्योग, शिक्षा, पर्यटन, स्वास्थ्य, एमएसएमई और महिला सशक्तीकरण जैसे क्षेत्रों में व्यापक संवाद होगा। दिन की शुरुआत जापानी प्रतिनिधिमंडल की राज्यपाल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट के साथ होगी, जबकि इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले चार सेक्टोरल सेशन इस आयोजन के प्रमुख आकर्षण रहेंगे। समापन सत्र को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संबोधित करेंगे। वहीं, आज जापानी प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आगरा में ताज की खूबसूरती का दीदार किया। फोटो खिंचवाये और विजिटर्स बुक पर अपने अनुभव लिखे इस दौरान प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी रहे।

उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से जापानी प्रतिनिधिमंडल को प्रदेश की औद्योगिक क्षमता, निवेश की संभावनाओं और विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों से रूबरू कराने के लिए पूरे दिन कार्यक्रमों की श्रृंखला तैयार की गई है। खास बात यह है कि दिनभर होने वाले संवाद केवल औपचारिक मुलाकातों तक सीमित नहीं रहेंगे बल्कि जापान-उत्तर प्रदेश के बीच दीर्घकालिक आर्थिक और संस्थागत साझेदारी की जमीन तैयार करने पर केंद्रित होंगे।

शुक्रवार सुबह जापानी प्रतिनिधिमंडल राजभवन पहुंचकर उत्तर प्रदेश के राज्यपाल से शिष्टाचार मुलाकात करेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर प्रतिनिधिमंडल की भेंट वार्ता प्रस्तावित है। इन मुलाकातों के जरिए दोनों पक्षों के बीच आपसी संबंधों, निवेश और सहयोग की संभावनाओं को लेकर उच्चस्तरीय संवाद होगा। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल दिनभर विभिन्न सेक्टोरल कार्यक्रमों में हिस्सा लेगा।

# संजय ने एसआईटी की क्लीन चिट पर उठाए सवाल

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने गुरुवार को लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए राम मंदिर प्रकरण में आरोप लगाया कि पूर्व में गठित स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) की रिपोर्ट का एक पन्ना गायब कर दिया गया था।

संजय सिंह ने कथित तौर पर गायब पन्ना नंबर छह को पत्रकारों के समक्ष सार्वजनिक किया।

संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने वर्तमान एसआईटी अध्यक्ष किरन एस. को पत्र लिखकर 26 अहम दस्तावेज सौंपने के लिए मिलने का समय मांगा है। एसआईटी रिपोर्ट की कॉपी दिखाते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता वाली एसआईटी रिपोर्ट से पन्ना नंबर छह गायब कर दिया गया था, जो अब मिल गया है। इस पन्ने में साफ लिखा है कि बैंक के साथ तय नियमों (एसओपी) को शिथिल किया गया, जिसके कारण मंदिर में चोरी और गबन की परिस्थितियां उत्पन्न हुईं।



- एसआईटी रिपोर्ट का एक पन्ना गायब किया गया
- सरकार कार्रवाई करने के बजाय क्लीन चिट क्यों दे रही
- गायब पन्ना नंबर छह को पत्रकारों के समक्ष किया सार्वजनिक

संजय सिंह ने सवाल उठाया कि जो लोग प्रभु श्री राम के मंदिर के नाम पर आए पैसे में भी भ्रष्टाचार कर रहे हैं, उनके खिलाफ योगी और मोदी सरकार सख्त कार्रवाई करने के बजाय उन्हें क्लीन चिट का कवच क्यों दे रही है?

सांसद ने बताया कि उन्होंने वर्तमान एसआईटी अध्यक्ष किरन एस. को ईमेल भेजकर मिलने का समय मांगा है। वे पूर्व में दिए गए 13 दस्तावेजों के अलावा 13 नए (कुल 26) दस्तावेज सौंपना चाहते हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एसआईटी ने इन पुख्ता सुबूतों के आधार पर निष्पक्ष जाँच नहीं की, तो वे खुद सारे कागजात लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएँगे।

**सराहनीय** — मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य को सुरक्षित करने में असरदार जननी सुरक्षा योजना

# यूपी में संस्थागत प्रसव बढ़ने से मातृ मृत्युदर में आई गिरावट

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

प्रसव के दौरान मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश में शुरू की गई जननी सुरक्षा योजना (जेएसवाई) लगातार असरदार साबित हो रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में एक अप्रैल से नौ अगस्त तक सात लाख से अधिक संस्थागत प्रसव इसका उदाहरण हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक कई जिलों में योजना के बेहतर क्रियान्वयन का असर दिखाई दे रहा है। सरकार के इन प्रयासों से मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) को कम करने में सफलता मिल रही है।

सचिव स्वास्थ्य एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि योगी सरकार की ओर से सुरक्षित प्रसव पर जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पर आर्थिक सहायता (ग्रामीण क्षेत्र में 1,400 रुपये और शहरी क्षेत्र में 1,000 रुपये) दी जाती है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को घर पर प्रसव के बजाय अस्पताल या स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव कराने के लिए प्रोत्साहित करना है। योजना से मिलने वाली धनराशि प्रसव से जुड़े खर्चों में मदद करती है और महिलाओं को सुरक्षित प्रसव सेवाओं तक पहुंचने के लिए प्रेरित करती है। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में योजना के बेहतर प्रदर्शन से स्पष्ट है कि संस्थागत प्रसव को लेकर जागरूकता बढ़ रही है। पश्चिम के हाथरस, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हरदोई, कानपुर देहात, मुजफ्फरनगर, बागपत तो पूरब से जौनपुर, अम्बेडकरनगर और सोनभद्र ने योजना के क्रियान्वयन और लाभार्थियों तक भुगतान पहुंचाने में अच्छा प्रदर्शन किया है। सोनभद्र से मुजफ्फरनगर तक का बेहतर प्रदर्शन यह दर्शाता है कि जननी सुरक्षा योजना प्रदेश में सुरक्षित मातृत्व की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. अंजू अग्रवाल के अनुसार संस्थागत प्रसव केवल प्रसव की जगह बदलने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मां और नवजात दोनों की सुरक्षा से सीधे जुड़ा है। अस्पताल में प्रसव होने पर प्रसव के दौरान होने वाली जटिलताओं की समय रहते पहचान और उपचार संभव होता है। जरूरत पड़ने पर प्रशिक्षित चिकित्सक, स्टाफ नर्स, दवाएं, रक्त की उपलब्धता और आपातकालीन सेवाएं भी दी जाती हैं। इससे मातृ एवं नवजात मृत्यु के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है। योजना का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य विभाग के फील्ड कर्मचारियों की भूमिका भी अहम है। गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच, संस्थागत प्रसव और उपलब्ध सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ उन्हें समय पर स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाने का काम किया जाता है।

### नौ अगस्त तक 5,43,661 लाभार्थियों का हो चुका भुगतान

स्वास्थ्य सचिव डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि जननी सुरक्षा योजना के तहत एक अप्रैल से नौ अगस्त तक कुल संस्थागत प्रसव 7,17,736 के सापेक्ष 5,43,661 लाभार्थियों का भुगतान हो चुका है। इनमें हाथरस, मैनपुरी, फिरोजाबाद, हरदोई, कानपुर देहात, मुजफ्फरनगर, जौनपुर, बागपत, अम्बेडकरनगर व सोनभद्र ने उत्कृष्ट कार्य किया है। इन सभी जिलों में 80 प्रतिशत से अधिक लाभार्थियों का भुगतान हो चुका है। सिर्फ सिद्धार्थनगर, बहराइच व अलीगढ़ में 50 प्रतिशत या उससे कम भुगतान हुआ है जिसके लिए स्थानीय अधिकारियों को सभी अवरोध दूर कर शत प्रतिशत लाभार्थियों का भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं।

# गौतम मौर्या हत्याकांड में आरोपी के मकान पर चला योगी का बुलडोजर

## मृतक के माता-पिता ने मुख्यमंत्री से मिलकर की थी कार्रवाई की मांग, भारी पुलिस बल और पीएसी की मौजूदगी में प्रशासन ने कराई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

- महिला बोली- मकान न गिराते, सजा देते, अब बच्चों को लेकर कहां जाएं

**समृद्धि न्यूज, कांट शाहजहांपुर।**





थाना क्षेत्र में 31 जुलाई की रात हुए चर्चित गौतम मौर्या हत्याकांड के बाद गुरुवार को जिला प्रशासन ने आरोपियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। प्रशासन की टीम ने हत्याकांड के आरोपी बताए जा रहे समीर अली समेत दोनों आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर चलाने की कार्रवाई शुरू की। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल और पीएसी तैनात रही। प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में मकानों को खाली कराने के बाद वुलडोजर कार्रवाई आगे बढ़ाई गई। गौतम मौर्या हत्याकांड के बाद से ही आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग लगातार उठ रही थी। मृतक के माता-पिता ने लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की थी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के साथ उनके मकानों पर बुलडोजर चलाने की मांग की थी। इसके बाद जिला प्रशासन की ओर से मामले में कार्रवाई की तैयारी शुरू की गई थी।

गौरतलब है कि 31 जुलाई की रात गौतम मौर्या की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के बाद से ही मृतक के परिजन आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे थे। गुरुवार को जब प्रशासन की टीम आरोपियों के मकानों पर बुलडोजर लेकर पहुंची तो मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया। कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी के जवान भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए। अधिकारियों की निगरानी में मकान खाली कराने की प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

**बुलडोजर कार्रवाई से पहले छलका महिला का दर्द:** कार्रवाई शुरू होने से पहले मकान खाली कराए जाने के दौरान परिवार की एक महिला का दर्द कैमरे के सामने छलक पड़ा। महिला रोते हुए अपनी पीड़ा बताती नजर आई। उसने कहा कि इस मकान में पांच लोग रहते हैं और उनका परिवार करीब 80 वर्षों से यहां रह रहा है। महिला के मुताबिक उनका परिवार लंबे समय से इसी मकान में रह रहा है और मकान का नियमित रूप से टैक्स भी जमा करता रहा है। ऐसे में अचानक मकान पर बुलडोजर की कार्रवाई से पूरा परिवार सदमे में है। रोते हुए महिला ने कहा कि मकान न गिराते, समीर को सजा देते। उसका कहना था कि यदि किसी व्यक्ति ने अपराध किया है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन मकान टूटने से परिवार के दूसरे लोगों के सामने भी मुसीबत खड़ी हो जाएगी।

**भारी पुलिस बल रहा तैनातः** बुलडोजर कार्रवाई को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। मौके पर कई थानों की पुलिस के साथ पीएसी को तैनात किया गया। अधिकारियों की निगरानी में कार्रवाई कराई गई, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। मकान ध्वस्तीकरण के दौरान क्षेत्र में लोगों की भीड़ भी जमा रही। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोगों को कार्रवाई स्थल से दूर रखा। प्रशासनिक अधिकारी पूरे घटनाक्रम पर नजर बनाए रहे।

### अब बच्चों को लेकर कहां जाएं

महिला ने प्रशासन से भावुक अपील करते हुए कहा कि घर टूटने के बाद वह अपने बच्चों और परिवार को लेकर कहां जाएगी। उसने कहा कि घर केवल ईंट और सीमेंट से बनी इमारत नहीं है, बल्कि परिवार की वर्षों की मेहनत, बच्चों की यादें और जिंदगी उससे जुड़ी हुई है। महिला ने कहा कि परिवार में बच्चे और लड़कियां हैं। ऐसे में मकान टूट जाने के बाद उनके सामने सिर छिपाने तक की जगह नहीं बचेगी। उन्होंने प्रशासन से कार्रवाई से पहले परिवार की स्थिति को समझने और रहने की व्यवस्था पर विचार करने की मांग की महिला ने कहा कि वर्षों से रह रहे परिवार को अचानक बेघर करने से उनके सामने बड़ा संकट खड़ा हो जाएगा। उन्होंने प्रशासन से गुहार लगाई कि कम से कम बच्चों और परिवार की स्थिति को देखते हुए कोई रास्ता निकाला जाए।

### परिजनों की मांग के बाद तेज हुई कार्रवाई

गौतम मौर्या की हत्या के बाद उसके परिजन लगातार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान भी परिजनों ने अपनी पीड़ा रखते हुए आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। अब प्रशासन की ओर से बुलडोजर कार्रवाई किए जाने के बाद मामले ने एक बार फिर जिले में चर्चा पकड़ ली है। हालांकि, जिस मकान में परिवार के अन्य सदस्य रह रहे थे, वहां कार्रवाई से पहले महिला के रोने और परिवार की बेबसी का वीडियो सामने आने के बाद लोगों के बीच यह सवाल भी उठ रहा है कि ध्वस्तीकरण के बाद प्रभावित परिवार के रहने की व्यवस्था कैसे होगी। महिला ने प्रशासन से इसी को लेकर गुहार लगाई है। फिलहाल प्रशासन की ओर से आरोपियों के मकानों पर की गई कार्रवाई के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी गई है। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई प्रशासनिक अधिकारियों की निगरानी में जारी रही।

### नईबस्ती में सत्र परीक्षा में बच्चों ने उत्साहपूर्वक किया प्रतिभाग

**शाहजहांपुर।** जनपद के समस्त परिषदीय प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, कंपोजिट एवं पीएम श्री विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों की प्रथम सत्र परीक्षा 19 अगस्त से शुरू होकर 24 अगस्त तक आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में विकासखंड भावलखेड़ा के प्राथमिक विद्यालय नईबस्ती में भी सत्र परीक्षा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुरू हुई। परीक्षा में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। परीक्षा को निष्पक्ष एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षामित्रों ने कक्ष निरीक्षक के रूप में अपने दायित्वों का विधिवत निर्वहन किया। विद्यालय में निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार शांतिपूर्ण वातावरण में परीक्षा कराई गई। प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी के साथ शिक्षक दिनेश आनंद, प्रेक्षा अवस्थी एवं गौरी मिश्रा ने परीक्षा व्यवस्था की देखरेख की और विद्यार्थियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार तिवारी ने बताया कि परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों के शैक्षिक स्तर का आकलन करना तथा उनकी विषयवार प्रगति की जानकारी प्राप्त करना है। परीक्षा के दौरान विद्यालय में अनुशासन एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया।

## खबरें एक नजर में

### बकरी के गेहूं खाने को लेकर विवाद, डंडों से मारपीट का आरोप

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गांव रक्शा में घर के बाहर सुखाए जा रहे गेहूं को बकरी के खाने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद मामला मारपीट तक पहुंच गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। गांव निवासी शिवसरन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अगस्त को उसके घर पर गेहूं सूख रहे थे। इसी दौरान पड़ोस की बकरी वहां आ गई और गेहूं खाने लगी। इस पर उसकी पत्नी ने पड़ोस की मीरा देवी से बकरी हटाने के लिए कहा। आरोप है कि इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। शिवसरन का आरोप है कि उसी दिन शाम करीब आठ बजे नन्हू, उसकी पत्नी मीरा देवी और बेटी पिंकी लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट कर दी। मारपीट में उसे गुम और खुली चोटें आईं।

### 23 अगस्त को खिलाड़ी चलेंगे शतरंज की चालें

**शाहजहांपुर।** जिला शतरंज खेल संघ के तत्वावधान में स्व. प्रमोद कुमार शुक्ला मेमोरियल ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन 23 अगस्त को शहनाई मैरिज लॉन, लोधीपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग कर सकेंगे। एसोसिएशन के सचिव विपिन अग्निहोत्री ने बताया कि प्रतियोगिता स्व. प्रमोद कुमार शुक्ला की स्मृति में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता सुबह 9 बजे से शुरू होकर देर शाम तक चलेगी। प्रतियोगिता स्विस लीग सिस्टम के आधार पर कराई जाएगी। इसके लिए जिला शतरंज खेल संघ की ओर से विश्वजीत विक्रम को आर्बिटर नियुक्त किया गया है। आयोजन सचिव अभिषेक शुक्ला ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 3,000, द्वितीय पुरस्कार 2,500 तथा तृतीय पुरस्कार 2,200 रखा गया है। इसके अलावा अन्य ग्रुप के विजेता खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिए जाएंगे। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में पंजीकरण कराने के लिए जिला शतरंज खेल संघ के मोबाइल नंबर 93070 54106 पर संपर्क किया जा सकता है।

### ट्रॉली चोरी के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सिंधौली, शाहजहांपुर। ट्रॉली चोरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना सिधौली क्षेत्र के गांव करनैयापुर निवासी रामेश्वर ने सिंधौली कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 19 जुलाई की रात करीब 1.30 बजे उनकी डबल जुट्टा ट्रॉली, जिसका रंग लाल और पट्टी पीली है, निजी स्थान पर खड़ी थी। इसी दौरान अज्ञात व्यक्ति ट्रॉली चोरी कर ले गए। पीड़ित के मुताबिक ट्रॉली फतेहगंज पूर्वी में बनवाई गई थी। चोरी के बाद उन्होंने आसपास जानकारी की तो पता चला कि कटिया बुजुर्ग गांव निवासी विनीत और मुकेश ने गांव के ही दिनेश के सहयोग से ट्रॉली को चोरी कर ले गए हैं। रामेश्वर की तहरीर के आधार पर पुलिस ने विनीत और मुकेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपियों से पूछताछ के साथ ही चोरी गई ट्रॉली की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### विश्व फोटोग्राफी दिवस पर वरिष्ठ फोटोग्राफर सम्मानित

**शाहजहांपुर।** विश्व फोटोग्राफी दिवस पर शहीद उद्यान में फोटोग्राफर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश शाहजहांपुर के माध्यम से वरिष्ठ फोटोग्राफरों को एसोसिएशन ने सम्मानित किया। जिसमें अशोक गोयनका धर्म प्रकाश निझावन , राकेश बहल, विजय कुमार , को संगठन के द्वारा विश्व फोटोग्राफी दिवस के उपलक्ष में सम्मानित किया गया। जिसमें जनपद के जिला प्रभारी पंकज राठौर, अध्यक्ष अरुणेश अग्निहोत्री ,महामंत्री फहीम ,उपाध्यक्ष मनोज कुमार ,राकेश कुमार चौरसिया ,जितेंद्र मेहता, कोषाध्यक्ष दीप कुमार सक्सेना ,मंत्री गोपाल मिश्रा, फरीद मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश और जिले के सदस्यों व अन्य फोटोग्राफर रोहित कुमार, रोहित प्रजापति, अजय सोनी, रजत मौर्य, पवन, विजय, संदीप, पीयूष अवस्थी, अंश मेहरोत्रा, सूरज कुणाल, अमित राज, श्री कृष्णा शर्मा, शशि शर्मा और भी आदि सदस्यों ने मिलकर विश्व फोटोग्राफी दिवस को हर्ष के साथ मनाया।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**बंडा, शाहजहांपुर।** बंडा पुलिस ने गुरुवार को रात्रि गश्त के दौरान पुवायाँ-बण्डा रोड स्थित टेढ़ा पुल के पास चेकिंग में एक आरोपी रेहान पुत्र मजीद (20) निवासी ग्राम अब्दुल कलाम, थाना निगोही को गिरफ्तार किया। उसके पास से बिना नंबर प्लेट की चोरी की एचएफडीलक्स बाइक व एक वीवो मोबाइल बरामद हुआ। पूछताछ में उसने बाइक अपने साथियों जैद व कबीर के साथ निगोही से चोरी करना बताया। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### पूर्व संचालक की टोल कर्मियों से नोकझोंक

**पुवायां, शाहजहांपुर।** किसान सहकारी चीनी मिल के पूर्व संचालक व किसान नेता पर्वत सिंह यादव ने बताया कि वह कृषि संबंधित कार्य से नियामतपुर कृषि विज्ञान केंद्र गए थे। वापस में लौटते समय महनंदपुर टोल प्लाजा पर उनकी गाड़ी का टोल कर्मियों ने रोक लिया। उन्होंने कहा वह किसान नेता है और एक किसान यूनियन के पदाधिकारी हैं और किसान सहकारी चीनी मिल के पूर्व संचालक हैं। इसके बाबजूद टोल कर्मियों ने उनकी एक न सुनी और टोल कटवाने की दबाव बनाने लगे, इस बीच काफी नोकझोक हुई। इसके बाद किसान नेता अपने साथियों के साथ टोल प्लाजा पर धरना पर बैठ गए। जिससे टोल कर्मियों में हडकंप मच गया। टोल मैनेजर ने आकर किसान नेताओं से वार्ता कर मामले को शांत कराया और कहा कि अगर आप लोग किसी यूनियन के पदाधिकारी या कार्यकर्ता हैं तो अपनी गाड़ी पर यूनियन पर स्टीकर या झंडा लगाकर चलें। हालांकि श्री यादव ने टोल कर्मियों के व्यवहार की भृत्सना की है और उन्होंने अपने साथ अभद्रता का आरोप लगाते हुए यूपी सीएम को पत्र लिखकर मांग की टोल कर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए। यदि ऐसा नही किया तो सभी किसानों की होने वाली बैठकों का बहिष्कार करने को बाध्य होंगे।

### बीए-एलएलबी व एलएलबी की द्वितीय वरीयता सूची जारी

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानन्द विश्वविद्यालय ने सत्र 2026-27 में बीए-एलएलबी तथा एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए द्वितीय वरीयता सूची जारी कर दी है। प्रभारी डॉ जयशंकर ओझा ने बताया कि द्वितीय वरीयता सूची में शामिल अभ्यर्थियों को 21 अगस्त 2026 तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करना होगा। निर्धारित तिथि के बाद इन अभ्यर्थियों के प्रवेश पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार जिन अभ्यर्थियों ने प्रवेश के लिए 8 अगस्त 2026 तक समर्थ पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया था, उन्हीं अभ्यर्थियों के नाम द्वितीय वरीयता सूची में शामिल किए गए हैं। अभ्यर्थियों से निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है। वहीं, जिन अभ्यर्थियों ने 15 से 18 अगस्त 2026 के बीच पंजीकरण कराया है, उनके लिए रिक्त सीटों के सापेक्ष 22 अगस्त 2026 को नई मेरिट सूची जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय ने अभ्यर्थियों को प्रवेश संबंधी सूचनाओं के लिए विश्वविद्यालय के सूचना पट तथा आधिकारिक वेबसाइट पर लगातार नजर रखने की सलाह दी है।

# बाबा बैजनाथ ज्योतिर्लिंग पर जल चढ़ाकर लौटे कांवड़ियों के जत्थे ने किया भंडारा

- कांवड़ जत्थे का पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



नगर के सत्रह सदस्यीय कांवड़ जत्थे ने हरिद्वार से जल भरकर बाबा बैजनाथ ज्योतिर्लिंग पर चढ़ाने के उपरांत नगर लौटकर घोड़ी वाले बाबा मंदिर पर विशाल भंडारा किया। वहीं हरिद्वार से गोला जा रहे कांवड़ जत्थे का नगर में भव्य स्वागत किया गया। गौर तलब है कि कांवड़ जत्था ने 28 जुलाई को तिलहर से हरिद्वार कुछ किया था। जहां से 30 जुलाई को साईकिलों से कांवड़ जत्था झारखंड में देवघर स्थित बाबा बैजनाथ धाम को रवाना हुआ था। 13 अगस्त को धाम पहुंचकर जत्थे के सभी भोले ने ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक किया। नगर बापसी पर बुधवार को नगर के निजामगंज स्थित घोड़ी वाले सिद्ध बाबा मंदिर में विशाल भंडारे का सामूहिक आयोजन किया। सर्व प्रथम कन्या भोज व ब्राह्मण भोज कराकर उन्हें दक्षिणा भेंट की गई। तदोपरांत आम जन को भंडारा प्रसादी का भोज किया गया। जो देर रात तक चला। इस मौके पर जत्था के महंत सुनील गुप्ता चोटी बाला, ब्रजेश गुप्ता, तुषार रस्तोगी, विपिन कुमार, विशाल गुप्ता, राहुल गुप्ता समेत जत्थे के सभी सदस्य शामिल रहे। उधर हरिद्वार से जल लेकर छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ जाने वाले फतेहगंज पूर्वी व नगर के कांवड़ जत्थे के शाम पांच बजे नगर पहुंचने पर सरऊ पुलिया से पुलिस की मौजूदगी में चुन्नू अग्रवाल, अरविंद शर्मा आदि ने नागरिकों के सानिध्य में पुष्प वर्षाकर स्वागत करते हुए नगर के पूर्वी तिराहे तक विदाई दी गई। इस दौरान नगर पालिका गेट पर ईओ सुनील कुमार ने पालिका स्टाफ के साथ जत्थे का पुष्प बरसाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर आरआई सुशांत कुमार, कमलदीप श्रीवास्तव, सभासद सत्येंद्र सिंह, अभिषेक सिंह, दीपक कुमार, विनय शुक्ला आदि शामिल रहे।

# चर्चित सहवेगपुर हत्याकांड में दीवान पर गिरी गाज

- एसपी सौरभ दीक्षित ने दीवान विजय प्रताप सिंह को किया निलंबित

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**

जनपद के तेज तर्रार और निष्पक्ष कार्यशैली के लिए जाने जाने वाले एसपी सौरभ दीक्षित ने कोतवाली के नगरिया मोड़ चैकी के दीवान विजय प्रताप सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दीवान विजय प्रताप सिंह इस चैकी पर लंबे अरसे से तैनात रहते हुए क्षेत्र में खासी पैठ बनाए हुए था। उसके तैनाती काल में चार चैकी इंचार्ज स्थानांतरित होने के बाद भी वह अब तक टिका हुआ था। चैकी क्षेत्र के गाँव सहवेग पुर में हाल ही 13 अगस्त को हुए चर्चित सुरेंद्र हत्याकांड में आरोपियों से मिली भगत के चलते फरार आरोपियों की गिरफ्तारी न किए जाने की मृतक की पत्नी व अन्य परिजनों ने एसपी के समक्ष पेश होकर शिकायत की थी। पीड़ित परिजनों ने बताया कि हत्याकांड से पूर्व नगरिया मोड़ चैकी पर उनके परिचित व्यक्ति की ट्रैक्टर ट्रॉली को रोके जाने के चलते वह छुड़ाने गए थे। आरोप है कि इसी दौरान दीवान विजय प्रताप सिंह ने फोन पर बात करते हुए केवल लाठी डंडों से ही पिटाई किए जाने की बात की थी। दीवान को यह नहीं पता था कि वह ट्रैक्टर-ट्रॉली बाला व्यक्ति उनका खास है। उक्त शिकायत को एसपी श्री दीक्षित ने गंभीरता से लेते हुए दीवान पर कार्यवाही करते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर है।

# उर्से ताजुल उरफा के दूसरे दिन कॉन्फ्रेंस और महफिले सिमाअ का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, मीरानपुर कटरा शाहजहांपुर।**



नगर की खानकाहे हुसैनिया कलीमिया मे चल रहे उर्से ताजुल उरफा का आज दूसरा दिन था। दिन का आगाज बाद नमाजे फज्र कुरआन ख्वानी के साथ हुआ। बाद नमाजे जुहर एक दीनी जलसे का एहतेमाम किया गया। जिसमें हिन्दुस्तान के मुख्तलिफ शहरो से आए उलेमा ने नवी करीम की विलादत, उनके मरातिब और अहले बैअते अतहार की फजीलत बयान की। महफिल का आगाज हाफिज शफीकुल इस्लाम ने कुरआन की तिलावत से किया। इसके बाद मदरसा अल जामियातुल चिश्तिया के तलबाअ ने नअते नबी गुनगुना कर सामईन के कुलूब को मुनव्वर किया। आखिर मे उलेमा इकराम ने तकारीर पेश की, जिसमे आकाए दो जहाँ की विलाद, शान और आपकी तालीमात पर रोशनी डाली गई। बाद नमाजे मगरिब लंगर का एहतेमाम किया गया जिसमें हर खासो आम सैराब हुआ। बाद नमाजे इशा महफिले सिमाअ का आयोजन किया गया। जिसमे देश मशहूर कव्वाल ने एक से बढ़कर एक कलाम पेश किए। अपने पीर की शान मे कलाम सुनकर आशिकघने मसरूर मिया तड़प उठे। नारा तकबीर से खानकाह गूँज उठी। हर तरफ नूर ही नूर बिखरा था मानो चाँद उतर कर खानकाहे हुसैनिया कलीमिया मे आ गया हो। अपने पीर का दीदार करके जायरीन के चेहरे खिल उठे। मानो दुनिया की सारी दौलत उन्हें मिल गई हो। साहिबे सज्जादा हजरत सैयद मसऊद अहमद कलीमी की सरपरस्ती मे और उनके छोटे भाई हजरत सैयद असद कलीमी की देखरेख में उर्स की तकरीबात को अंजाम दिया जा रहा है इस दौरान नायवे सज्जादा सैय्यद मुशाद अहमद कलीमी चिश्ती कादरी, सैय्यद मुजीब कलीमी, पूर्व चेयरमैन पति दानिश खान, समाजसेवी आरिश खान, समाजसेवी सगीर खान डभौरा वाले पूर्व सभासद किशवर अंसारी, शरीफ अहमद कलीमी, आसिफ कलीमी, याकूब अंसारी, एजाज अहमद, मास्टर रईस अहमद, गुड्डू खां शालू कलीमी, अफसर अंसारी, इमतेयाज, सुबहान कलीमी, आदि लोग मौजूद रहे।

# 255 वोट पाकर अक्षय कुमार बने कोटेदार

**समृद्धि न्यूज, सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।**



विकास खण्ड भावल खेड़ा की ग्राम पंचायत बादशाहनगर निवासी मृदुल वाजपेई की पत्नी रोली वाजपेई के नाम चलने वाली सरकारी राशन की दुकान करीब एक वर्ष पहले गड़बड़ी करने पर निरस्त कर दिया गया था। सरकारी राशन दुकान निरस्त होने पर पड़ोसी गाँव से राशन लेकर आने की दिक्कतों को दूर करने के लिए बृहस्पतिवार को एडीओ एजी मोती लाल, एडीओ पंचायत शशिबिंद पाल के सामने चुनाव कराया गया। इस मौके पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी दिनेश कुमार सिंह भारी पुलिस टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। गाँव बादशाहनगर के ग्रामीणों को शासन से सरकारी राशन दुकान से मिलने वाले राशन को दुकानदार रोली वाजपेई ने ग्रामीणों को बाजार में बिक्री करने पर ग्रामीणों की शिकायत पर एक वर्ष पहले सरकारी राशन की दुकान को निरस्त करते हुए एक किमी दूर स्थित पड़ोसी गाँव सुजातपुर की सरकारी राशन दुकान से अटैच कर दिया गया था। ग्रामीणों की माँग पर जिला पूर्ति अधिकारी ने सरकारी राशन की दुकान के लिए गाँव के प्रत्याशी अक्षय कुमार सिंह और डाल चन्द्र ने अपना नामांकन कराने पर चुनाव की तारीख घोषित कर दी गई। शासन से स्वीकृति तारीख पर दोनों पक्षों ने अपने वोटरों को प्राथमिक विद्यालय में एकत्रित कर दिया तथा सभी ने लाइन में लगकर गिनती करने पर अक्षय कुमार सिंह को 2 सौ 55 वोट मिले वहीं डाल चन्द्र को एक सौ 73 वोट मिलने पर 82 मतों से अक्षय कुमार सिंह को विजयी घोषित कर दिया गया। चुनाव को सम्पन्न कराने के लिए ग्राम प्रधान जगदेव ग्राम पंचायत अधिकारी बिरला देवी के साथ अन्य विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक सड़क के किनारे खाई में गिरने से युवक घायल

- राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान मौत
- दादी के अंतिम संस्कार में शामिल होने बिहार से जा रहा था बिजनौर

**समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।**

क्षेत्र के सीतापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खाई में गिरकर गंभीर रूप में घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही रोजा पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने गंभीर रूप में घायल युवक को उपचार के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज भेज दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि गुरूवार की दोपहर पीआरवी से सूचना प्राप्त हुई कि सीतापुर.बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर टेडी पुलिया के पास एक सड़क दुर्घटना हो गयी है। सूचना पर मौके पर पहुँचकर जानकारी की गयी तो ज्ञात हुआ कि जनपद बिजनौर के कोतवाली देहात के महुआ निवासी शब्बू पुत्र गफ्फार खां उम्र करीब 35 वर्ष अपनी मोटरसाइकिल से अपनी दादी के अंतिम संस्कार मे शामिल होने के लिए बिहार से बिजनौर को जा रहा थाए तभी रास्ते मे टेडी पुलिया के निकट अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे की तरफ गिरकर घायल हो गया है। मौके पर पुलिस बल द्वारा पहुंचकर उपचार के लिए एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल शाहजहाँपुर पहुँचाया गया और उसके परिजनो को सूचित किया गया। उपचार के दौरान शब्बू की मौत हो गयी। शव का पंचायतनामा नियमानुसार भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## उड़ान संस्था ने सर्वाइकल कैंसर टीककरण का कैम्प आयोजित किया



**शाहजहांपुर।** उड़ान एक उम्मीद संस्था ने सर्वाइकल कैंसर टीककरण का तीसरा कैम्प आयोजित किया। कैम्प एसएमवी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। जिसमें एसएमवी और गुरुनानक पाठशाला के 50 बच्चों का नि:शुल्क टीकाकरण किया गया। बता दें कि संस्था पिछले तीन वर्ष से सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में जागरूकता अभियान चला रही है, फलस्वरूप अब जागरूकता लोगों के बीच आ रही है। भारत सरकार द्वारा यह टीका नि:शुल्क लगाया जाता है, जोकि टीका बाजार में लगभग चार से पांच हजार में लगाया जाता है। टीके की डोज तीन लेनी पड़ती है, यानी गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर से बचाव के इस टीके की कीमत कग्रीब बारह से पंद्रह हजार तक चुकानी पड़ेगी जबकि सरकार द्वारा नि:शुल्क टीकाकरण मात्र एक ही कराना पड़ता है अब आवश्यकता है, जागरूकता की अभी यह टीका 14 से 15 वर्ष की आयु की बच्चियों के लिए उपलब्ध है। कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष नीलम गुप्ता, सचिव रेखा मोदी , एसएसएम की प्रधानाचार्य डा. मेघना मेंहदीरत्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक हरवंश सिंह, गुरुनानक स्कूल की शिक्षिका एवं टीकाकरण प्रभारी आसिफ उपस्थित रहे।

# स्कूल तक नहीं रास्ता, पगडंडी पर चलकर पहुंचे अफसर

- स्कूल की घंटी तो बजती है पर रास्ता न होने से शिक्षा की फिसल रही राह

**समृद्धि न्यूज, जैतीपुर, शाहजहांपुर।**



कागजों पर शिक्षा की उड़ान ऊंची है, पर जमीन पर अब भी बच्चे कीचड़ और पगडंडियों से जूझ रहे हैं। विकासखंड जैतीपुर के ग्राम पंचायत शाहाबाद के मजरा शिवनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय की यही तस्वीर गुरुवार को सामने आई, जब जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह और खंड विकास अधिकारी बाबूलाल वर्मा औचक निरीक्षण पर पहुंचे। विद्यालय तक पहुंचने के लिए कोई पक्का मार्ग ही नहीं है। मजबूरन अधिकारी-कर्मचारियों को भी खेतों के बीच बनी संकीर्ण पगडंडी के सहारे स्कूल तक जाना पड़ा। बरसात में यही पगडंडी कीचड़ और जलभराव से लबालब हो जाती है। ऐसे में बच्चों और शिक्षकों का रोज आना-जाना किसी इम्तिहान से कम नहीं। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में तैनात दोनों शिक्षक अनुपस्थित मिले। विद्यालय में कुल 55 में से 42 बच्चे मौजूद थे। दोनों शिक्षामित्र बच्चों की देखरेख में लगे मिले। पूछताछ में बताया गया कि एक शिक्षक मेडिकल अवकाश पर हैं और दूसरा अवकाश पर। खंड शिक्षा अधिकारी यशवंत सिंह ने बताया कि स्कूल के बीचों-बीच तालाब और चारों ओर निजी कृषि भूमि है। इसी कारण रास्ता नहीं निकल पा रहा है। बारिश होते ही हालात और बिगड़ जाते हैं। बच्चों के जूते कीचड़ से सन जाते हैं, अभिभावक भी डरे-सहमे रहते हैं। डीडीओ ऋषिपाल सिंह ने कक्षाओं, मध्याह्न भोजन और अभिलेखों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और कहा कि अवकाश की सूचना पहले से देना अनिवार्य है। साथ ही विद्यालय तक पक्का रास्ता बनवाने, जलभराव की समस्या दूर करने और मूलभूत सुविधाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही ग्राम पंचायत और राजस्व विभाग से समन्वय कर रास्ते का समाधान निकाला जाएगा।

# 'परीक्षा परिसर में मोबाइल-ब्लूटूथ व गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे'

**सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा की तैयारियों को बैठक**

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आगामी 23 अगस्त को आयोजित होने वाली सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा की लिखित मुख्य परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। परीक्षा के लिए निर्धारित 9 परीक्षा केंद्रों पर एक सत्र में सुबह 10 बजे से 12 बजे तक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी की जा रही हैं। परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। अपर जिलाधिकारी ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, सेक्टर एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती, परीक्षा केंद्रों की निगरानी तथा गोपनीय परीक्षा सामग्री की सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। एडीएम प्रशासन ने निर्देश दिए कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट परीक्षा से एक दिन पूर्व अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर आवागमन के मार्गों एवं वैकल्पिक मार्गों की जानकारी प्राप्त कर लें तथा परीक्षा केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करा ली जाएं।




उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखने के लिए आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। परीक्षा के दृष्टिगत सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। बरसात को देखते हुए परीक्षा केंद्रों तक आने-जाने वाले मुख्य एवं वैकल्पिक मार्गों का निरीक्षण कर जहां भी गड्ढे अथवा जलभराव की स्थिति हो, उसे तत्काल दुरुस्त कराया जाए, ताकि परीक्षार्थियों एवं परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों-कर्मचारियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के प्रयोग पर प्रभावी रोक के लिए जैमर की व्यवस्था भी की जाएगी। साथ ही परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों को अपडेट एवं क्रियाशील रखा जाए। परीक्षा प्रारंभ होने से निर्धारित समय पूर्व प्रश्नपत्रों के गोपनीय पैकेटों को संबंधित परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षित रूप से पहुंचाने तथा परीक्षा समाप्ति के बाद उन्हें निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सुरक्षित स्थान पर जमा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।एसपी सिटी ने परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन, ब्लूटूथ एवं अन्य संचार उपकरण तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। परीक्षा केंद्र के आसपास निर्धारित परिधि में अनधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश पर प्रभावी रोक सुनिश्चित की जाएगी। एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, डीआईओएस हरिवंश कुमार, सेक्टर मैजिस्ट्रेट, स्टैटिक मैजिस्ट्रेट सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस टीम ने दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार

**दो सप्ताह पूर्व नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था**

**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के थाना रोजा पुलिस टीम को बड़ी सफलता हासिल हुई हैं। टीम ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया हैं। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि 7 अगस्त को वादिनी की तहरीर के आधार पर राहुल पुत्र सुरेश, निवासी ग्राम सरही, थाना रोजा, जनपद शाहजहाँपुर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान पीड़िता के धारा 180 व 183 बीएनएसएस के बयानों के आधार पर पॉक्सो एक्ट की



धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियोग में वांछित आरोपी लगातार फरार चल रहा था। गुरुवार को थाना रोजा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में वांछित अभियुक्त राहुल को मुकरमपुर चैराहे के पास से दोपहर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### स्कूलों के 36 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण



**शाहजहांपुर।** मिशन सेफ फ्यूचर 2.0 के अन्तर्गत सीएमओ, डीआईओएस एवं बीएसए से समन्वय करते हुए परिवहन विभाग ने तिलहर तहसील में स्कूली वाहन चालकों हेतु नेत्र, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन अमर बाल विद्या मन्दिर में किया। शिविर में अमर बाल विद्या मन्दिर, राम मुरारी पब्लिक स्कूल, द रेनेशां अकादमी, सेण्ट मेरी, सिद्धार्थ कान्वेन्ट, नवोदित पब्लिक स्कूल खुदागंज आदि स्कूलों के 36 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण किया गया। एआरटीओ प्रशासन ने जनपद के समस्त विद्यालयों से अनुरोध है कि स्कूली बच्चों हेतु नियमानुसार मानक के अनुरूप ही वाहन संचालित करें यदि वाहन मानक के अनुरूप संचालित नहीं पायी जाती है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही जारी रहेगी।

### मेला देखने गई महिला से अश्लील हरकतें

**बंडा, शाहजहांपुर।** अपने मायके नागपंचमी मेला देखने गई महिला ने आरोपियों पर अश्लील हरकतें करने व विरोध करने पर लाठी डंडों से मारने पीटने का आरोप लगाते हुए एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। गांव कूरा निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 17 अगस्त को वह अपने पति के साथ नागपंचमी मेला देखने इंदलपुर गयी थी। तभी वहां गांव निवासी तीन युवक टहलते हुए आये। और अश्लील व भद्दे-भद्दे इशारे करने लगे और उसके पास गंदी नियत से आकर छूने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो उक्त लोग व दो अन्य युवकों ने गाली-गलौज कर उसे लात-घूंसों से मारना पीटना शुरू कर दिया। उसे बचाने आयी उसकी माँ, चाचा को भी उक्त लोगों ने जमकर मारा-पीटा। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया है कि डायल 112 पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। जिसके बाद वह थाना पहुंची जहां पर कोई कार्रवाई न होने पर पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### स्वच्छता का फीडबैक लेने वार्डों में पहुंचीं ईओ



**शाहजहांपुर।** पवित्र सावन माह में विशेष स्वच्छता अभियान व वार्डों में विशेष साफ सफाई अभियान नगर पालिका परिषद प्रशासन चला रहा है। इसी क्रम में पालिका ईओ कल्पना शर्मा ने विशेष स्वच्छता अभियान के अंतर्गत वार्ड संख्या 25 मोहल्ला परशुराम नगर में स्वच्छता एवं साफ-सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए तथा नगर में स्वच्छता व्यवस्था को निरंतर बेहतर बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही राजीव चैक से होकर गुजरने वाली कांवड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग की स्वच्छता, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विशेष निगरानी की गई। संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि कांवड़ यात्रा मार्ग पर निरंतर एवं प्रभावी सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा जाए तथा यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न होने पाए। बता दें कि नगर पालिका परिषद पुवायां द्वारा कांवड़ यात्रियों, श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों को स्वच्छ, सुरक्षित, व्यवस्थित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की निरंतर निगरानी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

### विधायक लोकेंद्र सिंह ने मृतकों के परिवार से मिलकर पोछे आंसू



**मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।** मध्य प्रदेश के भिंड में सोमवार की रात हुई सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई थी जिसमें सात मोहम्मदी विधानसभा क्षेत्र के गांव के और एक व्यक्ति शाहजहांपुर का रहने वाला है। विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह घटना के दिन क्षेत्र से बाहर थे वापस लौटते ही हादसे में जान गवाने वाले और घायलों के घर पहुंच कर उनका हाल जाना और हर संभव सहायता के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया है। गुरुवार को विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह लखनऊ से वापस लौटते ही सीधे बेला तुसिया गांव पहुंच कर घायलों से मुलाकात कर उनसे घटना का हाल जाना वहीं जान गवाने वाले परिवार से मिलते ही वह कुछ क्षण के लिए भावुक हो गए उन्होंने पीड़ित परिवारों के मुखिया को सरकार द्वारा हर संभव सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया है। वहीं पड़ोसी गांव हरना नारायनपुर और पसगवां ब्लॉक के गांव किशनपुर अजीज में मृतक के घर पहुंच कर परिवार का हाल-चाल लिया है। पीड़ित परिवारों को मिलने वाली सरकारी सहायता के लिए अधिकारियों को भी निर्देश दिए हैं। हादसे में घायलों के बेहतर इलाज के लिए कोई कमी न आने देने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने ग्राम प्रधान की तत्परता और मानवता की सराहना की है।

### तीन करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ बरामद

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एसटीएफ यूनिट व कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही के जरिए तीन करोड़ रुपए का नशीला पदार्थ बरामद किया है। दो तस्करों को धर दबोचकर उनके कब्जे से पौने तीन किलो अफीम व तीन सौ ग्राम एल्फ्राजोल (नशीला पाउडर) अपने कब्जे में लिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार शाम को मुखबिर की सूचना पर बरेली एसटीएफ यूनिट लीडर अमित कुमार व कोतवाली के एसआई गौरव कुमार ने देर शाम हाइवे स्थित सरऊ पुलिया से पूरब दिशा की ओरजाने बाली साइड लेन पर एक बुजुर्ग व उसके साथी युवक को धर दबोचा। दोनों तस्करों को कोतवाली लाया गया। पुलिस ने बताया कि पकड़े गए तस्करों में तिलहर कोतवाली क्षेत्र के गाँव खनपुरा निवासी बैजनाथ वर्मा व कांट थाना क्षेत्र के गाँव दुमका पुर निवासी भूपेंद्र शामिल हैं। एसआई गौरव कुमार ने बताया कि कई माह पूर्व बैजनाथ नशीले पदार्थ की तस्करी में जेल गया था। करीब 20 दिन पहले ही वह जमानत पर छूट कर आया था।

# रेल प्रशासन ने दुकानदारों को थमाए नोटिस

**सात दिनों के अंदर रखे अपना पक्ष अन्यथा होगी कार्रवाई**

**रोजा, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के रोजा और आसपास के क्षेत्रों में पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए रेलवे भूमि पर बनी दुकानों पर नोटिस चस्पा किए गए हैं। रेलवे प्रशासन ने दुकानदारों को चेतावनी दी है कि वे तय समय के अंदर मुरादाबाद मण्डल में अपनी बात रख सकते हैं अन्यथा विभाग द्वारा बलपूर्वक अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी। पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने रोजा में रेलवे जमीन पर कब्जा करने वालों को अनाधिकृत कब्जाधारियों की बेदखली अधिनियम 1971 की धारा 4 के तहत कारण बताओ नोटिस थमाए हैं। रेलवे ने 7 दिन की मोहलत दी गई है।उन्होंने चेतावनी दी कि यदि तय सीमा समाप्त होने के बाद रेलवे



सुरक्षा बल और स्थानीय प्रशासन अवैध कब्जादारों के विरूद्ध कार्रवाई कर सकती हैं। वही अचानक मिले इस नोटिस से रोजा के कई छोटे दुकानदार और गरीब परिवार चिंतित हैं। उनका कहना है कि वे लंबे समय से यहां रह रहे हैं और उनके पास रोजी-रोटी व रहने का अन्य कोई साधन नहीं है। इस संबंध में वरिष्ठ खण्ड अभियंता दीपक शर्मा ने बताया कि मुरादाबाद मण्डल के अवैध दुकानों का मामला लंबित चला आ रहा हैं, करीब 137 अवैध कब्जाधारियों को नोटिस दिये गये हैं, कि सात दिनों के अंदर अपना पक्ष मुरादाबाद डिवीजन के संपत्ति स्टेट आफीसर के समक्ष रख सकते हैं।

# मिर्जापुर क्षेत्र के युवा ध्रुव की डिजिटल उड़ान, 'इनवीजिया एक्स' हुआ लॉन्च

**समृद्धि न्यूज, मिर्जापुर, शाहजहांपुर।**

जिले में कटरी क्षेत्र के नाम से विख्यात रहे मिर्जापुर कलान क्षेत्र के युवा ध्रुव प्रताप सिंह ने आत्मनिर्भर भारत और डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए भारत का अपना स्वदेशी सोशल मीडिया एप 'इनवीजिया एक्स' तैयार किया है। बरेली स्थित फ्यूचर यूनिवर्सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में विधायक हरिप्रकाश वर्मा,वीर विक्रम सिंह प्रिंस, दिल्ली एमसीडी की स्थायी समिति के सदस्य एवं भाजपा युवा मोर्चा दिल्ली के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शशि यादव तथा यूनिवर्सिटी के चेयरमैन मुकेश गुप्ता की उपस्थिति में 'इनवीजिया एक्स' को प्ले स्टोर पर लॉन्च किया गया। इस दौरान एप के फाउंडर ध्रुव प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने कई वर्षों की



मेहनत के बाद इस सोशल मीडिया प्लेटफार्म को आमजन के लिए उपलब्ध कराया है। उन्होंने कहा कि एप को तैयार करते समय उपयोगकर्ताओं की प्राइवेसी और डाटा सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। उनका प्रयास है कि देश के लोगों को एक बेहतर और सुरक्षित स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफार्म उपलब्ध कराया जा सके। यूनिवर्सिटी के चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने कहा कि 'इनवीजिया एक्स' आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि आज देश के युवा तकनीक के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं और स्वदेशी डिजिटल प्लेटफार्म तैयार कर देश को नई दिशा दे रहे हैं। विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने ध्रुव प्रताप सिंह और उनकी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री से समय लेकर 'इनवीजिया एक्स' की टीम की मुलाकात उनसे कराने का प्रयास करेंगे। दिल्ली एमसीडी की स्थायी समिति के सदस्य शशि यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की युवा प्रतिभाओं द्वारा देश के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म तैयार करना युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक और सकारात्मक संदेश है। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं को प्रोत्साहन मिलने से देश डिजिटल क्षेत्र में और अधिक मजबूत होगा। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने ध्रुव प्रताप सिंह और उनकी टीम को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं देते हुए 'इनवीजिया एक्स' के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# एनडीआरएफ का बाढ़ संबंधी मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

मानसून पूर्व तैनाती के अंतर्गत 8वीं वाहिनी गाजियाबाद की मानसून प्री-पोजिशनिंग टीम 8(ड) द्वारा हनुमत धाम स्थित खन्नौत नदी में बाढ़ एवं जल आपदा से संबंधित एक मेगा मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। मॉक एक्सरसाइज के दौरान खिन्नोट नदी में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना पर टीम द्वारा तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि यह घटना वास्तविक नहीं थी, बल्कि बाढ़ आपदा के दौरान एनडीआरएफ की त्वरित प्रतिक्रिया, रेस्क्यू एवं राहत कार्यों की तैयारियों को प्रदर्शित करने हेतु आयोजित मॉक एक्सरसाइज का हिस्सा थी। अभ्यास के दौरान रेस्क्यू टीम ने नदी में बोट पलटने की स्थिति में स्वयं का बचाव करते हुए बोट को सुरक्षित रूप से सीधा करने का प्रदर्शन



किया। इसके पश्चात नदी में डूब रहे व्यक्ति का सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू किए गए व्यक्ति का मौके पर प्राथमिक चिकित्सकीय परीक्षण एवं आवश्यक प्राथमिक उपचार किया गया तथा बेहतर उपचार के लिए उसे एंबुलेंस के माध्यम से उच्च चिकित्सा केंद्र भेजने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। मॉक एक्सरसाइज में भीम सिंह, वीरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह, महावीर सिंह सहित एनडीआरएफ के लगभग 30 अन्य अधिकारी एवं कार्मिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। अभ्यास के दौरान एनडीआरएफ के अलावा पीएसी, निगम, पुलिस,सिविल प्रशासन तथा हनुमत धाम मंदिर प्रबंधन के कर्मचारियों ने भी सहयोग एवं समन्वय में भाग लिया। मॉक एक्सरसाइज को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक भी हनुमत धाम परिसर में उपस्थित रहे। इस अवसर पर हनुमत धाम प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनोद अग्रवाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने एनडीआरएफ द्वारा आयोजित मॉक एक्सरसाइज का अवलोकन किया तथा आपदा के समय विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय एवं त्वरित रेस्क्यू कार्यों की महत्ता की सराहना की। मॉक एक्सरसाइज का मुख्य उद्देश्य बाढ़ एवं जल आपदा के दौरान एनडीआरएफ की परिचालन तैयारियों, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता, रेस्क्यू तकनीकों तथा विभिन्न संबंधित विभागों के बीच समन्वय को मजबूत करना रहा।

# कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे सीडीओ, गायब शिक्षिका पर गिरी गाज

**छात्राओं के बीच बैठकर पढ़ाई और भोजन का लिया फीडबैक**

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेहजम में उस समय हलचल बढ़ गई, जब सीडीओ अभिषेक कुमार अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। बिना किसी पूर्व सूचना के पहुंचे सीडीओ ने मौके पर व्यवस्थाओं की हकीकत परखी। छात्राओं के बीच बैठकर उनसे पढ़ाई, भोजन और विद्यालय में मिल रही सुविधाओं के बारे में सीधे फीडबैक लिया। निरीक्षण के दौरान एक शिक्षिका के कई महीनों से विद्यालय से अनुपस्थित रहने का मामला सामने आया। सीडीओ ने मामले को गंभीरता



से लेते हुए संबंधित के विरुद्ध सेवा समाप्ति की कार्रवाई के निर्देश दिए। लंबे समय से ड्यूटी से गायब रहने पर हुई इस कार्रवाई से विद्यालय में जिम्मेदारी और अनुशासन को लेकर स्पष्ट संदेश गया। सीडीओ ने छात्राओं से एक-एक कर बातचीत की और कक्षा में उनके अधिगम स्तर को भी परखा। उन्होंने पढ़ाई से जुड़े सवाल पूछे, जवाब सुने और छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन और विषय की समझ के साथ आगे बढ़ने से बेहतर परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने छात्राओं से भोजन की गुणवत्ता, स्वाद, समय पर भोजन मिलने, साफ-सफाई तथा विद्यालय में उपलब्ध अन्य सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। छात्राओं ने बेझिझक अपनी समस्याएं और सुझाव सामने रखे। सीडीओ ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने विद्यालय की व्यवस्थाओं, छात्राओं की उपस्थिति, शिक्षण व्यवस्था और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आवासीय विद्यालय में रह रही छात्राओं की शिक्षा, सुरक्षा, भोजन और सुविधाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अतिरिक्त दहेज की खातिर विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**बंडा,शाहजहांपुर।** अतिरिक्त दहेज में पांच लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर बंडा पुलिस ने पति, सास-ससुर समेत सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नभीची निवासी देवकीनंदन की पुत्री विनीता देवी ने बताया कि उसकी शादी करीब पांच वर्ष पूर्व बरेली जिले के फतेहगंज पूर्वी थाना क्षेत्र के गांव हरेली निवासी प्रमोद कुमार के पुत्र विशाल के साथ हुई थी। शादी में पिता ने सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज दिया था, लेकिन पति विशाल, सास प्रभा देवी, ससुर प्रमोद कुमार, और आलोक, महिला ज्योति उर्फ रिक्की व देवर आनंद संतुष्ट नहीं थे। आरोप है कि ससुराल पक्ष पांच लाख रुपये नकद और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग को लेकर आए दिन उसके साथ मारपीट करता था। मायके वालों द्वारा अतिरिक्त दहेज देने में असमर्थता जताने पर पति ने ज्योति उर्फ रिंकी नामक महिला को कथित रूप से सौतन बनाकर घर में रख लिया। विवाहिता का आरोप है कि 15 जून को पति ने सास-ससुर और उक्त महिला के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की तथा जेवरात छीन लिए। इसके बाद 28 जून को पति विशाल उसे घर से निकालकर मायके गांव नभीची के पड़ोस में छोड़कर चला गया। पीड़िता ने बंडा थाने में प्रार्थना पत्र दिया, जिसे पुलिस ने समझौता केंद्र शाहजहांपुर भेज दिया। एक अगस्त को समझौता केंद्र में दोनों पक्षों को बुलाया गया, जहां आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उसकी नाबालिग बच्ची को जबरन छीन लिया। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बाढ़ के पानी के बीच ट्रैक्टर से गांव पहुंचे विधायक शशांक वर्मा

- निघासन के नया पुरैना में विधायक ने एसडीएम के साथ किया स्थलीय निरीक्षण
- राहत सामग्री वितरित कर दिया हरसंभव मदद का भरोसा

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की जमीनी स्थिति जानने के लिए निघासन विधायक शशांक वर्मा ने गुरुवार को एसडीएम यदुवीर सिंह के साथ तहसील निघासन के बाढ़ प्रभावित ग्राम नया पुरैना का स्थलीय भ्रमण किया। गांव तक पहुंचने के लिए विधायक और एसडीएम ट्रैक्टर से मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। विधायक ने बाढ़ प्रभावित ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि संकट की इस घड़ी में प्रशासन, सरकार एवं जनप्रतिनिधि उनके साथ हैं। उन्होंने ग्रामीणों से राहत



कार्यों से संबंधित जानकारी लेते हुए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधायक द्वारा प्रभावित ग्रामीणों को लंच पैकेट वितरित किए गए। उन्होंने जरूरतमंद परिवारों तक राहत सामग्री समय से पहुंचाने पर जोर दिया। एसडीएम ने भी ग्रामीणों से संवाद कर बाढ़ की स्थिति और स्थानीय स्तर पर उत्पन्न समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों से संवाद के दौरान आवागमन, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं से संबंधित विषयों पर जानकारी ली गई। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित परिवारों की जरूरतों के अनुसार राहत कार्यों को प्राथमिकता से संचालित करने के लिए कहा।

**बाढ़ प्रभावित गांव में पहुंची स्वास्थ्य टीम, बाटी औषधियां:** बाढ़ प्रभावित ग्राम नया पुरैना में सीएचसी निघासन की स्वास्थ्य टीम भी पहुंची। टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया तथा जीवनरक्षक एवं आवश्यक औषधियों का वितरण किया। टीम ने ग्रामीणों से स्वच्छ पेयजल, साफ-सफाई और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की अपील की।

**धौरहरा के बाढ़ प्रभावित गांवों में पहुंची राहत, राजस्व टीम ने बांटे लंच पैकेट:** एसडीएम राशि कृष्णा के नेतृत्व में राजस्व टीम ने तहसील धौरहरा के बाढ़ प्रभावित ग्राम गोडियाना, चंदौली, चकदहा, ओझापुरवा, गनापुर, डुंडकी, गौढ़ी, मांझासुमाली, मिर्जापुर मल्लपुर, परसा एवं कैरातीपुरवा में पहुंचकर ग्रामीणों को लंच पैकेट वितरित किए। टीम ने प्रभावित परिवारों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली तथा बाढ़ की स्थिति में प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

# जिलाधिकारी ने शुकुलपुरवा में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, सीतापुर।**

जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को महमूदाबाद तहसील क्षेत्र के शुकुलपुरवा गांव पहुंचकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर जलस्तर और बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया तथा प्रभावित ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करते हुए प्रभावित लोगों को आवश्यक सहायता समय से उपलब्ध कराएं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन उनकी सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। किसी भी समस्या की सूचना मिलने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति पर लगातार निगरानी रखने और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित तहसील प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

# नैमिषारण्य आश्रम से तीन छात्र लापता

**सीतापुर।** नैमिषारण्य स्थित श्री अध्यात्म विद्यापीठ ब्रह्मचर्य आश्रम आवासीय विद्यालय, नारदानंद आश्रम से वेद शिक्षा ग्रहण कर रहे तीन छात्र गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए। तीनों के एक साथ गायब होने की जानकारी मिलने पर आश्रम प्रबंधन और परिजनों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने छात्रों की तलाश शुरू कर दी है। आश्रम के आचार्य मोहित के अनुसार, सुबह करीब पांच बजे मंगल आरती के दौरान छात्रों की गिनती की गई थी, जिसमें तीनों छात्र मौजूद थे। करीब छह बजे प्रार्थना के समय दोबारा गिनती हुई तो तीनों छात्र गायब मिले। लापता छात्रों की पहचान 12 वर्षीय अनुकेश पुत्र सौरभ मिश्रा निवासी अल्लीपुर, हरदोई, करीब 13 वर्षीय हिमांशु पांडेय पुत्र अवधेश पांडेय निवासी आसरेवा, अयोध्या और 11 वर्षीय आर्यन गुप्ता पुत्र धर्मेंद्र गुप्ता निवासी दुबग्गा रिंग रोड, लखनऊ के रूप में हुई है। बताया गया कि हिमांशु का करीब एक माह पहले ही आश्रम में दाखिला हुआ था। नारदानंद आश्रम में करीब 150 विद्यार्थी रहकर शिक्षा ग्रहण करते हैं। तीनों छात्रों के लापता होने के बाद आश्रम प्रबंधन और परिजन संभावित स्थानों पर उनकी तलाश में जुटे हैं। स्थानीय दुकानदारों, राहगीरों और आसपास के लोगों से भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस संभावित रास्तों और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। थाना प्रभारी नवनीत मिश्रा ने बताया कि तीन छात्रों के लापता होने की सूचना मिली है। पुलिस टीम उनकी तलाश में जुटी है और सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। फिलहाल छात्रों के एक साथ लापता होने की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है।

# न्याय की गुहार लगाने पहुंचे व्यक्ति का कलेक्ट्रेट के बाहर रोने का वीडियो वायरल

**आरोप- डीएम आफिस से भगाया गया**

**लखीमपुर-खीरी।** फरधान थाना क्षेत्र के सैदापुर पुलिस चौकी अंतर्गत अम्बपुर गांव निवासी शिव भगवान शर्मा बुधवार को परिवार के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने राजस्व गांव हरिहरपुर स्थित अपनी जमीन की पैमाइश और खेत की निशानदेही कराने की मांग की। आरोप है कि जमीन को लेकर उनका पड़ोसी से विवाद चल रहा है। प्रार्थनापत्र में उन्होंने फसल खराब करने, गाली-गलौज और धमकी देने सहित अन्य आरोप लगाए हैं। शिव भगवान का कहना है कि



उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थनापत्र देकर खेत की पैमाइश कराकर स्पष्ट निशानदेही कराने की मांग की थी, ताकि विवाद का स्थायी समाधान हो सके। उनका आरोप है कि बुधवार को जब वह परिवार के साथ अपनी समस्या लेकर जिलाधिकारी से मिलने पहुंचे तो उन्हें कथित रूप से यह कहते हुए वहां से जाने को कहा गया कि, तुम बहुत चतुर हो। इसके बाद शिव भगवान कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर रोते हुए दिखाई दिए। इसी दौरान किसी ने उनका वीडियो बना लिया, जो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। वीडियो में वह न्याय की गुहार लगाते हुए जिलाधिकारी पर उन्हें वहां से भगा देने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह न्याय मांगने के लिए आए थे, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हुई। शिव भगवान ने प्रशासन से मामले की जांच कराकर खेत की पैमाइश और निशानदेही कराने की मांग की है। हालांकि, जिलाधिकारी की ओर से लगाए गए आरोपों पर तत्काल कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

## राष्ट्रीय गीत बनाम कांग्रेस

राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् को लेकर कांग्रेस के भीतर जिस तरह का विवाद सामने आया है, वह केवल एक राजनीतिक दल की पसंद-नापसंद का विषय नहीं है। यह प्रश्न देश की राष्ट्रीय भावनाओं, स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत और उन प्रतीकों के सम्मान से भी जुड़ा है, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता की चेतना को मजबूत किया। कांग्रेस के दिल्ली स्थित केंद्रीय कार्यालय में वंदे मातरम् के संपूर्ण गायन को लेकर सामने आए घटनाक्रम ने इस बहस को और गंभीर बना दिया है।

कांग्रेस की ओर से यह तर्क दिया जा रहा है कि 1937 से पार्टी की परंपरा वंदे मातरम् के केवल प्रारंभिक छंद गाने की रही है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी इसी निर्णय का हवाला दिया। लेकिन सवाल यह है कि 1937 में बनी राजनीतिक परिस्थिति और आज के स्वतंत्र भारत की परिस्थितियों को क्या एक समान माना जा सकता है?

वंदे मातरम् का इतिहास भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन से गहराई से जुड़ा हुआ है। लंबे समय तक कांग्रेस के अधिवेशनों में इसका पूरा गायन होता रहा और स्वतंत्रता सेनानियों के बीच यह राष्ट्रीय चेतना का महत्वपूर्ण प्रतीक बना रहा। बाद में इसके कुछ अंशों को लेकर मुस्लिम समाज के एक वर्ग की आपत्ति सामने आई। 1937 में कांग्रेस ने विवाद को देखते हुए इसके प्रारंभिक छंदों तक सीमित रहने का निर्णय लिया।

यहां इतिहास को उसकी पूरी पृष्ठभूमि के साथ देखने की आवश्यकता है। उस समय देश में हिंदू-मुस्लिम संबंध बेहद तनावपूर्ण थे और मुस्लिम लीग की राजनीति तेजी से अलगाववाद की दिशा में बढ़ रही थी। कांग्रेस नेतृत्व ने संभवतः यह उम्मीद की थी कि गीत के कुछ हिस्सों को हटाने से विवाद कम होगा और सांप्रदायिक एकता बनाए रखने में मदद मिलेगी। लेकिन बाद के घटनाक्रम ने दिखाया कि विभाजनकारी राजनीति केवल वंदे मातरम् तक सीमित नहीं थी।

आज स्थिति पूरी तरह अलग है। भारत एक संप्रभु गणराज्य है और उसके राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान संविधान तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना का हिस्सा है। इसलिए किसी राजनीतिक दल द्वारा किसी ऐतिहासिक निर्णय को अपनी स्थायी परंपरा बताकर वर्तमान परिस्थितियों में भी उसी रूप में लागू करना स्वाभाविक रूप से बहस का विषय बनता है। इस पूरे विवाद का सबसे महत्वपूर्ण पहलू कांग्रेस का राजनीतिक व्यवहार है। यदि किसी अवसर पर वंदे मातरम् के पूरे गायन को लेकर पार्टी के शीर्ष नेता असहज दिखाई देते हैं, तो स्वाभाविक रूप से सवाल उठेंगे। कांग्रेस को स्पष्ट करना चाहिए कि वह राष्ट्रीय गीत के संपूर्ण स्वरूप को लेकर असहज क्यों है और क्या 1937 के निर्णय को आज भी राजनीतिक रूप से बाध्यकारी मानती है।

दूसरा प्रश्न कांग्रेस की गठबंधन राजनीति से जुड़ा है। केरल में कांग्रेस मुस्लिम लीग के साथ गठबंधन में है। ऐसे में वहां वंदे मातरम् के गायन को लेकर अलग रुख दिखाई देने पर राजनीतिक आरोप लगना स्वाभाविक है। कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या अलग-अलग राज्यों में राष्ट्रीय गीत को लेकर अलग राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। राष्ट्रीय प्रतीकों के मामले में एक समान नीति होनी चाहिए।

हालांकि इस बहस में यह सावधानी भी जरूरी है कि पूरे मुस्लिम समुदाय को वंदे मातरम् के विरोध से जोड़ना उचित नहीं होगा। किसी भी समुदाय के भीतर अलग-अलग विचार हो सकते हैं। भारत की लोकतांत्रिक शक्ति इसी में है कि राष्ट्रीय प्रतीकों के सम्मान के साथ असहमति रखने वाले नागरिकों के अधिकारों की भी रक्षा हो।

कांग्रेस के सामने असली चुनौती यही है कि वह अपनी राजनीति को तात्कालिक चुनावी समीकरणों से ऊपर उठाकर राष्ट्रीय मुद्दों पर स्पष्ट दृष्टिकोण रखे। यदि पार्टी मानती है कि वंदे मातरम् के कुछ अंश ऐतिहासिक या धार्मिक कारणों से विवादित हैं तो उसे उसका तार्किक आधार देश के सामने रखना चाहिए। यदि वह राष्ट्रीय गीत के संपूर्ण स्वरूप को स्वीकार करती है तो उसे अपने आचरण में भी स्पष्ट रूप से दिखाना चाहिए। यह विवाद केवल कांग्रेस बनाम भाजपा का मुद्दा बनकर नहीं रहना चाहिए। वंदे मातरम् किसी एक दल की संपत्ति नहीं है। यह स्वतंत्रता संघर्ष की विरासत है। इसलिए इसके सम्मान का प्रश्न दलगत राजनीति से ऊपर होना चाहिए। कांग्रेस जैसी पुरानी राष्ट्रीय पार्टी से अपेक्षा की जाती है कि वह अपने इतिहास और स्वतंत्रता आंदोलन की विरासत के प्रति अधिक संवेदनशील रहे। राजनीतिक विरोध लोकतंत्र का स्वाभाविक हिस्सा है, लेकिन राष्ट्रीय प्रतीकों को राजनीतिक सौदेबाजी या गठबंधन समीकरणों का विषय बनाना उचित नहीं माना जा सकता।

आज जरूरत इस बात की है कि वंदे मातरम् को लेकर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से आगे बढ़कर इतिहास को तथ्यों के साथ समझा जाए। राष्ट्रीय गीत का सम्मान हो, किसी समुदाय की भावनाओं का अनावश्यक राजनीतिक इस्तेमाल न हो और राष्ट्रीय एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता मिले। यही लोकतांत्रिक भारत की परिपक्व राजनीति की पहचान होनी चाहिए।

### दो टूक




# अमेरिका की पाक नीति पर खुशफहमी न पालें


डॉ. मयंक चतुर्वेदी



श्रीनगर की धरती से अमेरिका के भारत में राजदूत सर्जियो गोर का यह कहना कि जम्मू-कश्मीर भारत का अहम हिस्सा है, निश्चित रूप से भारत के लिए कूटनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद किसी अमेरिकी राजदूत की यह यात्रा, कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था की सराहना और अमेरिकी नागरिकों के लिए जारी यात्रा सलाह की समीक्षा की संभावना, इन सबको भारत-अमेरिका संबंधों में बदलती परिस्थितियों के संकेत के रूप में देखा जा सकता है, किंतु इसके साथ ही भारत को सबसे अधिक सावधान रहने की भी आवश्यकता है।

वस्तुतः अमेरिका के इस बदले हुए रुख को पाकिस्तान पर भारत की स्थायी कूटनीतिक विजय या वॉशिंगटन के हमेशा के लिए नई दिल्ली के पक्ष में खड़े हो जाने के रूप में देखना एक भूल होगी। अमेरिका का भारत को लेकर पूर्व का रुख स्वयं इस बात का गवाह है कि वह परिस्थितियों के बदलते ही अपने मित्र, साझेदार और प्राथमिकताएं बदलता है इसलिए आज पाकिस्तान को लेकर अमेरिका की भाषा भारत के लिए सुखद भले हो, किंतु इसे अंतिम सत्य मान लेना दूरदर्शिता नहीं होगी।

हां, सर्जियो गोर की इस यात्रा को भारत के लिए सकारात्मक संकेत जरूर माना जाना चाहिए। पाकिस्तान के लिए भी यह संदेश महत्वपूर्ण है कि कश्मीर को लेकर वॉशिंगटन की सार्वजनिक भाषा पहले जैसी नहीं रही। पर ध्यान देने योग्य यहां यह भी है कि सकारात्मक संकेत और स्थायी नीति में अंतर होता है। भारत को इस अंतर को समझना होगा, जो लोग सर्जियो गोर के दिए बयान पर ज्यादा खुश हो रहे हैं और इसे बड़ा-चढ़ाकर प्रस्तुत कर रहे हैं, वे ज्यादा खुश न हों। ये अमेरिका है!

वस्तुतः आज जो लोग मान रहे हैं कि वॉशिंगटन ने पाकिस्तान को पूरी तरह छोड़ दिया है, उन्हें अमेरिकी विदेश नीति का इतिहास एक बार फिर पढ़ना चाहिए। शीतयुद्ध के शुरुआती दौर में अमेरिका ने पाकिस्तान को सोवियत प्रभाव के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार बनाया था। पाकिस्तान को सैन्य गठबंधनों से जोड़ना और उसे बड़े पैमाने पर सैन्य सहायता देना उस समय अमेरिकी योजना का हिस्सा था।

1950 और 1960 के दशक में पाकिस्तान को मिले अमेरिकी हथियार पैटन टैंक और एफ-86 एवं अन्य भारत-पाकिस्तान युद्धों में भारत पर इस्तेमाल हुए। अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों का सबसे चर्चित और भारत के लिए सबसे असहज अध्याय 1971 के युद्ध के दौरान सामने आया। तत्कालीन राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हेनरी किसिंजर पाकिस्तान के साथ खड़े थे। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई के बावजूद अमेरिकी प्रशासन ने इस्लामाबाद को पूरी तरह अलग-थलग नहीं किया, बल्कि जहां जरूरत पड़ी वह पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई दिया। तब युद्ध के निर्णायक दौर में अमेरिकी सातवें बेड़े की गतिविधियों को भारत पर दबाव के संकेत के रूप में देखा गया। अब ये अलग बात है कि भारत ने उस समय अपनी सैन्य और कूटनीतिक शक्ति के बल पर परिस्थिति को अपने पक्ष में बदला और अंततः बांग्लादेश का जन्म हुआ, अन्यथा तो इस अमेरिका ने भारत को कमजोर करने एवं पाकिस्तान से हार जाने के लिए हर परिस्थिति पैदा करने का प्रयास किया ही था।

1979 के बाद अफगानिस्तान में सोवियत हस्तक्षेप ने और रोनाल्ड रीगन प्रशासन के दौर में पाकिस्तान, अमेरिका का फ्रंटलाइन स्टेट बना। उसे आर्थिक और सैन्य सहायता मिली। एफ-16 लड़ाकू विमानों सहित हथियारों की आपूर्ति हुई और पाकिस्तान की खुफिया संरचना को अफगान युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका मिली। इसके दूरगामी प्रभाव सिर्फ अफगानिस्तान तक सीमित नहीं रहे। पाकिस्तान में विकसित हुआ आतंकवादी ढांचा बाद के वर्षों में भारत के लिए भी गंभीर चुनौती बना जो आज भी है। 1990 के दशक में कश्मीर पर अमेरिकी प्रशासन के भीतर ऐसे बयान भी सामने आए जिनसे भारत में तीखी प्रतिक्रिया हुई, लेकिन 1999 का कारगिल युद्ध अमेरिकी नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ लेकर आया। राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ पर सैन्य वापसी के लिए दबाव बनाया। इस परिवर्तन को लेकर हम सभी को यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि उक्त घटनाक्रम भारत के प्रति अमेरिकी प्रेम का परिणाम नहीं था। बदलती वैश्विक परिस्थितियां, पाकिस्तान की भूमिका और भारतीय उपमहाद्वीप में अमेरिकी हित इसके पीछे महत्वपूर्ण कारक थे। अतः यही बात वर्तमान परिस्थिति पर भी लागू होती है। आज अमेरिका चीन के बढ़ते प्रभाव का सामना करने के लिए भारत को महत्वपूर्ण साझेदार मानता है। भारत की विशाल अर्थव्यवस्था, लोकतांत्रिक व्यवस्था, सैन्य क्षमता, तकनीकी क्षमता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती भूमिका ने उसकी उपयोगिता अमेरिका के लिए बहुत बढ़ा दी है, इसलिए अमेरिका का भारत की ओर झुकाव वास्तविक है, किंतु इसका आधार अमेरिकी हित हैं न कि मानवीयता, मित्रता, भूगोल या अन्य कुछ।

सच यही है कि अमेरिका यदि भविष्य में किसी ऐसे क्षेत्रीय समीकरण की आवश्यकता महसूस करता है जिसमें पाकिस्तान उपयोगी हो, तो वॉशिंगटन उसके साथ फिर से लिपट जाएगा। यही अंतरराष्ट्रीय राजनीति का स्वभाव है। अमेरिका ने कई बार यही किया है। जिस पाकिस्तान को कभी सोवियत संघ के खिलाफ सबसे उपयोगी सहयोगी माना गया, उसी पाकिस्तान से बाद के वर्षों में आतंकवाद के मुद्दे पर अमेरिकी असंतोष खुलकर सामने आया। जिस भारत पर कभी कश्मीर को लेकर दबाव डाला गया, वही भारत आज अमेरिका के लिए हिंद-प्रशांत रणनीति का प्रमुख साझेदार है।

इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा संदेश यह है कि भारत को अमेरिका के बदले रुख से प्रसन्न होने के बजाय यह समझना चाहिए कि अमेरिका का रुख क्यों बदला है। भारत की बढ़ती आर्थिक शक्ति, सैन्य क्षमता, तकनीकी सामर्थ्य और वैश्विक प्रभाव ने उसे ऐसी स्थिति में पहुंचाया है जहां दुनिया की बड़ी शक्तियां उसकी अनदेखी नहीं कर सकतीं। वस्तुतः यही भारत की वास्तविक उपलब्धि है। सर्जियो गोर का श्रीनगर पहुंचकर जम्मू-कश्मीर को भारत का महत्वपूर्ण हिस्सा कहना निश्चित रूप से महत्वपूर्ण है। सुरक्षा व्यवस्था की सराहना और यात्रा सलाह की समीक्षा की संभावना भी सकारात्मक संकेत हैं। पर अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सबसे पुराना सत्य आज भी वही है, स्थायी मित्रता नहीं होती, स्थायी हित होते हैं। इसलिए भारत के लिए सबसे सुरक्षित रास्ता यही है कि वह अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करे, परन्तु अपनी शक्ति, अपनी कूटनीति और अपनी स्वायत्तता को किसी भी बाहरी शक्ति से ऊपर रखे और हम सब भी सर्जियो गोर के श्रीनगर में मुस्कुराते चेहरे को देखकर ज्यादा खुश न हों।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# दिमागी नक्सल : क्या सच इतना कड़वा होता है?

प्रवीण बांसल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले से देश को संबोधित करते हुए देशहित और समाजहित में चल रहे अनेक कल्याणकारी कार्यों और योजनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने दुनिया में तेजी से बदल रहे घटनाक्रमों और भारत के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी विस्तार से बात की। इसी क्रम में उन्होंने नए तकनीकी और डिजिटल युग में नैरेटिव गढ़ने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग माध्यमों और टूल्स को लेकर देशवासियों को सचेत किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की लड़ाई केवल जमीन पर नहीं, बल्कि दिमाग से भी लड़ी जाती है। इसी संदर्भ में उन्होंने 'दिमागी नक्सली' शब्द का इस्तेमाल किया।

प्रधानमंत्री के इस शब्द को लेकर विपक्षी नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री पी. चिदंबरम ने तो खुद को 'दिमागी नक्सली' कहे जाने पर गर्व महसूस करने की बात तक कही। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर इस शब्द को लेकर इतनी तीखी प्रतिक्रिया क्यों हुई? क्या प्रधानमंत्री ने किसी व्यक्ति या संगठन का नाम लिया था? जब किसी का नाम नहीं लिया गया तो फिर कुछ नेताओं को यह शब्द अपने ऊपर लिया हुआ क्यों महसूस हुआ? यहां 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत पूरी तरह फिट बैठती है। सच अक्सर कड़वा होता है। प्रधानमंत्री ने किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल का नाम नहीं लिया, लेकिन जिन लोगों ने बिना हथियार उठाए देश के भीतर वैमनस्य, विरोध, जहर और भेदभाव फैलाने वाले नैरेटिव को बढ़ावा दिया, उन्हें लगा कि यह उंगली सीधे उन्हीं की तरफ उठ रही है। लोकतंत्र में विचारों का विरोध करना अधिकार है, लेकिन सवाल यह है कि विरोध की सीमा कहां तक होनी चाहिए और राष्ट्रहित के सवाल पर राजनीतिक मतभेद किस हद तक उचित हैं। देश की राजनीति में अपना प्रभाव बनाए रखने और सत्ता को हर हाल में बचाए रखने के लिए राजनीतिक दलों ने समय-समय पर अलग-अलग शब्दों और नैरेटिव का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस भी इससे अछूती नहीं रही है। आपातकाल के बाद इंदिरा गांधी सरकार के कार्यकाल में संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी', 'पंथनिरपेक्ष' और 'अखंडता' जैसे शब्द जोड़े गए। आलोचकों का मानना है कि संविधान में इन शब्दों को जोड़कर उसकी मूल भावना को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। हालांकि, यह भी तथ्य है कि इन शब्दों को संविधान की प्रस्तावना में 42वें संविधान संशोधन के माध्यम से जोड़ा गया था और बाद में न्यायपालिका ने संविधान की मूल संरचना के सिद्धांत को स्पष्ट रूप से स्थापित किया।

राजनीति में शब्दों की ताकत बहुत बड़ी होती है। एक शब्द पूरे समाज की सोच को प्रभावित कर सकता है और एक नैरेटिव वर्षों तक राजनीतिक विमर्श को दिशा दे सकता है। यही कारण है कि राजनीतिक दल केवल नीतियों और योजनाओं के आधार पर चुनाव नहीं लड़ते, बल्कि जनता की सोच को प्रभावित करने वाले नैरेटिव भी तैयार करते हैं। सवाल यही है कि यदि कोई नैरेटिव समाज को बांटने, किसी समुदाय को बदनाम करने या देश के प्रति अविश्वास पैदा करने का काम करे तो उसे केवल राजनीतिक अभिव्यक्ति माना जाए या उसके व्यापक प्रभाव पर भी विचार किया जाए। आतंकवाद और नक्सलवाद के सवाल पर भी देश में लंबे समय से राजनीतिक बहस होती रही है। कश्मीर में आतंकवाद के कारण बड़ी संख्या में लोगों की जान गई और कश्मीरी हिंदुओं को अपने घर छोड़ने पड़े। यह भारत के आधुनिक इतिहास की सबसे दर्दनाक घटनाओं में से एक है। लंबे समय तक आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई केवल सुरक्षा बलों की बंदूक से नहीं, बल्कि वैचारिक स्तर पर भी लड़ी गई। आतंकवाद के समर्थकों के पक्ष में सहानुभूति पैदा करने वाले नैरेटिव और आतंकवाद को उचित ठहराने की कोशिशों ने समस्या को और जटिल बनाया।

मुंबई में 26/11 का आतंकी हमला भी भारत की सुरक्षा और राजनीतिक विमर्श के लिए महत्वपूर्ण घटना रहा। पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने मुंबई में निर्दोष लोगों को निशाना बनाया। अजमल कसाब के जिंदा पकड़े जाने के बाद यह स्पष्ट हुआ कि हमले के पीछे पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हाथ था। इस घटना ने आतंकवाद की वास्तविकता को दुनिया के सामने उजागर किया। इसके बाद भारत में 'हिंदू आतंकवाद' और 'सैफरन टेरर' जैसे शब्दों को लेकर भी राजनीतिक बहस हुई। लेखक का आरोप है कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार के दौर में कुछ मामलों को राजनीतिक नजरिए से देखने की कोशिश हुई और हिंदू समाज के एक वर्ग को आतंकवाद से जोड़ने का नैरेटिव तैयार किया गया। हालांकि, इन मामलों से जुड़े आपराधिक आरोपों और जांचों को राजनीतिक दावों से अलग रखकर अदालतों में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर देखना चाहिए। किसी भी समुदाय को सामूहिक रूप से आतंकवाद से जोड़ना न तो उचित है और न ही न्यायसंगत।

2014 में भाजपा सरकार बनने के बाद 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के नारे के साथ शासन की नई दिशा का दावा किया गया। देश की संस्कृति, परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत को सामने लाने पर जोर दिया गया। हजारों वर्षों की भारतीय सभ्यता के गौरव, देश के महापुरुषों, वीरों और शहीदों के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने की कोशिश हुई। अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का विकास और अन्य सांस्कृतिक परियोजनाओं को इसी व्यापक सांस्कृतिक पुनर्जागरण के हिस्से के रूप में देखा गया। लेकिन इस सांस्कृतिक बदलाव को लेकर भी राजनीतिक विवाद सामने आया।

आलोचकों ने इसे 'भगवाकरण' कहा। दूसरी ओर समर्थकों का तर्क रहा कि भारतीय संस्कृति और इतिहास को शिक्षा और सार्वजनिक जीवन में उचित स्थान देना किसी एक धर्म का प्रचार नहीं, बल्कि अपनी सभ्यतागत विरासत के प्रति सम्मान है। यह बहस आज भी भारतीय राजनीति और सामाजिक विमर्श का हिस्सा बनी हुई है। मीडिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सवाल भी इसी राजनीतिक संघर्ष से जुड़ा है। भारत में पत्रकारिता ने कठिन से कठिन दौर में सत्ता से सवाल पूछे हैं। आपातकाल इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उस समय सेंसरशिप और राजनीतिक दबाव के बावजूद पत्रकारों ने विभिन्न माध्यमों से जनता तक सूचनाएं पहुंचाईं। अनेक पत्रकारों ने अपने पेशे और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की कीमत चुकाई। 'पंजाब केसरी' और उसके पत्रकारों का इतिहास इस संदर्भ में महत्वपूर्ण है।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## बारिश में एक स्त्री...!

भीगती हुई शाम, वह चुपचाप खड़ी थी,
बादलों से नहीं, पुराने ख़त से बात करती।
बालों से टपकती बूँदें गालों पे ठहर जातीं,
आँखें-दूर आसमां में अनकहे उत्तर खोजतीं।
बारिश तो रोज़ होती है, मगर हर एक बूँद
एक जैसी कहीं भी न होती।
कुछ मिट्टी को भिगोती, कुछ यादों को।
उसके होंठों पर कोई शिकायत न थी,
बस, एक अधूरा-सा प्रश्न कोंध रहा था-
क्या? लौटकर आएगा वह मौसम,
जो कभी मेरे हिस्से में था?
पेड़ की छाँव उसे पूरा नहीं ढक पाई,
क्योंकि कुछ बारिशें बाहर नहीं, अंदर होती।
वह भीगती रही, आकाश को निहारती रही,
और बारिश उसके चेहरे से होकर
धीरे-धीरे उसकी ख़ामोशी में उतरती रही।
आज शायद वह उदास नहीं थी,
वह बस अपने भीतर बचे
एक छोटे-से सपने को बारिश से सींच रही थी।
क्योंकि कुछ स्त्रियाँ टूटकर भी नहीं बिखरतीं-
वे बारिश की तरह चुपचाप गिरती रहती हैं,
और किसी की सूनी ज़िंदगी में प्यारी
हरियाली लेकर आती हैं।



# सुपरफूड मखाने का दम : वैश्विक बाजार पर जमाई धाक

ओ.पी. पाल

भारतीय कृषि क्षेत्र में पिछले कुछ दशकों में कई पारंपरिक फसलों ने स्थानीय पहचान से निकलकर वैश्विक स्तर पर अपनी खास धाक जमाई है। इस श्रृंखला में सबसे नया और क्रांतिकारी नाम मखाना (फॉक्स नट) का है। कभी केवल धार्मिक पूजा-पाठ, उपवास और पारंपरिक भारतीय व्यंजनों तक सीमित रहने वाला मखाना आज वैश्विक स्वास्थ्य और पोषण बाज़ार में एक प्रीमियम सुपरफूड के रूप में स्थापित हो चुका है। पौष्टिक तत्वों से भरपूर होने, स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती वैश्विक जागरूकता और प्रोसेस्ड-फ्लेवर्ड स्नैक्स के रूप में इसकी लोकप्रियता ने मखाने की मांग को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई ऊंचाइयों पर पहुँचा दिया है। भारत, जो दुनिया का सबसे बड़ा मखाना उत्पादक देश है, इस समय एक मखाना क्रांति के मुहाने पर खड़ा है। यह बदलाव न केवल देश के कृषि-खाद्य निर्यात को मजबूत कर रहा है बल्कि बिहार जैसे राज्यों के ग्रामीण अर्थशास्त्र और किसानों की आय में गुणात्मक सुधार लाने का काम भी कर रहा है।

केंद्र सरकार की केंद्रीय बजट 2025-26 में की गई घोषणा के तहत 15 सितंबर 2025 को बिहार में राष्ट्रीय मखाना बोर्ड का औपचारिक शुभारंभ होने के बाद यह बोर्ड मखाने की पूरी वैल्यू-चेन को एकीकृत करने का काम कर रहा है। केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत सरकार ने 2025-26 से 2030-31 की अवधि के लिए 476.03 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है। यह राष्ट्रीय मखाना बोर्ड, करोड़ों रुपये की सरकारी योजनाओं और मिथिला मखाना के जीआई टैग के बल पर भारत को कृषि-खाद्य निर्यात के मामले में आत्मनिर्भर और विश्व गुरु बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। माना जा रहा है कि भविष्य में मखाना निःस्संदेह भारत के कृषि-क्रांति का सबसे चमकीला सितारा सिद्ध होगा। सरकार की इस योजना का ध्यान अनुसंधान, गुणवत्तापूर्ण बीजों का वितरण, मशीनीकरण, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग और निर्यात संवर्धन पर है, जिसमें किसान उत्पादक संगठनों के माध्यम से छोटे और सीमांत किसानों को सीधे बाज़ार से जोड़ा जा रहा है। इसलिए आज भारत में मखाना क्षेत्र एक ऐसा जीवंत उदाहरण बन रहा है, जिसमें पारंपरिक और स्थानीय कृषि-उत्पादों को सही नीतिगत समर्थन, तकनीकी नवाचार और ब्रांडिंग के जरिए वैश्विक पहचान का जरिया बनता नजर आ रहा है। यही नहीं दुनिया भर के सुपरमार्केट्स और डाइनिंग टेबल तक पहुँचा मखाना न केवल भारत का मान बढ़ा रहा है बल्कि लाखों ग्रामीण परिवारों की आर्थिक रीढ़ भी बन रहा है।



वैश्विक मखाना बाज़ार पर भारत का एकछत्र साम्राज्य है। दुनिया भर में आपूर्ति होने वाले मखाने का लगभग 80 से 85 प्रतिशत हिस्सा अकेले भारत से पहुंच रहा है। खास बात है कि देश के कुल मखाना उत्पादन में बिहार की हिस्सेदारी लगभग तीन-चौथाई (75 प्रतिशत) है। यानी बिहार के उत्तर और पूर्व स्थित कोसी और मिथिला-सीमांचल क्षेत्र मखाना की खेती का गढ़ बन चुका हैं। विशेष रूप से सुपौल, सहरसा, मधेपुरा, दरभंगा, मधुबनी, कटिहार और पूर्णिया जिले मखाना उत्पादन के मुख्य केंद्र हैं। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो भारत में मखाना उत्पादन में पिछले कुछ वर्षों में ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज की गई है। मसलन साल 2024-25 के दौरान भारत में कुल मखाना उत्पादन 63,910 मीट्रिक टन रहा, जिसकी औसत उत्पादकता 2.03 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर थी। जबकि साल 2025-26 में यह उत्पादन बढ़कर 80,590 मीट्रिक टन तक पहुँचने का अनुमान है, जिसमें उत्पादकता बढ़कर 2.34 मीट्रिक टन प्रति हेक्टेयर हो गई है। इस दौरान बिहार ने अकेले 60 हजार मीट्रिक टन मखाने का उत्पादन किया है। मखाना उद्योग के इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ तब आया जब बिहार के मिथिला क्षेत्र में उत्पादित मखाना को मिथिला मखाना के रूप में भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) प्रदान किया गया। जीआई टैग मिलने से कोई भी अन्य क्षेत्र अपने मखाने को मिथिला मखाना के नाम से गलत तरीके से नहीं बेच सकता। वहीं, जीआई टैग ने अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में मखाने की प्रामाणिकता और प्रीमियम छवि स्थापित करने में मदद ही नहीं की बल्कि इसने पीढ़ियों से इसकी खेती में लगे स्थानीय मल्लाह और किसान समुदायों के ज्ञान को वैश्विक पहचान दी है। इसके अलावा दरभंगा (बिहार) स्थित राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र ने इस पारंपरिक कार्य को तकनीक से जोड़ने में उल्लेखनीय कार्य किया है। केंद्र ने मैनुअल मेहनत को कम करने के लिए कई आधुनिक मशीनें विकसित की हैं।

भारत आज अपने कुल मखाना उत्पादन का लगभग 40 प्रतिशत यानी करीब 25 हजार मीट्रिक टन तक निर्यात करता है। पहले मखाने का कोई अलग एचएसएन (मानकीकृत वस्तु विवरण एवं कोडिंग प्रणाली) कोड नहीं था, जिससे इसके सटीक निर्यात आंकड़ों का पता लगाना मुश्किल था। लेकिन वर्ष 2025 में विदेश व्यापार महानिदेशालय ने पॉप्ड मखाना के लिए अलग मानकीकृत वस्तु विवरण एवं कोडिंग प्रणाली कोड जारी किया। वर्ष 2025-26 में भारत ने 19,296.08 लाख रुपये मूल्य के 7,264.89 मीट्रिक टन मखाना उत्पादों का निर्यात किया। एक आंकड़े के मुताबिक संयुक्त राज्य अमेरिका 40 प्रतिशत, कनाडा 20 प्रतिशत और संयुक्त अरब अमीरात 17 प्रतिशत यानी कुल निर्यात का 77 प्रतिशत हिस्सा खरीदते हैं। यद्यपि अमेरिका और यूएई में मात्रा अधिक है लेकिन जर्मनी, नेपाल, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन जैसे देश भारत को मखाने के लिए बहुत अधिक प्रीमियम कीमत दे रहे हैं। इससे निर्यातकों के लिए बाज़ार विविधीकरण का बड़ा अवसर पैदा हुआ है।

मखाना क्षेत्र के रणनीतिक महत्व को समझते हुए केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने इसे संगठित और आधुनिक बनाने के लिए ऐतिहासिक नीतियां लागू की हैं। दूसरी ओर देश का मखाना क्षेत्र केवल उत्पादन तक सीमित नहीं है बल्कि इसका आर्थिक ढांचा भी बहुत तेजी से बदल रहा है। घरेलू मांग और बाजार का आकार की दृष्टि से यह भारत में पॉप्ड मखाने की औसत मासिक खपत 3 हजार से 3,500 मीट्रिक टन है, जो त्योहारों के सीजन में बढ़कर 5 हजार मीट्रिक टन तक पहुँच जाती है। घरेलू बाज़ार में संगठित एफएमसीजी और स्नैक कंपनियों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ी है। फ्लेवर्ड मखाना आने से शहरी युवाओं और बच्चों के बीच इसकी लोकप्रियता कई गुना बढ़ गई है।

आजकल की व्यस्त जीवनशैली और अस्वास्थ्यकर खानपान के दौर में मखाना एक संपूर्ण और संतुलित आहार के रूप में उभरा है। वैज्ञानिक अध्ययनों से साबित हुआ है कि मखाने का पोषण स्तर कई पारंपरिक मेवों जैसे बादाम, काजू और अखरोट की तुलना में अधिक संतुलित है। मखाने में उपस्थिति और स्वास्थ्य लाभवसा नगण्य वसा (प्रति 100 ग्राम मात्र 0.33 ग्राम वसा) और प्रोटीन और अमीनो एसिडउच्च गुणवत्ता वाला प्रोटीन जिसकी पाचन क्षमता 95 प्रतिशत है। इसका एमिनो एसिड प्रोफाइल मछली के समान माना जाता है। ग्लाइसेमिक लोडकम ग्लाइसेमिक लोड के कारण यह डायबिटीज (मधुमेह) के मरीजों के लिए पूरी तरह सुरक्षित और फायदेमंद है क्योंकि यह माइक्रो-न्यूट्रीएंट्समैग्नीशियम, पोटैशियम, फॉस्फोरस, आयरन और कैल्शियम से भरपूर है। सोडियम की कम मात्रा इसे ब्लड प्रेशर और दिल के मरीजों के लिए बेहतरीन बनाती है। एंटी-एजिंग और एंटी-ऑक्सीडेंट इसमें मौजूद प्राकृतिक एंटी-ऑक्सीडेंट्स बढ़ती उम्र के असर को धीमा करते हैं और पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### बारिश से पेट्रोल पंप बना तालाब



**सुमेरपुर।** बुधवार की रात हुई झमाझम बारिश से कस्बे का पेट्रोल पंप तालाब बन गया। इससे पंप में आने वाले ग्राहकों को तमाम मुसीबतों का सामना करना पड़ा। 4 दिन से लगातार हो रही बारिश का कहर नजर आने लगा है। बुधवार की रात हुई बारिश से कस्बे के अंदर हाईवे किनारे बना पेट्रोल पंप जल भराव होने से तालाब बन गया। पेट्रोल पंप के मैनेजर ने बताया कि जल निकासी का रास्ता अवरुद्ध होने से पंप परिसर में जल भराव हुआ है।

### 50 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल आज

**हमीरपुर।** ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए जिला प्रशासन की ओर से 21 अगस्त से ग्राम चौपाल कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश पर प्रथम चरण में जनपद की 50 ग्राम पंचायतों में चौपाल आयोजित होंगी। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि चौपालों के संचालन और पर्यवेक्षण के लिए 25 अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रत्येक अधिकारी सुबह नौ बजे से चौपाल लगाएगा और पूर्वाह्न में एक तथा अपराह्न में दूसरी ग्राम पंचायत पहुंचकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेगा। सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा, मध्याह्न भोजन, स्वच्छता, राजस्व और विकास कार्यों से जुड़ी शिकायतों की सुनवाई होगी। स्थानीय स्तर पर निस्तारित होने वाली समस्याओं का मौके पर समाधान कराया जाएगा। उच्च स्तर से संबंधित मामलों को विभागीय समन्वय से प्राथमिकता पर निस्तारित कराया जाएगा। प्रशासन ने रोस्टर जारी कर अधिकारियों को समय से पहुंचकर शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं।

### हाइवे के जानलेवा गड्ढों को लेकर व्यापार मंडल ने दिया ज्ञापन



**सुमेरपुर।** कस्बा सुमेरपुर के मुख्य बाजार समेत पूरे नगर से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग की जर्जर स्थिति को लेकर नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर जानलेवा गड्ढों को जल्द से जल्द दुरुस्त कराने की मांग की है। जिलाधिकारी को दिये गये ज्ञापन में व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने अवगत कराया कि सुमेरपुर कस्बे के मुख्य बाजार व पूरे नगर क्षेत्र के हाइवे पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। सड़क की इस बदहाली के कारण आए दिन बाइक सवारों के गिरने जैसी दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिससे राहगीर और स्थानीय लोग लगातार चोटिल हो रहे हैं। व्यापारियों ने जनमानस और राहगीरों की सुरक्षा का हवाला देते हुए मांग की है कि एनएच-34 को तत्काल प्रभाव से गड्ढा-मुक्त कराया जाए, ताकि हादसों पर अंकुश लग सके और आवागमन सुगम हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल सुमेरपुर के अध्यक्ष महेश गुप्ता (दीपू) के अलावा, अनुज कुमार, अशोक कुमार, कैलाश, प्यारे लाल आदि शामिल रहे।

### गरौठा विधायक व नपा अध्यक्ष ने नई सड़क का किया भूमिपूजन

**गरौठा (झांसी)।** नगर पंचायत कार्यालय से मुंशिफ न्यायलय तक विधायक निधि से 165 मीटर लंबी बनाई जा रही सडक का गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत एवं नगर पंचायत अध्यक्ष डा. अरूण कुमार मिश्रा नें नई सीसी सडक का भूमिपूजन किया।लगभग 17 लाख की लागत से बनाई जा रही सडक बनने से न्यायलय तक जाने वाले वादकारियों, राहगीरों को हो रही असुविधा से निजात मिलेगी । इस मौके पर गरौठा विधायक ने कहा है कि प्रदेश सरकार सर्वा?धिक विकास कार्य करा रही है । जिसमें गॉव से स्टेट हाईवे तक सडक कार्य प्राथमिकता से करा रही है । उन्होने कहा है कि प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य विजली , पानी, सडक , स्वास्थ्य के अलावा व्यापारियों की सुरक्षा व युवाओं को रोजगार देने का कार्य लगातार कर रही है । इस मौके पर सतीश चंद्र अग्रवाल , नरेंद्र रावत , गोविंदनारायण गुप्ता , अनुराग उपाध्याय , कैलाश सोनी , देंवेंद्र गौतम , नितिन मिश्रा, जगदीश सागर , मनोज कुमार खरे , सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का दौरा आज

**झांसी।** प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का 21 अगस्त को जनपद भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री 21 अगस्त को सुबह 7:30 बजे सर्किट हाउस झांसी से दतिया, मध्य प्रदेश के लिए रवाना होंगे।इसके बाद सुबह 9 बजे मंत्री सिंचाई एवं जल संसाधन, सिंचाई यांत्रिक, बाढ़ नियंत्रण, परती भूमि विकास, लघु सिंचाई, भूगर्भ जल, नमामि गंगे एवं जल जीवन मिशन से जुड़े अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। बैठक में विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

### मंडलायुक्त-आईजी ने कांवड़ यात्रियों पर की पुष्पवर्षा



**झांसी।** सावन के पवित्र माह में आयोजित कांवड़ यात्रा के दौरान मंडलायुक्त बिमल कुमार दुबे एवं आईजी आकाश कुलहरि ने लखनऊ से आए विशेष हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रियों पर पुष्पवर्षा की। हेलीकॉप्टर ने सिद्धेश्वर मंदिर एवं इलाइट चौराहे के आसपास कई चक्कर लगाकर कांवड़ लेकर जा रहे श्रद्धालुओं पर पुष्प बरसाए और उनका उत्साह बढ़ाया। कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने संयुक्त रूप से विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर शांति व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# 33 स्कूलों व दो आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।**



जिलाधिकारी अभिषेक गोयल के निर्देश पर जनपद में विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राकेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर विकास यादव और सभी उप जिलाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में निरीक्षण किया। अधिकारियों ने कुल 33 प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों तथा दो आंगनवाड़ी केंद्रों में व्यवस्थाएं परखी। निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और अन्य व्यवस्थाओं की जांच की गई। एक विद्यालय में मध्याह्न भोजन निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिलने पर प्रधानाध्यापक और ग्राम प्रशासक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जा रहा है। वहीं, दूसरे विद्यालय में एक शिक्षक पिछले एक सप्ताह से बिना सूचना अनुपस्थित मिला, जिस पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की गई है। अधिकारियों के अनुसार शेष विद्यालयों में व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। सभी शिक्षक उपस्थित रहे और पठन-पाठन सुचारू मिला। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बच्चों की उपस्थिति और पौष्टिक मध्याह्न भोजन प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण अभियान आगे भी जारी रहेगा और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## चार प्रधानाध्यापक निलंबित, नौ को कारण बताओ नोटिस

**परिषदीय विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों के निरीक्षण में मिली अनियमितताएं**

**हमीरपुर।** विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में शिक्षकों व बच्चों की कम उपस्थिति तथा मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर मिल रही शिकायतों को जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने गंभीरता से लिया है। उनके निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग एवं संबंधित अधिकारियों ने अगस्त माह में सघन निरीक्षण अभियान चलाया। निरीक्षण में लापरवाही व अनियमितता मिलने पर चार प्रधानाध्यापकों को निलंबित किया गया, जबकि नौ प्रधानाध्यापकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता में लापरवाही मिलने पर भी नियमानुसार कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी ने शत-प्रतिशत शिक्षक उपस्थिति, बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा भोजन की गुणवत्ता व स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही मिलने पर आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

## जलभराव से लेकर छुट्टा गोवंश तक, गांवों की समस्याओं पर डीएम सख्त

हमीरपुर। ग्राम प्रधानों के साथ संवाद बैठक में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल ने ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम पंचायतों में स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने, जलभराव वाले स्थानों पर तत्काल सफाई और जल निकासी कराने तथा टाइड ग्रांट की धनराशि का प्रभावी उपयोग करने को कहा। सफाई कर्मियों को अपने निर्धारित क्षेत्रों में नियमित सफाई करने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए सरकारी बारात घरों से निर्धारित किराया वसूलने तथा उससे भवनों के रखरखाव और मरम्मत कराने को कहा। जिलाधिकारी ने छुट्टा गोवंश को तत्काल गौशालाओं में संरक्षित कराने और नलकूपों का संचालन निर्बाध रखने के निर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।


## जिला कारागार में बंदियों के लिए विशेष ध्यान शिविर आयोजित




**झांसी।** जिला कारागार में निरुद्ध बंदियों को मानसिक तनाव से राहत दिलाने, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार एवं सकारात्मक जीवन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से विशेष मानसिक सुधार एवं ध्यान शिविर आयोजित किया गया। शिविर जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष कमलेश कच्छल के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ईशा त्रिपाठी ने बंदियों से संवाद करते हुए कहा कि कारागार केवल दंड भुगतने का स्थान नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और जीवन में सकारात्मक बदलाव का अवसर भी है। उन्होंने बंदियों को सकारात्मक सोच एवं आत्मनियंत्रण के साथ भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. राज ने बंदियों को मानसिक तनाव, अवसाद एवं नकारात्मकता से बचाव के लिए ध्यान का अभ्यास कराया तथा मन एवं भावनाओं को नियंत्रित करने की व्यावहारिक तकनीकों की जानकारी दी। शिविर में बड़ी संख्या में बंदियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक विनोद कुमार, जेलर अंजनी कुमार गुप्ता सहित कारागार प्रशासन का स्टाफ तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, कर्मचारी एवं पराविधिक स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## दो स्कूली बसों की भीषण भिड़ंत, सात छात्र-छात्राएं घायल, उपचार के बाद सभी की हालत सामान्य

**समृद्धि न्यूज़, राठ (हमीरपुर)।**



कोतवाली क्षेत्र के सैना रोड पर गुरुवार सुबह दो स्कूली बसों की आमने-सामने भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना में प्रभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज के सात छात्र-छात्राएं मामूली रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब सात बजे प्रभा शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज की बस छात्र-छात्राओं को लेकर स्कूल जा रही थी। इसी दौरान सैना रोड पर आरपी गुरुकुल शिक्षण संस्थान की खाली स्कूल बस से उसकी आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में प्रभा शिक्षा निकेतन के सात छात्र-छात्राओं को मामूली चोटें आईं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही राठ कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल छात्र-छात्राओं को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राठ भेजा। चिकित्सकों ने सभी बच्चों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों के अनुसार सभी बच्चों की स्थिति सामान्य है। उपचार के बाद बच्चों को उनके अभिभावकों के साथ घर भेज दिया गया।

**मुख्यमंत्री ने हादसे का लिया संज्ञानः** हादसे की जानकारी मिलते ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को घायल बच्चों का समुचित उपचार सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही घायल बच्चों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा उनके परिजनों से संवाद कर हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। क्षेत्राधिकारी राठ राजीव प्रताप सिंह ने बताया कि दुर्घटना में सात छात्र-छात्राएं मामूली रूप से घायल हुए हैं। सभी की हालत सामान्य है। पुलिस द्वारा घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

## जल जीवन मिशन से टूटी सड़कों की होगी तत्काल मरम्मत



**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में जिलाधिकारी अभिषेक गोयल की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों, ब्लॉक प्रमुखों एवं प्रशासकों के साथ संवाद बैठक हुई। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों से सीधा संवाद किया गया। ग्राम प्रधानों ने जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों, पेयजल आपूर्ति, खराब विद्युत पोल, विद्यालयों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों, जर्जर भवन, जलभराव और कीचड़ की समस्याएं उठाईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की कार्यदायी संस्थाओं को क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराने तथा कनेक्शन वाले प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने को कहा। विद्युत विभाग को क्षतिग्रस्त पोल दुरुस्त कराने और स्कूलों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइनों पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए आकांक्षा उपवन का उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज़, झांसी।**




आकांक्षा समिति झांसी मंडल के तत्वावधान में जंगल सफारी, झांसी-ग्वालियर मार्ग के परिसर में 'आकांक्षा उपवन' का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में समिति की मंडल अध्यक्षा प्रो. डॉ. रचना बिमल दुबे के नेतृत्व में समिति की सदस्यों एवं स्वयंसेवी संगठनों की प्रतिनिधियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए।इस दौरान चंदन, आम, अमरूद, रुद्राक्ष, जामुन, नींबू एवं अशोक सहित अन्य पौधे लगाए गए। समिति की सदस्यों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। समिति की बैठक में विगत वर्ष की गतिविधियों एवं उपलब्धियों की समीक्षा की गई। मंडल अध्यक्षा प्रो. डॉ. रचना बिमल दुबे ने कहा कि समिति द्वारा जनहित एवं राष्ट्र निर्माण के लिए जरूरतमंद महिलाओं को सिलाई एवं विभिन्न कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जाएं। साथ ही गौ-पालन, संस्कृति एवं संस्कार, गीता ज्ञान तथा संयुक्त परिवार के महत्व जैसे विषयों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।कार्यक्रम के दौरान आकांक्षा सखियों ने सांस्कृतिक एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। डॉ. मनीषा जैन ने माउथ ऑर्गन पर देशभक्ति गीत की धुन प्रस्तुत की। जंगल सफारी के निदेशक संजय गुप्ता ने आकांक्षा उपवन एवं रोपित पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर महासचिव प्रियंका प्रियदर्शिनी, कोषाध्यक्ष पल्लवी मिश्रा, नेहा शुक्ला, निशि साहू, उपसचिव डॉ. नीति शास्त्री सहित समिति की पदाधिकारी एवं सदस्याएं उपस्थित रहीं। उपसचिव डॉ. नीति शास्त्री ने समिति की प्रगति आख्या प्रस्तुत की तथा महासचिव प्रियंका प्रियदर्शिनी ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पूर्व पीएम को कांग्रेसियों ने जयंती पर याद कर अर्पित की श्रद्धांजलि




**बांदा।** भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती कांग्रेसियों ने मनाते हुए कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र के समक्ष पुष्पांजलि दी। कांग्रेसियों ने सशक्त व समृद्ध भारत निर्माण का संकल्प लिया। कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जीवित होते तो 21वीं सदी का वास्तविक स्वरूप देखने को मिलता। स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में गुरुवार को जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित की अगुवाई में भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर कांग्रेसियों ने फूल चढ़ा कर पुष्पांजलि दी और नमन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने कंप्यूटर क्रांति के जनक, पंचायती राज एक्ट के साथ ही लोककल्याण भावना रखने वाले सबसे कम उम्र में प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। अगर वह आज जीवित होते तो 21वीं सदी का वास्तविक स्वरूप देखने को मिलता। जिला उपाध्यक्ष डा.संजय द्विवेदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का बहुत सम्मान करते थे। शहर अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने भारत को भविष्य की राह दिखाई। इस मौके पर महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सीमा खान, पवन देवी कोरी, शिवबली सिंह, मोहम्मद इदरीश, संतोष द्विवेदी, राजेश गुप्ता पप्पू, सुखदेव गांधी, इस्लाम आदि उपस्थित रहे।

## अदालती सूचना

**एच.सी. जे. फार्म नं0 18 भाग 22 (नमूना काविल फाटो समन बिनावर इनफित्ताल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) नम्बर मुकदमा 11/2025 जिला साकिन हमीरपुर श्रीमती संतोषी साहू बनाम लाड़कुंवर साकिन**

हरगाह वादिया संतोषी साहू ने आपके नाम एक नालिस बावत भ0 ऊ0 अधि0 के दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 31 माह 08 सन् 2026 ई0 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई बाकिफ किया गया हो और जो कुल उमूर अहम मुताल्लिका मुकदमा को जबाब दे सके या जिनके साथ कोई और शख्स हो कि जो जबाव ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दाबा की करें और हरगाह वही तारीख जो आपके इजहारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तजवीज हुई है पर आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला गवाहों की जिनकी शहादत पर नीज तमाम दस्तावेजों को जिन पर आप अपनी जयाबदेही के ताईव में इस्तेमाल करना चाहते हों पेश करें आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूअ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 07 माह 08 सन् 2026 ई. जारी किया गया।

**इत्तिला**

(1) अगर आपको यह अन्देशा है कि आपके गवाह अपनी मर्जी से हाजिर न हों तो आप अदालतहाजा से सम्मन बईमुराद जारी करा सकते हैं कि जो गवा हाजिर न हो वह जबरन हाजिर कराया जाये और जिस दस्तावेज को कि गवाह से पेश कराने का आप इस्तेहकाक रखते हैं वह उससे पेश कराई जाग व शर्त कि आप खर्चा जरूरी अदालत में दाखिल करके इस उम्र की दरख्वास्त गुजराये।

(2) अगर आप मुतालबा नवा मुझे मुद्दई को सलीम हैं तो आपको लाजिम है कि रुपर मय खर्चा नालिशा लअदालत में दाखिल करें ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री आपकी जान या माल दोनों पर ही करना पड़े।

## विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बताई क्षेत्र की समस्याएं

▸ समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का मुख्यमंत्री ने दिया भरोसा

**समृद्धि न्यूज़, नरैनी, बांदा।**



विधायक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए निर्वाचन क्षेत्र की विभिन्न समस्याएं बताते हुए उनका ध्यान आकृष्ट कराया। साथ ही प्रस्तावित विद्युत उपखंड के लिए धनराशि, पीएम ग्राम सड़क योजना की जर्जर व गड्ढा युक्त सड़क को लोक निर्माण विभाग में परिवर्तित कराने, मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय खुलवाने व ग्रामीण क्षेत्रों में खराब विद्युत ट्रांसफार्मर शीघ्रता से लगवाने की मांग की। मुख्यमंत्री ने विधायक को शीघ्र सभी समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिया।

विधायक ओममणी वर्मा ने बुधवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। विधान सभा क्षेत्र के सिंहपुर में प्रस्तावित विद्युत उपखण्ड के लिए धनराशि आवंटित कराने, ग्राम पंचायत गुढ़ा के मजरा बरछा से सढ़ा ग्राम पंचायत के मध्य जर्जर एवं गड्ढा युक्त प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत बने मार्ग को लोकनिर्माण विभाग में परिवर्तित कराने, अति पिछड़े कालिंजर क्षेत्र के गांवों में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय खुलवाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों में खराब हुए विद्युत ट्रांसफार्मर शीघ्रता से लगवाने की मांग की। विधायक ने बताया कि विगत लगभग एक वर्ष से बिसंडा ब्लॉक की ग्राम पंचायत सिंहपुर में लो वोल्टेज और फॉल्ट से निजात पाने के लिए यहां 33 केवी विद्युत उपकेंद्र के निर्माण कार्य का प्रस्ताव पड़ा है, लेकिन निर्माण कार्य के लिए अभी तक आवश्यक धनराशि की स्वीकृति नहीं हुई है। बरछा से सढ़ा गांव के मध्य पूर्व में निर्मित पीएमजीएसवाई की सड़क में अत्यधिक यातायात के चलते वह जर्जर और गड्ढे युक्त हो गई है, जिसके कारण दर्जनों गांवों का संपर्क लगभग समाप्त है। विधायक ने बताया कि कालिंजर फतेहगंज क्षेत्र पिछड़ा है वहां के लोग किसान या मजदूर हैं जिसके कारण अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पाते हैं, इसलिए यहां मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय खुलवाया जाना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों के निर्माण के लिए ग्राम छतैनी, सढ़ा और रक्सी आदि गांवों में पर्याप्त ग्राम सभा की भूमि भी खाली पड़ी है। समस्याओं के निस्तारण के लिए मुख्यमंत्री ने विधायक को आश्वासन दिया।

## कलश वंदन यात्रा निकाल कर सामाजिक समरसता का दिया संदेश

▸ सदर विधायक की अगुवाई में गांवों में श्रद्धा से निकाली गई यात्रा

**समृद्धि न्यूज़, बांदा।**



संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के अवसर पर सदर विधायक की अगुवाई में सदर निर्वाचन क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांवों में भव्य कलश वंदन यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान सदर विधायक ने कार्यकर्ताओं से उनके विचारों, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी की अगुवाई में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत सदर विधानसभा क्षेत्र के खुरहंड, छिंबाव, नाई, मकरी, सिकलोढ़ी, बिसंडा, पवई, बिलगांव, तिंदवारा, बड़ोखर, पैगंबरपुर, गिरवां, अर्जुनाह और शिवहद सहित तमाम ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं व स्थानीय नागरिकों ने श्रद्धा के साथ कलश वंदन यात्रा निकाली। कलश वंदन यात्राओं में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, मातृशक्ति, युवाओं व स्थानीय नागरिकों ने भागीदारी की। पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता नजर आई। सदर विधायक ने कहा कि संत रविदास महाराज ने समाज में समानता, मानवता, भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का संदेश दिया था। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट करने और भेदभाव समाप्त करने की दिशा में प्रेरणा देते हैं। संत का जीवन समाज के वंचित और कमजोर वर्गों के सम्मान तथा समान अधिकार की प्रेरणा देता है। उन्होंने समाज को ऊंच-नीच और भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता के आधार पर एकजुट होने का संदेश दिया था। उनके विचार सभी को भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होकर राष्ट्र और समाजसेवा की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि 'समरसता संकल्प अभियान' केवल आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को साथ लेकर चलने और सामाजिक एकता को मजबूत करने का संकल्प है।

## तिरंगा यात्रा संग गूंजी पुरानी पेंशन की मांग सड़कों पर उतरे सैकड़ों सफाई कर्मचारी

▸ एडीएम व डीपीआरओ को ज्ञापन सौंपकर ओपीएस बहाली की उठाई मांग

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**



पुरानी पेंशन व्यवस्था की पुनर्बहाली की मांग को लेकर गुरुवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के बैनर तले कर्मचारियों ने सड़कों पर उतरकर प्रचंड शक्ति प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में एकत्र हुए सफाई कर्मचारियों ने एनआईसी कार्यालय से जिला परिषद होते हुए अंबेडकर चौराहे तक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली और केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अंबेडकर चौराहे तक पैदल मार्च करने के बाद कर्मचारियों का प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पहुंचा, जहां उन्होंने अपर जिलाधिकारी को देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। इसके पश्चात संघ के पदाधिकारियों ने डीपीआरओ को भी अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कर्मचारी नेताओं ने कहा कि वर्ष 2004 के बाद लागू की गई नई पेंशन व्यवस्था पूरी तरह से कर्मचारी विरोधी है, जिससे उनका आर्थिक नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने में सफाई कर्मचारी दिन-रात मेहनत कर अपना शत-प्रतिशत योगदान देते हैं। ऐसे में उनके बुढ़ापे को सुरक्षित करने के लिए ओपीएस को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना बेहद जरूरी है। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, जिला मंत्री संतराम, संयुक्त मंत्री राजू वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष पंकज कुमार तथा व्यवस्थापक कृष्ण कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## विकास परियोजनाओं को समयबद्ध पूर्ण कर जनहित में करें समर्पितः डीएम

▸ 90% से अधिक पूर्ण परियोजनाओं को प्राथमिकता से पूरा कराएं

**समृद्धि न्यूज़, उरई।**




डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में जिले में एक करोड़ रुपये से अधिक लागत की महत्वपूर्ण व निर्माणाधीन परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने परियोजनावार भौतिक व वित्तीय प्रगति, निर्धारित पूर्णता तिथि के साथ विगत माह में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यदायी संस्थाओं को परियोजनाओं में तेजी लाकर उन्हें समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि शासन की प्राथमिकता वाली परियोजनाएं जनहित से सीधे जुड़ी हैं, इसलिए उनका समय से पूरा होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं की 90 प्रतिशत अथवा उससे अधिक प्रगति हो चुकी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कर संबंधित विभाग को हस्तांतरित किया जाए, ताकि आमजन को इनका लाभ जल्द मिल सके। समीक्षा के दौरान डायट जालौन में अतिरिक्त कक्ष, ऑडिटोरियम, टॉयलेट व मीटिंग हॉल निर्माण की 14 प्रतिशत, राजकीय हाईस्कूल खारका के उच्चीकरण कार्य की शून्य व मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय की 5.5 प्रतिशत प्रगति सहित कम प्रगति वाली परियोजनाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन परियोजनाओं के लिए कार्ययोजना तैयार कर कार्य में तेजी लाई जाए और प्रतिदिन की प्रगति की निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को स्वयं मौके पर जाकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने, मापनीय प्रगति सुनिश्चित करने व फोटो व भौतिक सत्यापन सहित अद्यतन रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए उपलब्ध कराई गई धनराशि का समय से सदुपयोग करते हुए परियोजनाओं को शीघ्र पूरा कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस दौरान सीडीओ केके सिंह, सीएमओ एचएन प्रसाद, अधिकारी अभियंता लोक निर्माण विभाग अमित सक्सेना आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# खसरा-रूबेला टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

▸ 5 से 10 वर्ष तक के बच्चों को लगेगी वैक्सीन

**समृद्धि न्यूज,रानीगंज-प्रतापगढ़।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रानीगंज के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को खसरा-रूबेला (मीजल्स-रूबेला) विशेष टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नौशाद हुसैन ने पीएम श्री कम्पोजिट स्कूल हरिपालपुर में बच्चों को वैक्सीन लगवाकर अभियान का औपचारिक उद्घाटन किया। अभियान के तहत 5 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों (कक्षा 1 से 5) को एमआर वैक्सीन की एक खुराक दी जाएगी। सीएचसी अधीक्षक डॉ. नौशाद हुसैन ने बताया कि यह अभियान क्षेत्र के सभी सरकारी और परिषदीय विद्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, मदरसों तथा अन्य सरकारी शिक्षण संस्थानों में चलाया जाएगा। अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए 18, 20, 21, 24, 25, 27 और 28 अगस्त को विशेष टीकाकरण दिवस निर्धारित किए गए हैं। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी शिवबहादुर मौर्या ने बीमारी के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि खसरा और रूबेला दोनों ही घातक वायरस संक्रमण हैं, जो संक्रमित व्यक्ति के खांसने और छींकने से फैलते हैं। खसरे में तेज बुखार और शरीर पर लाल चकत्ते जैसे लक्षण उभरते हैं, जबकि रूबेला गर्भवती महिलाओं और भ्रूण के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने 5 से 10 वर्ष के बच्चों को नजदीकी केंद्र पर ले जाकर टीका अवश्य लगवाएं। अभियान के पहले दिन एएनएम पूनम, प्रीति राय, नीलम सिंह, अंकिता मौर्या, श्वेता शर्मा, मनीषा रजक, प्रतीक्षा दीक्षित, सरगम, ज्योति रजक और प्रतिभा शुक्ला ने विभिन्न विद्यालयों व सेंटरों पर बच्चों का टीकाकरण किया। आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर बच्चों को केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग दिया। इस दौरान बीपीएम दीपक श्रीवास्तव, बीसीएम मोहम्मद हसनैन हुसैन, आरओ मयंक मिश्रा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अंकित सिंह और अतुल सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मुस्तैद रही।

## अधिवक्ताओं ने बार कौंसिल के आदेश के खिलाफ किया प्रदर्शन

**प्रतापगढ़।** हाईकोर्ट के हवाले से बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा जारी आदेश के विरोध में गुरुवार को प्रतापगढ़ के अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन किया। जूनियर बार एसोसिएशन (पुरातन) के अध्यक्ष पं. करुणा शंकर मिश्र व महामंत्री कौशलेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की। अधिवक्ताओं ने आदेश को अधिवक्ता विरोधी बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन के उपरांत अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 16 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। इसमें कलेक्ट्रेट परिसर में जलभराव की समस्या दूर करने, सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत करने, पार्किंग व्यवस्था दुरुस्त करने, कलेक्ट्रेट में रात्रि 8 बजे के बाद शराब-जुआ का अड्डा चलाने वालों पर एफआईआर कराने, उप-निबंधक कार्यालय व तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार पर रोक लगाने और आरो वाटर व शौचालय व्यवस्था सुधारने जैसी प्रमुख मांगें शामिल हैं।

# बार एसो. चुनाव की नई अधिसूचना जारी, 31 अगस्त को मतदान

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर एल्डर्स कमेटी ने तीसरी बार नई अधिसूचना जारी की है। एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन राजेंद्र प्रताप द्विवेदी की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई बैठक में चुनाव कार्यक्रम घोषित किया गया। इसके अनुसार 21 अगस्त को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 22 अगस्त को नामांकन पत्रों की बिक्री होगी, जबकि 24 अगस्त को नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 25 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच, आपत्तियों के निस्तारण तथा नामांकन पत्रों की वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद 31 अगस्त को दीवानी के अधिवक्ता हाल में सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान कराया जाएगा। एक सितंबर को मतगणना होगी और दो सितंबर को विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की जाएगी। चुनाव कार्यक्रम घोषित होते ही अधिवक्ताओं के बीच चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न पदों के दावेदार प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। गौरतलब है कि महिला आरक्षण से जुड़े विवाद के हाईकोर्ट पहुंचने के बाद पूर्व में दो बार चुनाव की अधिसूचना रद्द हो चुकी है। इससे चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे प्रत्याशियों में निराशा का माहौल था। नई अधिसूचना जारी होने के बाद अब चुनाव प्रक्रिया आगे बढ़ने की उम्मीद जगी है।

## राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेसियों ने किया नमन

**सुल्तानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा, शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके बाद संगोष्ठी में उनके योगदान पर चर्चा की गई।जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माण के दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने विज्ञान, तकनीक और शिक्षा को प्राथमिकता देकर देश को 21वीं सदी की ओर बढ़ाने की मजबूत नींव रखी। पंचायतीराज व्यवस्था को सशक्त बनाने, कंप्यूटर और दूरसंचार क्षेत्र को बढ़ावा देने में उनका योगदान महत्वपूर्ण रहा। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि राजीव गांधी ने देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए अपना जीवन समर्पित किया।

# कुत्ते को बचाने में बाइक मिक्सर मशीन से टकराई, युवक की मौत

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**



बुधवार देर रात घर से चौराहे पर जा रहे युवक की बाइक पहाड़पुर वैश्य (उस्तादा) गांव में कुत्ते को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी मिक्सर मशीन से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। बुधवार रात को राम आधार(36) पुत्र रामलौट प्रजापति बाइक से गांव के चौराहे पर सामान लेने जा रहा था। रास्ते में अचानक कुत्ता सामने आ जाने से बाइक का संतुलन बिगड़ गया। अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे खड़ी मिक्सर मशीन से जा टकराई। हादसे में राम आधार गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राम आधार पांच भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। वह खेती में पिता का हाथ बंटाता था।मृतक के पीछे पत्नी चन्द्रकला, मां फूलकुमारी और तीन बच्चे कोमल (13), कौशल (11) व कुशल (9) हैं। हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।प्रभारी निरीक्षक दोस्तपुर नारद मुनि सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज कर कार्यवाही की गई है।

# 34 लाख से होगा चौक घंटाघर का सौंदर्यीकरण

▸ इंजीनियरों के साथ पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**



नगर के ऐतिहासिक चौक घंटाघर के मरम्मत, जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की कवायद शुरू हो गई है। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल की मौजूदगी में लखनऊ से आए इंजीनियर, इलेक्ट्रिशियन और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने घंटाघर का निरीक्षण किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि चौक घंटाघर का सौंदर्यीकरण वर्ष 2007-08 में कराया गया था। वर्तमान में भवन की मरम्मत के साथ पुरानी घड़ियों को बदलने और परिसर को आधुनिक स्वरूप देने की जरूरत है। योजना के तहत घंटाघर के चारों तरफ लगी पुरानी घड़ियों को हटाकर नई डिजिटल घड़ियां लगाई जाएंगी। साथ ही आधुनिक फसाड लाइट से घंटाघर को सजाया जाएगा और आवश्यक मरम्मत व जीर्णोद्धार कराया जाएगा। नगर पालिका की ओर से पूरे कार्य पर करीब 34 लाख रुपये खर्च किए जाने का प्रस्ताव है। पालिकाध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आगामी दुर्गा पूजा महोत्सव एवं अन्य त्योहारों से पहले 20 सितंबर तक सभी कार्य पूरे करा लिए जाएं।निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी लाल चन्द्र सरोज, सहायक अभियंता सिविल संतोष कुमार, अवर अभियंता नीलम कुमारी सहित मार्ग प्रकाश विभाग के कर्मचारी और विशेषज्ञ टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**कुड़वार, सुलतानपुर।** थाना कुड़वार पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई बुधवार की रात बहमरपुर नहर पुलिया के पास की गई। गिरफ्तार युवक की पहचान सुफियान पुत्र अली शेर निवासी ग्राम ककरहवा मजरे कोटिया, थाना कुड़वार, जनपद सुलतानपुर के रूप में हुई है। उसकी उम्र करीब 22 वर्ष बताई गई है। पुलिस के मुताबिक रात करीब 11:50 बजे संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर चेकिंग के दौरान उसे रोककर तलाशी ली गई। तलाशी में उसके कब्जे से .315 बोर का एक देशी तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।पुलिस ने बरामद अवैध शस्त्र को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय ने पेश किया गया।जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# पांच अवधी साहित्यकारों को नेपाल में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

अवधी साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए जनपद के पांच साहित्यकारों को नेपाल में आयोजित पांचवें अंतरराष्ट्रीय अवधी महोत्सव में विशिष्ट सम्मान से सम्मानित किया गया।

लुम्बिनी प्रदेश के नेपालगंज में अवधी सांस्कृतिक प्रतिष्ठान केंद्रीय समिति की ओर से आयोजित समारोह में देश-विदेश से अवधी साहित्यकार शामिल हुए। अवधी मंच के सचिव ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि समारोह में संस्था के अध्यक्ष विष्णु लाल कुमाल सहित अन्य अतिथियों ने सुलतानपुर के साहित्यकारों को सम्मानपत्र, अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ और पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया।सम्मान पाने वालों में सिंहराय अवधी साहित्य विकास संस्थान हलियापुर के संस्थापक कुंवर इंद्रजीत सिंह अर्चक, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सजल, हरि प्रताप सिंह, कृष्ण द्विवेदी अज्ञान और कादीपुर के युवा साहित्यकार पवन कुमार सिंह शामिल हैं। साहित्यकारों को अंतरराष्ट्रीय मंच पर सम्मान मिलने से जनपद के साहित्यिक क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

वरिष्ठ साहित्यकार आद्या प्रसाद सिंह प्रदीप, कमल नयन पाण्डेय, मथुरा प्रसाद सिंह जटायु, डॉ. सुशील कुमार पाण्डेय साहित्येन्दु, डॉ. राधेश्याम सिंह और ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने सम्मानित साहित्यकारों को बधाई देते हुए प्रसन्नता जताई।

# पांच देशी बम और पिकअप के साथ तीन पशु चोर गिरफ्तार

▸ घटना में प्रयुक्त टाटा एस (पिकअप) वाहन किया बरामद

**प्रतापगढ़।** जिले में पशु चोरी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सांगीपुर पुलिस और स्पेशल टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने शाहबरी के पास से तीन शातिर पशु चोरों— आजाद खाँ, शफीक और हफीज को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से 5 जिंदा देशी बम, 1580 रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त टाटा एस (पिकअप) वाहन बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन, एएसपी पश्चिमी बृजनंदन राय व सीओ लालगंज राजीव द्विवेदी के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी सांगीपुर गौरव त्रिवेदी व स्पेशल टीम प्रभारी विजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर यह कार्रवाई की। पूछताछ में आरोपियों ने 1 अगस्त को ग्राम संडवा सुजाखर से एक भैंस और 21 जुलाई को नेवढ़िया से दो भैंसें चोरी कर अमेठी स्थित पशु मेले में बेचने की बात स्वीकार की। आरोपियों ने बताया कि पकड़े जाने के डर से वे अपने पास देशी बम रखते थे ताकि बचाव में हमला कर भाग सकें। गिरफ्तार अभियुक्तों में शफीक (60 वर्ष) शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ गोवध, पशु क्रूरता, गैंगस्टर एक्ट और विस्फोटक अधिनियम के तहत करीब 12 मुकदमे दर्ज हैं। वहीं आजाद खाँ (23 वर्ष) और हफीज (26 वर्ष) के खिलाफ भी 3-3 आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। कार्रवाई के दौरान वाहन चालक मोहम्मद अकील मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम की बढ़ोतरी करते हुए आगे की विधिक कार्रवाई की है।

## कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत ई-लॉटरी से कृषकों का चयन आज

**रायबरेली।** उप कृषि निदेशक हिमांशु पाण्डेय ने बताया है कि सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं समस्त यंत्रीकरण योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 में कृषि यंत्रों के वितरण हेतु कृषकों के चयन के लिए जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के सदस्यों की उपस्थिति में 21 अगस्त 2026 को दोपहर 12:00 बजे कृषि भवन सभागार, रायबरेली में ई-लॉटरी का आयोजन किया जाएगा। ई-लॉटरी में कृषि विभाग के पोर्टल पर 16 जुलाई 2026 से 10 अगस्त 2026 तक विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए ऑनलाइन बुकिंग करने वाले जनपद के कृषक प्रतिभाग करेंगे। कृषि यंत्रीकरण योजनान्तर्गत कस्टम हायरिंग सेंटर, कृषि ड्रोन, रोटावेटर, कल्टीवेटर, थ्रेसर, लेजर लैंड लेवलर, चारा काटने की मशीन, स्माल गोदाम, सुपर सीडर, सुपर स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम (एसएमएस), रीपर कम बाइंडर एवं रीपर सेल्फप्रोपेल्ड आदि कृषि यंत्रों के लिए ई-लॉटरी के माध्यम से कृषकों का पारदर्शी तरीके से चयन किया जाएगा।

# नल में करंट उतरने से युवक की मौत, परिवार में कोहराम

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**



बल्दीराय थाना क्षेत्र के पूरे चौकीदार मजरे ऐंजर गांव में गुरुवार को नल में उतरे बिजली के करंट की चपेट में आने से 38 वर्षीय युवक की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि ऐंजर गांव निवासी कोटेदार सिद्धनाथ यादव के घर में लगे नल में अचानक बिजली का करंट उतर आया। इसी दौरान सेवरा गांव निवासी राधेश्याम सरोज (38) नल की चपेट में आ गए। गंभीर हालत में परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।ग्रामीणों के अनुसार राधेश्याम करीब आठ-दस वर्ष की उम्र से ही सिद्धनाथ यादव के घर रहकर काम करते थे। उनके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका था। वह अविवाहित थे और परिवार में उनका एक भाई है। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए।हादसे के बाद गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बिजली उपकरणों और नल की सुरक्षा व्यवस्था की जांच कराने की मांग की है। बल्दीराय पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया।

# शुद्धिकरण के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन




▸ राणा ने कहा जनसभा के बाद मंच और स्थल का शुद्धिकरण करना लोकतांत्रिक मर्यादा के खिलाफ

**समृद्धि न्यूज, सुल्तानपुर।**

हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के बाद कार्यक्रम स्थल और मंच का गंगाजल से शुद्धिकरण किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से निकला जुलूस लाल डिग्गी चौराहा, सुपरमार्केट, डाकखाना चौराहा और पुलिस लाइन होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचा। इसके बाद कार्यकर्ता विकास भवन स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां सत्याग्रह कर विरोध जताया। राणा ने कहा कि जनसभा के बाद मंच और स्थल का शुद्धिकरण करना लोकतांत्रिक मर्यादा और सामाजिक सद्भाव के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह मानसिकता सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देती है।

कहा कि कांग्रेस संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों की रक्षा के लिए आवाज उठाती रहेगी। पूर्व राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर राजेश तिवारी ने कहा कि यह सिर्फ कांग्रेस का नहीं, बल्कि समानता और सामाजिक सद्भाव में विश्वास रखने वाले लोगों के सम्मान से जुड़ा मुद्दा है। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे।

## खबरें एक नजर में

### ग्राम विकास अधिकारी का रास्ता रोककर दी धमकी

**सुल्तानपुर।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली ग्राम पंचायत से ब्लॉक मुख्यालय आ रही ग्राम विकास अधिकारी प्रियंका साहू का गुरुवार को नहर पटरी पर एक युवक ने रास्ता रोककर कथित तौर पर गालीगलौज और अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। प्रियंका ने डायल-112 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पुलिस को फोन किए जाने की जानकारी मिलते ही आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना शारदा सहायक खंड-16 की नहर पटरी पर ब्लॉक मोड़ के पास हुई, जो थाने से करीब 300 मीटर दूर है। दिनदहाड़े हुई घटना से महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर सवाल उठे हैं।

### कुएं में मिला वृद्ध का शव, बीमारी से थे परेशान

**सुल्तानपुर।** गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के गेड़ौरा गांव में बुधवार रात घर से निकले 80 वर्षीय पारस नाथ मिश्र का शव गांव से करीब 200 मीटर दूर स्थित कुएं में मिला। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। कुएं के पास उनकी चप्पल और लाठी मिलने पर अनहोनी की आशंका हुई। ग्रामीणों ने कुएं में देखा तो पानी में शव उतराता मिला। सूचना पर थाना प्रभारी अखंड देव मिश्र और चौकी इंचार्ज सुनील सिंह यादव पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया और गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, पारस नाथ लंबे समय से बीमारी से परेशान थे। उनकी पत्नी और बेटा चंदन प्रयागराज में रहते हैं, जबकि वह गांव में छोटे भाई के साथ रह रहे थे। चौकी इंचार्ज ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चे की मौत, विषैले जंतु के काटने की आशंका

**सुल्तानपुर।** अखंड नगर थाना क्षेत्र के पतजू पहाड़पुर गांव निवासी पंकज कुमार तिवारी के करीब चार वर्षीय पुत्र शुभ तिवारी की गुरुवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, बुधवार रात खाना खाने के बाद शुभ परिजनों के साथ सोया था। सुबह करीब साढ़े चार बजे परिजन उसे जगाने पहुंचे तो शरीर में कोई हरकत नहीं थी। आनन-फानन में परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहगंज, जौनपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने किसी विषैले जंतु के काटने की आशंका जताई है। बच्चे का शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह परिहार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आवश्यक कार्रवाई की। थाना प्रभारी निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### आरटीओ विभाग की ओर से आई चेकअप कैंप आयोजित

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, त्रिपुला में आरटीओ विभाग की ओर से विद्यालय के वाहन चालकों एवं परिचालकों के लिए विशेष नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एआरटीओ प्रवर्तन उमेश कटियार की उपस्थिति में जिला अस्पताल के नेत्र विशेषज्ञ डॉ. रितेश वर्मा ने विद्यालय के सभी वाहन चालकों एवं परिचालकों की आंखों की जांच की। नेत्र परीक्षण के दौरान चिकित्सक ने प्रतिभागियों की दृष्टि क्षमता की जांच करते हुए आंखों से संबंधित आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। शिविर का उद्देश्य विद्यालय के वाहन चालकों एवं परिचालकों के स्वास्थ्य और विशेष रूप से उनकी दृष्टि क्षमता को बेहतर बनाए रखना रहा, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके।

# फर्जी मुकदमा दर्ज करने का आरोप, निष्पक्ष जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**



जनपद के लीलापुर थाना क्षेत्र स्थित सिन्धौर गांव निवासी सौरभ विश्वकर्मा की हत्या के मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली और समाजसेवी संदीप विश्वकर्मा एडवोकेट के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर जनाक्रोश गहराता जा रहा है, जिसके विरोध में गुरुवार को अधिवक्ताओं एवं समाजसेवियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी प्रतापगढ़ को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दर्ज फर्जी मुकदमे को समाप्त करने की मांग की है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि सौरभ विश्वकर्मा की पीट-पीटकर निर्मम हत्या की गई थी, जिसे शुरुआत में पुलिस ने दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया, और जब 14 अगस्त 2026 को पोस्टमार्टम हाउस पर अभियुक्तों के समर्थकों द्वारा प्रक्रिया में विलंब व हेरफेर की कोशिश की जा रही थी, तब समाजसेवी संदीप विश्वकर्मा एडवोकेट ने पुलिस से पंचनामा मंगवाने की बात कही थी, जिससे खुन्नस खाकर आरोपियों के करीबियों ने साजिश के तहत 16 अगस्त 2026 को थाना कोतवाली नगर में संदीप विश्वकर्मा व 4-5 अन्य लोगों के खिलाफ बीएनएसएस व एससी/एसटी एक्ट की धाराओं में झूठा मुकदमा (मु.अ.सं. 496/2026) पंजीकृत करा दिया। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि वादी अविनाश सरोज से संदीप का कोई पूर्व विवाद नहीं रहा है, इसलिए 14 से 20 अगस्त 2026 तक वादी व गवाहों की कॉल डिटेल और लोकेशन की निष्पक्ष जांच कराकर षड्यंत्र का पर्दाफाश किया जाए। इस अवसर पर भरत व्यास शर्मा एडवोकेट (महामंत्री - पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति), राम सुन्दर विश्वकर्मा एडवोकेट, वासिनी विश्वकर्मा एडवोकेट, सुधा विश्वकर्मा एडवोकेट, विनोद कुमार विश्वकर्मा एडवोकेट, उमेश विश्वकर्मा एडवोकेट, रामचन्द्र विश्वकर्मा एडवोकेट और अमन अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# ऑक्सीजन पाइप चुराने वाले तीन चोर गिरफ्तार, पाइप बरामद

**समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।**

थाना कोतवाली नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ मिली है। सदर अस्पताल से ऑक्सीजन पाइप और अन्य सामान चोरी करने वाले मामले का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए ऑक्सीजन पाइप के टुकड़े बरामद किए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गत 17 अगस्त 2026 को सदर अस्पताल में चोरी की घटना घटी थी, जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर में मु0अ0सं0 499/2026 (धारा 305/ 317(2) बीएनएस) के तहत मामला दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष मिश्रा के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी सुभाष कुमार यादव के नेतृत्व में महिला उपनिरीक्षक अर्चना, हेड कांस्टेबल विवेक कुमार अवस्थी और कांस्टेबल निकित गौड़ की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान चौकी सदर अस्पताल क्षेत्र में मिली सटीक सूचना के आधार पर ग्रीन वार्ड के पास से तीनों अभियुक्तों–नासिर (35) पुत्र जहीर (निवासी विवेक नगर), रामबाबू (40) पुत्र रामचन्द्र (निवासी सदर बाजार) और राजू (30) पुत्र बिल्ला (निवासी सहोदरपुर पूर्वी)–को दबोच लिया गया।

# ट्रकों की टक्कर से टूटे विघुत के पोल, आपूर्ति रही बधित

**समृद्धि न्यूज, बछरावां-रायबरेली।**

विद्युत पोल टूट जाने के चलते दर्जनों गांव में हजारों की संख्या में उपभोक्ता बिना बिजली के देर रात से दोपहर तक समस्या को झेल रहे हैं। जिसे बहाल करने का प्रयास किया जा रहा है। बछरावां- मौरावां मार्ग पर मंगलवार रात दो अलग-अलग हादसों में 11 हजार वोल्ट विद्युत लाइन के पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गए। टांडा गांव के पास डीसीएम की टक्कर से विद्युत पोल टूट गया, जबकि बिशुनपुर गांव के पास एक डंपर की टक्कर से दूसरा पोल धराशायी हो गया। दोनों हादसों के बाद विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई और कई गांवों में रातभर अंधेरा छाया रहा । बुधवार देर दोपहर तक आपूर्ति नही बहाल हो सकी। वही बछरावां-मौरावां मार्ग पर टांडा गांव के पास तेज रफ्तार डीसीएम अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि 11 हजार लाइन का पोल टूट गया और तार नीचे आ गए। हादसे के बाद क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। वहीं बिशुनपुर गांव के पास भी एक डंपर विद्युत पोल से जा टकराया, जिससे 11 हजार लाइन का पोल क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। दोनों स्थानों पर विद्युत पोल टूटने से बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।

# अखिलेश सिंह की पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

**समृद्धि न्यूज, अमावां-रायबरेली।**



पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ जननेता स्वर्गीय अखिलेश सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को अमावां ब्लॉक कार्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उनके सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन तथा रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र के विकास में दिए गए योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे।रायबरेली सदर की भाजपा विधायक अदिति सिंह की पहल पर ब्लॉक परिसर में जनकल्याण शिविर भी लगाया गया। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने के साथ ग्रामीणों की समस्याओं का संबंधित विभागों के माध्यम से मौके पर समाधान कराना रहा।शिविर में समाज कल्याण, दिव्यांगजन कल्याण, स्वास्थ्य, खाद्य एवं रसद, कृषि, विद्युत, पशुपालन, जल निगम, ग्राम्य विकास, पंचायती राज, बाल विकास, शिक्षा, अल्प सिंचाई और श्रम विभाग समेत विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए। ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी देने के साथ आवेदन करने और शिकायतों के निस्तारण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई।

वृद्धावस्था एवं दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, आवास, मनरेगा, राशन कार्ड, विद्युत और पेयजल से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए ग्रामीणों की सहायता की गई।

## स्व. अखिलेश सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर भंडारा आयोजित

**रायबरेली।** जननायक एवं पूर्व सदर विधायक स्व. अखिलेश सिंह की सातवीं पुण्यतिथि पर गुरुवार को रायबरेली में श्रद्धा, स्मृति और सेवा का भाव देखने को मिला। उनकी छोटी बहन पूनम सिंह की ओर से इस वर्ष भी धुन्नी सिंह नगर स्थित आवास पर श्रद्धांजलि सभा व प्रसाद वितरण तथा गुरु तेग बहादुर मार्केट में विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। दोनों कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, शुभचिंतक, गणमान्य नागरिक और स्व. अखिलेश सिंह से जुड़ा जनसमुदाय शामिल हुआ। धुन्नी सिंह नगर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में लोगों ने स्व. अखिलेश सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित लोगों ने उनके सरल व्यक्तित्व, जनसेवा, गरीबों के प्रति संवेदनशीलता और रायबरेली की जनता से उनके आत्मीय संबंधों को याद किया।

# पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।

पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में इंचार्ज प्रधानाध्यापक के खिलाफ छात्र- छात्राओं व उनके परिजनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने विद्यालय का बहिष्कार करते हुए प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना की गाड़ी का घेराव किया। वहीं छात्र- छात्राओं के परिजनों ने प्रधानाध्यापक पर भेदभाव, अभद्रता व छात्र- छात्राओं के साथ मारपीट करने के गंभीर आरोप लगाए। गुरुवार को पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर में छात्र-छात्राओं ने प्रधानाध्यापक के खिलाफ प्रदर्शन कर उनकी कार को रोक कर नारेबाजी की। जबकी अभिभावकों के द्वारा विद्यालय परिसर में लगे हरे पेड़ों को कटवाने का आरोप भी



- छात्र, छात्राओं ने प्रधानाध्यापक पर लगाए गंभीर आरोप
- प्रधानाध्यापक की गाड़ी का किया घेराव, कार्रवाई की मांग

लगाया गया। छात्र छात्राओं का कहना है कि विद्यालय में जातिवाद को बढ़ावा देने सहित कई अन्य मामलों को लेकर उनमें लंबे समय से नाराजगी है। प्रदर्शन के दौरान कई शिक्षक भी छात्रों के समर्थन में नजर आए। पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय में लगभग 200 छात्र- छात्राएं अध्ययनरत हैं। सुबह विद्यालय पहुंचे छात्र छात्राओं ने कक्षाओं में जाने के बजाय प्रदर्शन शुरू कर दिया। वहीं मामले की नजाकत को भांप कर प्रधानाध्यापक ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। जबकि जानकारी मिलते ही गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी अजय कुमार अवस्थी मय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और छात्र-छात्राओं व अभिभावकों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया गया। वहीं छात्र- छात्राओं व अभिभावकों ने उप जिलाधिकारी को सात सूत्रीय ज्ञापन देकर प्रधानाध्यापक को हटाए जाने की मांग की। अधिकारियों के कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद छात्र, छात्राओं ने प्रदर्शन समाप्त किया।

### साजिश रचकर मेरी छवि खराब करने की कोशिश में लगे

जलालाबाद। मामले में प्रधानाध्यापक राकेंद्र सक्सेना का कहना था कि उन्होंने राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन किया था। सूची में उनका नाम शामिल था। इसी दौरान से कुछ लोग साजिश रच कर मेरी छवि को खराब करने की कोशिश में लगे हैं। मेरे खिलाफ बच्चों से प्रदर्शन कराया गया, कुछ शिक्षकों ने साजिश की, बिरिकट का लालच देकर प्रदर्शन कराया, वितीय अनियमितताओं के आरोपों को भी उन्होंने गलत बताया है।

### क्या बोले जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

जलालाबाद। मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जांच की रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जा रही है उनके आदेश के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# देश में संचार क्रांति के जनक थे राजीव गांधी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।



पुराने सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम राजीव गांधी की जयंती सद्भावना दिवस के रूप में मनाई और कहा वह देश में संचार क्रांति के जनक थे। कांग्रेसियों ने पूर्व पीएम राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव वरिष्ठ नेता विनोद कुमार दुबे ने कहा पूर्व पीएम राजीव गांधी सूचना प्रौद्योगिकी के जनक थे। अपने कार्यकाल में राजीव गांधी ने कुछ ऐसे काम किए, जिससे देश की %तस्वीर और तकदीर दोनों बदल गई थी। गोष्ठी का संचालन कर रहे अजय कुमार दुबे ने कहा देश में पंचायती राज व्यवस्था को लाने वाले पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के उल्लेखनीय कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता। राजीव अग्निहोत्री ने कहा राजीव गांधी देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री बने थे और दुनिया के उन राजनेताओं में से एक थे, जिन्होंने भारत जैसे युवा देश में सरकार का कुशल नेतृत्व किया। आसाराम यादव ने कहा राजीव गांधी ने उस महान विरासत को आगे बढ़ाया, जो उनके नाना और उनकी मां इंदिरा गांधी जी छोड़ कर गई थी। उन्होंने अपने कार्यकाल में पंचायती राज का गठन किया व संचार क्रांति को तेजी से आगे बढ़ाया। प्रदीप दुबे ने कहा आज का युवा उनको अपना आदर्श मानता है। उनकी जयंती को पूरा देश सदभावना दिवस के रूप में मना रहा है। कार्यक्रम में भारत सिंह वर्मा, भारत सिंह प्रजापति, प्रदीप दुबे, मुकेश दुबे, महेश दीक्षित, दिनेश पांडेय, देवकीनंदन दुबे आदि मौजूद रहे।

## नगर की समस्याओं पर हुई विस्तार से चर्चा



छिबरामऊ, कन्नौज। मोहल्ला बनवारी नगर स्थित गौरव अमर त्रिपाठी के प्रतिष्ठान एसवीबीएस सभागार में आयोजित उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की मासिक बैठक में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, विस्तार और नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष आनंद गुप्ता ने कहा कि हमारा संगठन देश का सबसे बड़ा व्यापारिक संगठन है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री एवं पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष एवं आबकारी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल तथा राज्य मंत्री व प्रदेश महामंत्री बृजेश शुक्ला के नेतृत्व में संगठन निरंतर आगे बढ़ रहा है। संगठन का उद्देश्य व्यापारियों की सुरक्षा और जागरूकता प्रदान कर उन्हें निर्भीक होकर व्यापार करने के लिए प्रेरित करना है। व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हमेशा संघर्षरत रहेगा। इस मौके पर मीनू बाजपेई और रानू तिवारी को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यकर्ताओं ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का माला पहनाकर स्वागत किया। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष गौरव गोयल एडवोकेट की अध्यक्षता एवं जिला संयोजक आईटी सेल गौरव अमर त्रिपाठी के संचालन में हुई बैठक में अतुल वर्मा, अंकित तिवारी, प्रदीप गुप्ता, राहुल शर्मा, सचिन वर्मा, डॉ. आदित्य श्रीवास्तव, जैकी गुप्ता, संतोष गुप्ता सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाकियू (अवधेश) ने किया संगठन का विस्तार

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।



विशुनगढ़ रोड स्थित लिटिल स्टार गेस्ट हाउस में भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के स्थापना दिवस पर संगठन का विस्तार किया गया। संगठन की नीतियों से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण करने वाले जयवीर सिंह, सत्येंद्र सिंह राजपूत, विष्णु चौहान, मनोज सिंह, अर्पित चौहान, राजपाल सिंह, देवानंद, देवेंद्र सिंह, बादाम सिंह, ध्रुव कुमार, पवन कुमार, धीरज कुमार, राजेंद्र तिवारी, कमलेश चंद्र, धर्मेंद्र कुमार, दिनेश त्रिपाठी औराई को प्रदेश संयोजक, अंश सक्सेना, अरुण कुमार यादव, रणवीर सिंह, नंदराम राम, शंकर जयवीर सिंह, घनश्याम बाथम, फौजी बहादुरपुर को जिला उपाध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, अवनीश सिंह राठौर प्रधान को प्रदेश सचिव, गोपाल सिंह राठौर को जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, श्याम चतुर्वेदी को जिलाध्यक्ष व्यापार प्रकोष्ठ, शिवराम सिंह को मंडल सचिव कानपुर, रामकृष्ण वर्मा को जिला उपाध्यक्ष, संजीव शाक्य को ब्लॉक सचिव छिबरामऊ, सुनील वर्मा प्रधान जगदीशपुर को मंडल संगठन मंत्री कानपुर, शिवकुमार पांडे को ग्राम सभा अध्यक्ष, लखन सिंह पुराभोज को जिलाध्यक्ष मजदूर प्रकोष्ठ, दयाशंकर को ग्राम सचिव मनोनीत किया गया। इसके अलावा सुनील कुमार, सुभाष चंद्र, सुलेमान, राजपाल दिवाकर सहित कई सैकड़ा किसानों ने भारतीय किसान यूनियन अवधेश की सदस्यता ग्रहण की।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता और आशीष सक्सेना के संचालन एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे। अंत में सभी ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया।

## महिला स्नेह मिलन व संगीत कार्यक्रम का आयोजन आज

छिबरामऊ, कन्नौज। खड़िनी विकास खंड अंतर्गत ग्राम जमुनी डाड़ी स्थित मनोकामना पूर्ण महादेव मंदिर प्रांगण में 21 अगस्त शुक्रवार को भव्य महिला स्नेह मिलन समारोह एवं संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे रुद्राभिषेक के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। रात्रि 9 बजे से कानपुर से पधारे कलाकारों द्वारा संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजकों का कहना है कि यह कार्यक्रम महिलाओं के आपसी स्नेह, हंसी-खुशी और सांस्कृतिक मेलजोल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। समारोह का आयोजन रेखा सिंह बैस तथा मालती सिंह उर्फ गुड़िया सिंह बैस द्वारा किया जा रहा है। दोनों ने सभी महिलाओं और परिवारों को आमंत्रित करते हुए कहा कि आइए, हम सब मिलकर हंसी खुशी के पल साझा करें और अपने अनुभव बांटें। उन्होंने भोले बाबा की कृपा से सभी परिवारों के सुख-समृद्धि की कामना भी की है।

# श्री रामलीला कमेटी की बैठक में कार्यक्रम की बनी रूपरेखा



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।

नगर में पूर्वी बाईपास पर आयोजित श्री रामलीला कमेटी की बैठक में सर्वसम्मति से 24 अगस्त सोमवार को नगर पालिका के सभागार में भरत मिलाप कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे कमेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा ने बताया भरत मिलाप कार्यक्रम में उन बच्चों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने श्री रामलीला कार्यक्रम के दौरान उसमें किसी न किसी रूप में भाग लिया था। इसके लिए सभी पात्र रामलीला कमेटी के व्यवस्थापक प्रेममुरारी दुबे एवं भहामंत्री श्यामू चौहान के पास अपना नाम लिखवा दें। यह कार्यक्रम 24 अगस्त को शाम 6 बजे से प्रभु की इच्छा तक चलेगा। इसमें मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री अर्चना पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। ठक में टीटू अग्निहोत्री, टिंकू दीक्षित, अनुराग अग्निहोत्री, श्यामू चौहान, अजीत शुक्ला, सर्वेश चौरसिया, रिंकू दीक्षित, रजत त्रिपाठी, नीरज यादव आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में


### सरकारी विद्यालय के दो विद्यार्थियों का एलनाइप में चयन

समृद्धि न्यूज़,जलालाबाद। ब्लॉक क्षेत्र के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज, फतेहपुर जसोदा के विद्यार्थियों सोनम और आशीष ने प्रतिष्ठित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान, ग्वालियर एवं गोहाटी में चयनित होकर विद्यालय और जनपद का नाम रोशन किया है। विद्यालय के अनुसार, सरकारी विद्यालय से अध्ययन कर इस संस्थान तक पहुंचने वाले ये कन्नौज जनपद के प्रथम विद्यार्थी हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय उनके परिजनों, शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन के सहयोग को दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक के मार्गदर्शन तथा प्रधानाचार्य डॉ. विष्णुकांत गुप्ता के निरंतर सहयोग को भी महत्वपूर्ण बताया गया। पूर्व प्रधानाचार्य शिवमोहन सिंह कुशवाहा और शिक्षक राजकुमार के योगदान को भी सराहा गया। 15 अगस्त को इस उपलब्धि के लिए शिक्षक को राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार समाज कल्याण विभाग असीम अरुण तथा जिलाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया।

### करंट लगने से किसान की मौत, गांव में शोक

समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज। कोतवाली क्षेत्र की चौकी इंदिरानगर अंतर्गत गांव गौरियापुर में सुबह धान की फसल में पानी लगाते समय नलकूप की कोठरी में करंट लगने से 42 वर्षीय किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से गांव में हड़कंप मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गौरियापुर निवासी देव प्रकाश पुत्र राम प्रकाश गांव के ही प्रदीप तिवारी के साथ साझे पर धान की फसल कर रहा था। बुधवार सुबह करीब 8 बजे वह और प्रदीप खेत पर पानी लगाने गए थे। देव प्रकाश नलकूप की कोठरी में जाकर मोटर चालू करने लगा। इसी दौरान उसे बिजली का तेज करंट लग गया और वह बोर्ड में चिपक गया। काफी देर तक वह वहीं चिपका रहा। बिजली जाने के बाद वह नीचे गिर पड़ा। परिजन और साथी किसान उसे लेकर आनन-फानन में नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी और बच्चों को छोड़ गया है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

### राजीव गांधी के सपनों का भारत बनाने का संकल्प दोहराया: विजय मिश्र



समृद्धि न्यूज,गुरसहायगंज कन्नौज। पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश सचिव विजय मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश को 21वीं सदी की ओर ले जाने का सपना देखा था। नगर के राममंज स्थित शिविर कार्यालय में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी विजय मिश्रा ने कहा कि राजीव गांधी जी ने कंप्यूटर क्रांति, पंचायती राज और मताधिकार की आयु 21 से घटाकर 18 वर्ष करके युवाओं को देश की मुख्यधारा से जोड़ा। उनके विचार आज भी देश की तरक्की का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि आज देश को फिर से भाईचारे, विज्ञान और तकनीक के रास्ते पर चलने की जरूरत है। राजीव गांधी जी का बलिदान हमें देश सेवा और एकता के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर विजय मिश्रा ने राजीव गांधी जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष संजीव दुबे उर्फ मुन्ना जुगल पाठक दिलीप तिवारी सरफराज हुसैन मोहम्मद शमशाद डॉक्टर उषा दुबे प्रबल प्रताप आशुतोष बाजपेई सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजीव गांधी के बताए रास्ते पर चलने का लिया संकल्प



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।

पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती युवा कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष अम्बुज शुक्ला के नेतृत्व में मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान राजीव गांधी अमर रहें के नारे लगाए गए। जिलाध्यक्ष अम्बुज शुक्ला ने कहा कि राजीव गांधी 21वीं सदी के भारत के निर्माता थे। उन्होंने देश को कंप्यूटर और तकनीक की क्रांति से जोड़ने का काम किया। 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार देकर लोकतंत्र को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करके दी जा सकती है। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष विकास मिश्रा, जिला महासचिव अमोल दीक्षित, प्रदेश सचिव एनएसयूआई शिवम मिश्रा, निशांत मिश्रा, सम्राट दीक्षित, अवध बिहारी दीक्षित, आसिफ, विशाल राजपूत, अमन राठौर और प्रांजल शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने उनके विचारों को घर-घर पहुंचाने का संकल्प लिया।

# छात्रवृत्ति न मिलने पर इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों का हंगामा

- पांच माह से छात्रवृत्ति न मिलने का आरोप
- एसडीएम और सीओ ने संभाली स्थिति

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



तिर्वा स्थित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में छात्रवृत्ति न मिलने से नाराज सैकड़ों छात्रों ने गुरुवार को जमकर हंगामा और प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप था कि पांच माह बीतने के बाद भी उन्हें छात्रवृत्ति की धनराशि नहीं मिली है।

कॉलेज प्रशासन ने छात्रवृत्ति के लिए जरूरी डेटा समय से नहीं भेजा, जिसके कारण उनकी छात्रवृत्ति अटक गई है। करीब तीन घंटे तक चले हंगामे की सूचना पर तहसील प्रशासन और पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में करीब 710 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। छात्रों के मुताबिक, छात्रवृत्ति उनकी पढ़ाई के खर्च में काफी मददगार होती है। इस बार पांच माह से धनराशि नहीं मिलने पर उन्होंने कॉलेज प्रशासन से कई बार जानकारी की, लेकिन उन्हें केवल आश्वासन मिलता रहा। गुरुवार को छात्रों का सब्र जवाब दे गया। सैकड़ों छात्र बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए कॉलेज के मुख्य गेट पर पहुंच गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया।

कॉलेज प्रशासन की ओर से निदेशक मनोज शुक्ला और प्रबंधन ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन छात्र अपनी मांग पर अड़े रहे। छात्रों ने आरोप लगाया कि छात्रवृत्ति के लिए भेजे गए डेटा में खामियां थीं और उसे समय से नहीं भेजा गया। इसी वजह से उनकी छात्रवृत्ति रुकी हुई है। सूचना पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट वैशाली, सीओ कुलवीर सिंह, तहसीलदार अवनीश कुमार और कोतवाली प्रभारी संजय शुक्ला मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने छात्रों की समस्या सुनी और जल्द समाधान का आश्वासन दिया। इसके बाद करीब तीन घंटे बाद छात्र शांत हुए।

### किसी पात्र छात्र की पढ़ाई प्रभावित नहीं होने देंगे : असीम अरुण

समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने कहा कि प्रत्येक पात्र छात्र-छात्रा को छात्रवृत्ति का लाभ दिलाया जाएगा। प्रदेश सरकार का संकल्प है कि किसी भी बच्चे की पढ़ाई पैसे या तकनीकी बाधाओं के कारण प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि पात्र छात्रों की समस्या का समाधान प्राथमिकता से कराया जाएगा।

# वर्षों पुराने सिविल वाद का आपसी समझौते से निस्तारण

- डीएलएसए सचिव के प्रयास से दोनों पक्षों ने भुलाए गिले-शिकवे

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयास से वर्षों से न्यायालय में लंबित एक सिविल वाद का गुरुवार को आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण हो गया। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निर्देश और जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में मामले को मध्यस्थता के लिए डीएलएसए के समक्ष लाया गया था।डीएलएसए सचिव पीमेला श्रीवास्तव के प्रयास और दोनों पक्षों की काउंसलिंग के बाद पक्षकारों ने पुरानी कड़वाहट भुलाकर आपसी सहमति से विवाद समाप्त करने का निर्णय लिया। लंबे समय से मामला लंबित होने के कारण दोनों पक्ष मानसिक और आर्थिक परेशानी झेल रहे थे।

सचिव ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का उद्देश्य न्यायालयों का बोझ कम करने के साथ नागरिकों को त्वरित और सुलभ न्याय दिलाना है। समझौते से किसी पक्ष की हार-जीत नहीं होती, बल्कि सामाजिक सौहार्द मजबूत होता है। इस दौरान विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी, मध्यस्थ और दोनों पक्षों के परिजन मौजूद रहे।

# नेफ्रेक्टोमी टेक्नोलॉजी से मासूम को मिली जिंदगी

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



तिर्वा मेडिकल कॉलेज में डाक्टरों की टीम के प्रयास से जिंदगी जीने की राह ढूंढ रही एक 6 वर्षीय मासूम बच्ची को आखिर जीवन जीने की राह मिल गई। एक जटिल ऑपरेशन से बच्ची की जिंदगी को बचाया जा सका है।

बताते चलें कि, कन्नौज जिले के शिवाजी नगर निवासी जितेंद्र सिंह की 6 वर्षीय बेटी रेशू के पेट में एक किडनी जन्मजात खराब थी। बच्ची की अल्प आयु होने के कारण डाक्टर ऑपरेशन करने को तैयार नहीं हो रहे थे। समय गुजरने के साथ ही स्थित यह हो गई कि बच्ची के पेट में दर्द और सूजन बढ़ती ही चली गई। स्थित यहां तक पहुंच गई कि, मासूम बच्ची की किडनी में पानी भर गया, जिससे पेट से संबंधित अन्य हिस्सों में भी असहनीय दर्द का सिलसिला शुरू हो गया। गुर्दा भी 20 से 25 से.मी फूल गया था। जिंदगी मौत से जूझ रही बच्ची के परिवार को आखिर तिर्वा मेडिकल कॉलेज में उम्मीद की नई किरण दिखाई दी। बीते दो दिन पूर्व रेशू को परिजनों द्वारा मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में दिखाया गया। आखिर बच्ची को कॉलेज में भर्ती किया गया। ब्लड जांच के सैंपल से लेकर अल्ट्रासाउंड , सीटी स्कैन की जांच प्रक्रिया पूरी की गई। बीते बुधवार को बच्ची का मेजर ऑपरेशन थियेटर में कॉलेज के यूरोलॉजिस्ट डा. निखिल गुप्ता ने अपनी डाक्टरी टीम के साथ किया।

दो घंटे तक ऑपरेशन का सिलसिला जारी रहा, और खराब किडनी को बाहर निकाला गया।आखिर चिकित्सकीय टीम को सफलता हांथ लगी। बच्ची को नई जिंदगी मिलते ही परिजनों ने भी ईश्वर और चिकित्सकीय टीम को दुआओं के साथ बधाई दी। डा. निखिल ने बताया कि, बच्ची को दर्द से राहत मिल गई है। उन्होंने आगे बताया कि, धीरे धीरे घाव भरने के बाद आने वाले समय में रेशू पूरी तरह सामान्य जीवन जीने की राह पर होगी। मेजर ऑपरेशन प्रक्रिया के दौरान यूरोलॉजी और एनेस्थीसिया टीम में डा. निशांत रंजन, आकाश वर्मा, पीजी डा. सलमान, डा. शिव, एनेस्थीसिया से डा. राजीव रंजन, डा. रमाकांत, डा. सुरभि, के अलावा ओटी स्टॉफ सिस्टर इंचार्ज अनुपमा, नफीसा, शशी, आदि मौजूद रहे।

राजनीतिक साजिश का आरोप

# 12.47 करोड़ के मामले में मुकदमा दर्ज

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

12 करोड़ 47 लाख 499 रुपये से जुड़े मामले में कोर्ट के आदेश पर क्राइम ब्रांच ने मुकदमा दर्ज किया है। हरीम अहमद पुत्र हाजी अहमद की तहरीर पर दर्ज मुकदमे में धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेजों से संबंधित धाराओं 420, 467, 468 और 471 के तहत कार्रवाई की गई है।

मुकदमे में अंकित उर्फ गोल्डी मिश्रा, विवेक नारायण मिश्रा, कुमुदनी मिश्रा उर्फ कोमल, युवराज मिश्रा और रतिराम सहित अन्य लोगों के नाम शामिल हैं। मुकदमा दर्ज होने के बाद क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस दस्तावेजों, लेनदेन और मामले से जुड़े अन्य तथ्यों की





पड़ताल कर रही है। वहीं, नामजद विवेक नारायण मिश्रा ने आरोपों को राजनीतिक साजिश बताया है। फोन पर बातचीत में उन्होंने कहा कि राजनीतिक साजिश के तहत उनके बेटे और परिवार के अन्य सदस्यों को मामले में फंसाया गया है। उन्होंने जल्द प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरे मामले से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य मीडिया के सामने रखने की बात कही। बताया गया है कि शिकायतकर्ता हाजी अहमद वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष के पति और उनके प्रतिनिधि हैं। इसी कारण मामले को लेकर राजनीतिक चर्चाएं भी तेज हो गई हैं। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

### गोल्डी मिश्रा गिरफ्तार

मुकदमा दर्ज होने के बाद गुरुवार को क्राइम ब्रांच ने नामजद आरोपी अंकित उर्फ गोल्डी मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मामले में जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एचपीवी टीकाकरण का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करें: डीएम

- प्राथमिकता से उपचार दिलाने के निर्देश

समृद्धि न्यूज,कन्नौज।



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

उन्होंने एचपीवी टीकाकरण में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने और टीकाकरण का क्रॉस-वेरिफिकेशन कराने को कहा। जनपद में निर्धारित 20,075 के लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 7,948 बालिकाओं को टीका लगाया जा चुका है। आरबीएसके के तहत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में 656 छात्राओं में से 577 का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें 65 छात्राओं को मौके पर उपचार और दवाएं दी गईं, जबकि 100 को विशेषज्ञ उपचार के लिए उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया गया।

डीएम ने रेफर छात्राओं को प्राथमिकता से निशुल्क उपचार दिलाने और शेष 35 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण जल्द कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना में भुगतान की प्रगति एक सप्ताह में 75 प्रतिशत करने को कहा। यू-विन पोर्टल की नियमित निगरानी, आभा आईडी बनाने में तेजी और स्वास्थ्य योजनाओं के भौतिक सत्यापन के भी निर्देश दिए। आयुर्वेदिक चिकित्सालयों के निर्माण में गुणवत्ता जांच कर शेष कार्य समय से पूरा कराने को कहा।

## अवैध कब्जे के खिलाफ धरना 17वें दिन भी जारी

समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ, कन्नौज।

ग्राम बहबलपुर में अवैध कब्जे और सरकारी भूमि को सुरक्षित कराने की मांग को लेकर चल रहा धरना प्रदर्शन गुरुवार को 17वें दिन भी जारी रहा। जबकि बुधवार को तहसीलदार के नेतृत्व में नगर पालिका, राजस्व व चकबंदी अधिकारी, पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के जनता दर्शन में दिए गए आदेश के बाद तहसीलदार अभिनव कुमार, नगर पालिका ईओ अजय कुमार, चकबंदी सीओ, राजस्व लेखपाल, कानूनगो और प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे सहित अन्य अधिकारियों ने धरना स्थल पर पहुंचकर मौका मुआयना किया। आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को अधिकारियों ने समस्या के निस्तारण का पूरा आश्वासन दिया। अधिकारियों ने संबंधित भूमि और अभिलेखों की जानकारी ली।

# मुनीम से लूट के मामले में चालक सहित तीन गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।


घटना का खुलासा करती एसपी

मोहम्मदाबाद में मुनीम से हुई 30 लाख रुपये की लूट के मामले में चालक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 24 लाख रुपये नकद और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि 19 अगस्त नवीन कुमार अग्रवाल पुत्र राजेन्द्र कुमार अग्रवाल निवासी वृंदावन जनपद मथुरा ने कोतवाली मोहम्मदाबाद पर तहरीर दी गई कि मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्ति वादी की फर्म के कर्मचारियों से बैग लूट कर ले गये हैं। प्राप्त तहरीर के आधार पर कोतवाली मोहम्मदाबाद पर धारा 309 (4) बीएनएस बनाम मोटरसाइकिल सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आये 03 अभियुक्तगण शिवकुमार, विशाल उर्फसीटू, उमेश उर्फ ततैया को मुखबिर की सूचना पर लूटे गये 24,0000/ (चौबीस लाख रुपये) सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त उमेश उर्फ ततैया उपरोक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बरामद कर अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज की गई है तथा मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी कर अभियुक्तगण उपरोक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ में बताया कि अभियुक्त शिवकुमार जीबीए स्टील लिमिटेड शिकोहाबाद में चालक है तथा फर्म के मुनीम संदीप गौतम के साथ रुपये लाने-ले जाने का कार्य करता है। उसे पूर्व से जानकारी थी कि 18 अगस्त को संदीप के साथ फर्रुखाबाद से रुपये लेकर जाना है। इस पर उसने अपने भाई कुंवर बहादुर उर्फ सोनू, विशाल उर्फ सीटू व उमेश उर्फ ततैया के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। शिकोहाबाद ने खाद्, श्याम मंदिर के पास बेवर रोड पर सुनसान स्थान पर हार्न चेक करने के बहाने कार रोक दी, तभी सोनू, विशाल एवं उमेश मोटरसाइकिल से पहुंचे और संदीप को तमंचा दिखाकर रुपये से भरा बैग लूट लिया। लूटे गये बैग को वीरपुर गांव के पास झाड़ियों में छिपा दिया गया। 19 अगस्त को चारों अभियुक्त रुपये निकालने पहुंचे और बैग से कुल 30 लाख रुपये बरामद होने पर आपस में बांट लिए। पुलिस द्वारा अभियुक्त शिवकुमार पुत्र विजय पाल के कब्जे से 9,75,000 रुपये, विशाल उर्फसीटू पुत्र उपेन्द्र सिंह के कब्जे से 8,25,000 रुपये तथा उमेश उर्फ ततैया पुत्र कुंवरपाल निवासीगण ग्राम कल्होर पछाह थाना घिरोर जनपद मैनपुरी के कब्जे से 6,00,000 रुपये बरामद किये गये, जबकि अभियुक्त कवंर बहादुर उर्फसोनू 6,00,000 रुपये लेकर फरार हो गया। गिरफ्तार करने वाली टीम में पुलिस उपाधीक्षक/कोतवाली प्रभारी आमोद कुमार सिंह, निरीक्षक अपराध मुन्नालाल व उनकी टीम, स्वाट टीम प्रभारी संत कुमार व उनकी टीम व सर्विलांस टीम मौजूद रही।

# बीडीओ ने साप्ताहिक बैठककर दिया शिक्षा पर जोर

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।


बैठक लेते बीडीओ मौजूद सचिव

विकास खंड कार्यालय पर विकास खंड अधिकारी अमरेश सिंह चौहान ने ग्राम पंचायत सचिवों की साप्ताहिक बैठक बुलाई। बैठक में आईजीआरएस तथा फार्मर रजिस्ट्री जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहनता से चर्चा की गई। विकास खंड अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों को बारी-बारी गांव के विकास, प्रधानमंत्री आवास सर्वेक्षण तथा मुख्यमंत्री आवास चयन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

बीडीओ ने पंचायत सहायकों की उपस्थिति का जायजा लिया। किसी भी ग्राम पंचायत में शत-प्रतिशत उपस्थिति नहीं पाई गई, कहीं 5 दिन, कहीं 3 दिन तो कहीं 2 दिन की उपस्थिति मिली। इस पर बीडीओ ने सचिवों को निर्देश दिए कि मानदेय पूरी तरह रोकने के बजाय जितने दिन कार्य किया गया है, उतने दिन का मानदेय देकर आवश्यक कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री स्तर पर शिक्षा समीक्षा के उपरांत जिलाधिकारी के निर्देशों का हवाला देते हुए बीडीओ ने विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारने पर बल दिया। सभी सचिवों को अपने-अपने क्षेत्र के स्कूलों में कायाकल्प योजना के तहत व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने के सख्त निर्देश दिए गए। बैठक में एडीओ पंचायत किशन पाल सिंह, एडीओ ग्राम्य विकास सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत सचिव प्रमोद शुक्ला, बृजेश कुमार, अरविंद कुमार, आनंद गंगवार, सुनील कुमार, मोतीलाल, प्रवीण कुमार, कामता प्रसाद पटेल, वेद प्रकाश, अनुराग सिंह सहित समस्त ग्राम सचिव व ग्राम विकास अधिकारी मौजूद रहे।

# बच्चों ने अपने सपनों से अधिकारियों को कराया रूबरू


बच्चों से संवाद करती बीडीओ मोहम्मदाबाद

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

थाना क्षेत्र के वीरपुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में गुरुवार को सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता दुर्ग कुमार, मोहम्मदाबाद बीडीओ डॉ0 फरहाना खान और ग्राम विकास सहायक अधिकारी सुखदेश कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ कक्षा आठ के छात्र-छात्राओं से बातचीत कर उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। अधिकारियों ने बच्चों से पूछा कि वे बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं। इस पर किसी बच्चे ने डांस के क्षेत्र में जाने की इच्छा जताई तो किसी ने आईएएस अधिकारी बनने का सपना बताया। अधिकारियों ने बच्चों के परिजनों और उनके परिवार से जुड़ी जानकारी भी ली। इसके बाद बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और मेन्यू के बारे में जानकारी ली गई। बच्चों ने बताया कि उन्हें केला, दूध और दलिया दिया गया। दोपहर के भोजन में काली दाल, रायता, चावल और रोटी शामिल थी। अधिकारियों ने भोजन को स्वयं खाकर उसकी गुणवत्ता भी परखी। मोहम्मदाबाद बीडीओ डॉ. फरहाना खान ने बच्चों से योग, दौड़ और खेलकूद से संबंधित जानकारी भी ली। बच्चों की दिनचर्या और विद्यालय में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के खेल मैदान को और बड़ा करने की आवश्यकता पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों ने विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल और सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

## रेलवे ट्रैक के पास मिला किशोरी का शव


मृतका का फाइल फोटो

समृद्धि न्यूज,कायमगंज। कायमगंज के नगला मुकुट गांव में गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास किशोरी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान कोमल उम्र 17 वर्षीय पुत्री आमोद शर्मा के रूप में हुई है। वह बुधवार शाम से घर से लापता थी। शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया और गांव में हड़कंप की स्थिति बन गई। परिजनों के अनुसार कोमल मानसिक रूप से अस्वस्थ थी। बुधवार शाम वह अचानक घर से निकल गई थी। देर रात तक वापस नहीं लौटने परिजनों ने आसपास और रिश्तेदारों के यहां तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला।

गुरुवार सुबह रेलवे ट्रैक के पास शव मिलने की सूचना राहगीरों ने परिवार को दी। कोमल के भाई कौशल ने बताया कि उसने इसी वर्ष 12वीं की परीक्षा पास की थी। बुधवार शाम वह घर से अचानक चली गई थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे रहे। पिता जयपुर में सिलाई का काम करते है। घर पर उसकी मां सोनी देवी, बड़ा भाई कौशल और छोटा भाई गन रहते हैं। घटना की जानकारी पिता को दे दी गई है। शव की पहचान होने के बाद घर में मातम छा गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि किशोरी रेलवे ट्रैक तक कैसे पहुंची और उसकी मौत ट्रेन की चपेट में आने से हुई या इसके पीछे कोई अन्य वजह है। फिलहाल मौत की वास्तविक वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

# नोडल अधिकारियों ने विद्यालयों का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देश पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं छात्रावासों में नोडल अधिकारियों द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य विद्यालयों में शैक्षणिक एवं आवासीय व्यवस्थाओं, छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं तथा साफ-सफाई एवं भोजन व्यवस्था की गुणवत्ता का जायजा लेना रहा।

नोडल अधिकारियों द्वारा राजकीय संकेत विद्यालय फतेहगढ़, मानसिक मंदित आश्रय गृह, राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय मोहम्मदाबाद, राजकीय अनुसूचित जाति छात्रावास कायमगंज, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़, फिरोज गांधी जनता इंटर कॉलेज कमालगंज, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गांधी/कमालगंज, राजेपुर, कायमगंज, शमसाबाद एवं नवाबगंज तथा राजकीय बालिका छात्रावास जमापुर, राजेपुर और जवाहर नवोदय विद्यालय मोहम्मदाबाद सहित विभिन्न संस्थानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय एवं छात्रावासों में मिड-डे-मील योजना, भोजन की गुणवत्ता, पेयजल, कार्यालय, शौचालय एवं परिसर की साफ-सफाई, छात्रावासों में बेड एवं कमरों की व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया। संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अध्यापकों की कार्यप्रणाली एवं छात्र-छात्राओं के प्रति व्यवहार की भी समीक्षा की गई। जर्जर भवनों में कक्षाएं संचालित न किए जाने तथा विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्यालयों में सह-पाठ्यगामी गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा कार्यकाल योजना के अंतर्गत सभी विद्यालयों का कार्यक्रम संचालित कराने के निर्देश दिए गए। अभ्युदय कोचिंग में नवागत अधिकारियों के लिए प्रतिदिन एक घंटे का समय निर्धारित किए जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद के विद्यालयों एवं छात्रावासों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण, स्वच्छ परिसर, गुणवत्तापूर्ण भोजन एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराते हुए व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### रिश्वत लेते पकड़े गये जेई व लाइनमैन को भेजा जेल

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** भ्रष्टाचार में लिप्त विद्युत विभाग के जेई व लाइनमैन को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े जाने के बाद विभागीय कार्यवाही कर थाने में मुकदमा दर्ज कराकर दोनों को जेल भेज दिया। बीते दिन विद्युत विभाग के जेई अजीत राजपूत के खिलाफ थाना कमालगंज के ग्राम गुगौरा निवासी शिकायतकर्ता मंसाराम पुत्र राजेंद्र ने एंटी करप्शन टीम से शिकायत की थी। टीम ने पहुंचकर जाल बिछाया। मंसाराम ने जैसे ही जेई अजीत राजपूत को रुपये लेने को कहा तो उसने कहा कि हमारे लाइनमैन को दस हजार रुपये दे दो, तभी एंटी करप्शन टीम ने जेई अजीत राजपूत व उसका साथी लाइनमैन चंद्रभान को रंगेहाथ दबोच लिया। विभागीय कार्यवाही करने के बाद देर रात मुकदमा दर्ज दोनों आरोपियों के खिलाफ कराया गया। उसके बाद दोनों को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया। जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। बताते चले कि जेई अजीत राजपूत के खिलाफ काफी समय से भ्रष्टाचार को लेकर विभाग के संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा रही थी, लेकिन विद्युत विभाग के किसी भी जिम्मेदार अधिकारी ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। विभागीय अधिकारियों व राजनैतिक संरक्षण मिलने के चलते जेई के हौसले बुलंद थे।

### करंट की चपेट में आने से महिला व युवती झुलसी

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव उलियापुर में बिजली के करंट की चपेट में आने से एक महिला और एक युवती झुलस गईं। यह घटना दुर्गा टॉकीज के पास उनके घर में हुई। परिजनों और स्थानीय लोगों ने दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार उलियापुर स्थित दुर्गा टॉकीज के पास रहने वाली नीलम 35 वर्ष पत्नी संजीव और उनके देवर की बेटी आरती 20 वर्ष गुरुवार को अपने घर में घरेलू काम कर रही थीं। इसी दौरान बिजली के मीटर से घर के अंदर जा रही केबल में करंट फैल गया। बताया गया कि यह करंट लोहे के दरवाजे में भी उतर आया। दोनों महिलाएं इसी दरवाजे के संपर्क में आ गईं, जिससे वे गंभीर रूप से झुलस गईं। हादसे के बाद मौके पर मौजूद परिजनों और आसपास के लोगों ने तुरंत बिजली आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज मे लाकर भर्ती कराया।

### एमडीएम राशन चोरी मामले में बीईओ ने भेजी रिपोर्ट

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** नगर पंचायत क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय ददौआ/दवा हुआ में बीते दिनों इंचार्ज प्रधानाध्यापक की अनुपस्थिति में विद्यालय स्टाफद्वारा बच्चों के एमडीएम का राशन गायब करने का एक ऑडियो वायरल हुआ था। इस मामले को समृद्धि न्यूज़ अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद विभागीय अधिकारियों ने इसका संज्ञान लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए खंड शिक्षा अधिकारी ने मौके पर जाकर जांच–पड़ताल की। जांच पूरी होने के बाद उन्होंने उच्च अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध अपनी रिपोर्ट बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय को भेज दी, लेकिन अब हैरानी की बात यह है कि दोषी अध्यापकों को बार–बार कार्यालय बुलाकर वापस भेज दिया जाता है और उन्हें एक–दो दिन बाद दोबारा आने के लिए कहा जाता है। इन परिस्थितियों से साफजाहिर होता है कि चंद पैसों के लालच में इस मामले और जांच रिपोर्ट को ठंडे बस्ते में डालने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में जब बेसिक शिक्षा अधिकारी से फोन पर बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मामले की जांच की गई है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि दोषियों के खिलाफयह कार्रवाई आखिर कब होगी।

# 45 फीट गहरे जहरीले कुएं में गिरी पांच साल की मासूम


रेस्क्यू के लिए जाता सिपाही मनोज


पुलिस से हाथापाई करता युवक

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

तहसील क्षेत्र के रसीदाबाद बल्लभ नगरी में एक बड़ा हादसा हो गया। प्राथमिक विद्यालय से पढ़ाई के बाद घर लौट रही 5 वर्षीय मासूम सौम्या जर्जर कुएं की पटिया टूटने से ढाई फुट चौड़े और 45 फीट गहरे कुएं में जा गिरी। कुएं में जहरीली गैस का रिसाव होने से रेस्क्यू में भारी परेशानी आई, लेकिन कोतवाली पुलिस के जांबाज सिपाही मनोज ने अपनी जान जोखिम में डालकर मासूम को सकुशल बाहर निकाल लिया। जानकारी के अनुसार शिवरई मठ के मजरा जहानपुर निवासी पवन कुमार भदौरिया जो दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करते हैं की 5 वर्षीय पुत्री सौम्या अपनी बहनों अनन्या, लवन्या और गांव के अन्य बच्चों पूजा, सपना, गौरी, परी, अन्नू, छवि के साथ प्राथमिक विद्यालय से घर लौट रही थी। रास्ते में सड़क किनारे बने एक पुराने कुएं पर रखी पटिया पर सौम्या उछलने लगी। अचानक पटिया टूट गई और वह सीधे 45 फीट गहरे कुएं में जा समाई।

## अस्पताल में उपचार जारी रेस्क्यू के दौरान हंगामा

बेहोशी की हालत में सौम्या को तुरंत सीएचसी की मेडिकल टीम ने संभाला।

जहां से उसे लोहिया अस्पताल भेजा गया। मासूम की मां सपना गांव में ही आशा कार्यकत्री हैं। बच्ची के सही-सलामत बाहर आते ही परिजनों और पुलिस-प्रशासन ने राहत की सांस ली। हालांकि, रेस्क्यू के दौरान मौके पर जुटी भारी भीड़ को जब पुलिस हटाने की कोशिश कर रही थी, तब गांव के ही एक फौजी ने पुलिसकर्मियों के साथ हाथापाई कर दी। सीओ व अन्य पुलिस कर्मियों ने उसे किसी तरह वहां हटाया।

### जहरीली गैस के कारण विफल हुए शुरुआती प्रयास

बच्चों के शोर मचाने पर गांव के मुकेश और गुड्डू ने रस्सी के सहारे कुएं में उतरने की कोशिश की, लेकिन जहरीली गैस के रिसाव के कारण दम घुटने लगा और उन्हें पीछे हटना पड़ा। सूचना मिलते ही डायल 112, क्राइम इंस्पेक्टर बी यादव, एसडीएम अभिषेक वर्मा, नायब तहसीलदार अनवर हुसैन, सीओ राजेश कुमार द्विवेदी, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की टीम, डॉ0 विपिन कुमार व डा0 अमरेश कुमार के साथ मौके पर पहुंची।

### सिपाही मनोज की अद्भुत जांबाजी

संकरे कुएं और जहरीली गैस की वजह से दमकलकर्मी भी नीचे उतरने में असफल रहे। सिपाही मनोज ने पहली बार प्रयास किया तो दम घुटने लगा, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। चौथे प्रयास में सिपाही मनोज ने अपने पैरों में ऑक्सीजन सिलेंडर बांधा, मुंह पर मास्क लगाया और 45 फीट गहरे कुएं में उतर गए। करीब 3 घंटे चले सांसें थमा देने वाले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद मनोज मासूम सौम्या को सकुशल बाहर निकाल लाए।

# पिता की मौत के गम में युवक ने खाया जहर, मौत

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

थाना मऊ दरवाजा क्षेत्र के ग्राम आरमपुर में पिता के निधन के वियोग में एक 30 वर्षीय युवक ने विषाक्त पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों द्वारा गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए युवक की इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। आरमपुर निवासी स्वर्गीय रामसिंह के 30 वर्षीय पुत्र मुकेश अपने पिता की मृत्यु के बाद से अत्यधिक तनाव और अवसाद में थे। परिजनों के अनुसार, 6 दिन पहले ही मुकेश के पिता का देहांत हुआ था, जिसके बाद से वह काफी गुमसुम रहने लगे थे। देर रात मुकेश की हालत बिगड़ने और उनके बेहोश होने पर परिजनों को मामले की जानकारी हुई। आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों के अथक प्रयासों के बावजूद इलाज के दौरान देर रात उन्होंने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया है और पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक मुकेश की शादी 10 वर्ष पूर्व हुई थी और उनके चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। पिता की मृत्यु के हफ्ते भर के भीतर ही मुकेश के इस आत्मघाती कदम से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# प्राइवेट अस्पताल की लापरवाही से प्रसूता की मौत

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- बच्चे को जन्म देने के बाद हुई ब्लीडिंग
- मृतका के पति ने थाने में दी तहरीर
- अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

जिले में प्राइवेट अस्पतालों की लापरवाही का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर एक निजी अस्पताल की घोर लापरवाही के चलते एक प्रसूता की जान चली गई। महिला ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया था, लेकिन डिलीवरी के बाद अत्यधिक ब्लीडिंग होने के कारण उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि मरीज की हालत बिगड़ने पर अस्पताल प्रशासन ने इलाज करने के बजाय उन्हें बाहर निकाल दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश शंखवार ने अपनी पत्नी रोशनी तिवारी को प्रसव पीड़ा होने पर नेकपुर स्थित मेडियस अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल में रोशनी ने स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया, जिससे शुरुआत में परिवार में खुशी का माहौल था।


मृतका का फाइल फोटो

डिलीवरी के तुरंत बाद रोशनी को अत्यधिक ब्लीडिंग होने लगी और उनकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। मृतका की बहन चांदनी देवी और ननद आंचल सिंह ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अस्पताल के कर्मचारियों और डॉक्टरों की घोर लापरवाही के कारण रोशनी की ब्लीडिंग बंद नहीं हुई। इलाज में कोताही बरती गई, जिसके चलते अस्पताल परिसर में ही उनकी मौत हो गई। जब रोशनी की हालत अत्यधिक बिगड़ गई या मौत हो गई, तो अस्पताल प्रशासन ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ते हुए परिजनों से कहा कि इसे यहाँ से बाहर ले जाओ और उन्हें अस्पताल से निकाल दिया।

अस्पताल से निकाले जाने के बाद, बदहवास परिजन आनन-फानन में रोशनी को लेकर डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। वहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टरों ने जांच के बाद रोशनी को मृत घोषित कर दिया। लोहिया अस्पताल प्रशासन ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है और पोस्टमार्टम के लिए पुलिस को आधिकारिक सूचना भेज दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की आधिकारिक पुष्टि हो सकेगी। घटना के बाद से मृतका के पति राकेश, बहन चांदनी, ननद आंचल और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जिस घर में बच्चे के जन्म की खुशियां मनाई जानी थीं, वहां अब मातम पसरा हुआ है। मृतका के पति ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग की है।

# चकबंदी के दौरान ग्रामीणों ने कानूनगो-लेखपालों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।


मौके पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण

थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बराकेशव के मजरा नगला जब्ब में गुरुवार दोपहर चकबंदी की कार्रवाई के दौरान विवाद हो गया। खेत में धान की फसल खड़ी होने के बाद भी चकबंदी के लिए पैमाइश किए जाने का विरोध करते हुए किसानों ने लेखपाल व कनूनगो की टीम पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इससे चार लेखपाल, दो कानूनगो के अलावा बचाने आई दो महिलाएं घायल हो गईं। बचने के लिए घर में घुसने पर किसानों ने दरवाजे तोड़ दिए। कुर्सी-मेज भी तोड़फोड़ कर दी। यूपी 112 पुलिस के पहुंचने पर भी किसान मारपीट करते रहे। स्थिति गंभीर देख थाने में फोर्स बुला लिया गया, तब हमलावर वहां से भाग गए। पुलिस सभी आठों घायलों को सीएचसी लेकर पहुंची और उपचार कराया।

गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे ग्राम पंचायत बराकेशव के मजरा नगला जब्ब में चकबंदी का काम चल रहा था। चकबंदी लेखपाल राशिद अली, अविनाश, सत्यप्रकाश, सुरजीत और कानूनगो महिपाल व शिवकुमार खेतों की पैमाइश करने पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर ग्रामीणों और चकबंदी कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और ग्रामीणों ने कानूनगो महिपाल, कानूनगो शिवकुमार तथा लेखपाल सुरजीत, सत्य प्रकाश, अविनाश और राशिद के साथ मारपीट कर दी। कर्मचारियों को ग्रामीणों ने काफी दूर तक दौड़ाया। मारपीट से बचने के लिए कानूनगो और लेखपाल नगला जब्ब निवासी सुरेंद्र सिंह यादव के घर में घुस गए। इसके बाद उन्होंने थाना पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने लाठी फटकारकर स्थिति को नियंत्रित किया और कानूनगो-लेखपालों को सुरक्षा व्यवस्था के बीच थाने लेकर आई। मारपीट के दौरान नगला जब्ब निवासी प्रेम कांति पत्नी रामसेवक और गुड्डी देवी पत्नी सुरेंद्र के भी चोटें आने की जानकारी सामने आई है। विवाद के दौरान एक बाइक और कुर्सी तोड़े जाने की भी बात कही गई है। पुलिस ने सभी घायलों को चिकित्सीय परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेजा है। प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि सभी का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। तहरीर और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं ग्रामीणों व राजस्व कर्मियों का कहना है कि कई किसान ऐसे हैं जिनके नाम केवल तीन बीघा जमीन है। पर वह 15 बीघा खेत जोत रहे हैं। अब चकबंदी प्रक्रिया के दौरान पैमाइश होने पर उन्हें अपनी जमीन जाती दिखाई दे रही है। इसके चलते ही किसान खेत में धान की फसल खराब होने का बहाना बनाकर विरोध कर रहे हैं। इसके चलते ही राजस्व कर्मियों पर हमला किया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों को तलाश किया जा रहा है।

# डीएम के निर्देश पर रा.मा. विद्यालयों एवं रा.बा. छात्रावासों का किया गया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में जनपद के समस्त राजकीय माध्यमिक विद्यालयों एवं राजकीय बालिका छात्रावासों का विभिन्न अधिकारियों द्वारा निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता के साथ-साथ मूलभूत सुविधाओ, स्वच्छता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के साथ नियमित संवाद स्थापित करने तथा विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने पर जोर दिया जा रहा है। वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय परिसर में स्वच्छता एवं जलभराव की समस्या के समाधान के लिए विशेष साफ-सफाई सुनिश्चित कराई जा रही है। नियमित रूप से शिक्षक-शिक्षिकाओं, अधिकारियों, अभिभावकों एवं एसएमसी के सदस्यों तथा बच्चों के मध्य संवाद स्थापित करने और पीटीए की बैठकों का आयोजन कराने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विद्यार्थियों को स्वच्छ, सुरक्षित, सुविधायुक्त एवं गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक वातावरण उपलब्ध कराने के साथ विद्यालयों में शिक्षा, खेलकूद, कला एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित रूप से आयोजन सुनिश्चित कराया जा रहा है। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्यालयों एवं छात्रावासों के निरीक्षण के दौरान पाई जाने वाली कमियों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण कराया जाए तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षिक वातावरण एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। प्रशासन का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सुरक्षितए स्वच्छ एवं सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराते हुए उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है।

# ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की हुई बैठक

## बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा पर दिया जोर

**समृद्धि न्यूज, कायमगंज।**



बैठक को संबोधित करती ब्लाक प्रमुख

विकास खण्ड कायमगंज के सभागार में गुरुवार को ब्लॉक बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ब्लॉक प्रशासक अनुराधा दुबे और खंड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से की। बैठक का मुख्य फोकस बच्चों की शिक्षा, उनके संरक्षण और सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने पर रहा।

ब्लॉक प्रशासक अनुराधा दुबे ने महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बालक-बालिकाओं की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि ग्राम सभा स्तर पर विशेष अभियान चलाकर बच्चों को विद्यालयों से जोड़ा जाए, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। खंड विकास अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह ने विषम परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे बच्चों के प्रति समाज को संवेदनशील होने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई बच्चा कुछ दिनों से अकेला या गुमसुम रहता है, तो उसे नजरअंदाज न करें। उस पर तुरंत ध्यान दें और उससे बात करें, क्योंकि यह किसी दुर्व्यवहार का संकेत हो सकता है। बाल संरक्षण अधिकारी सचिन सिंह ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को बच्चों की सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर प्रशिक्षित किया। बाल तस्करी (ट्रैफिकिंग), बालश्रम और बाल विवाह की रोकथाम, संकट की स्थिति में चाइल्ड हेल्प लाइन नं0 1098 और इमरजेंसी नंबर 112 के उपयोग की जानकारी आदि की जानकारी दी। उन्होंने माता-पिता को सलाह दी कि वे अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर बच्चों के साथ खेलें और उनके साथ दोस्ताना व्यवहार रखें, ताकि बच्चे बिना किसी डर के अपने मन की बात साझा कर सकें। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि मुकेश कुमार, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अखिलेश कुमार, बीसीपीएम विनय मिश्रा, आंकड़ा विश्लेषक सुनील वर्मा, चाइल्ड हेल्पलाइन काउंसलर ज्योति शर्मा और मुख्य सेविका शर्मिला उपस्थित रहीं।

## इग्नू अध्ययन केंद्र में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 31 अगस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ स्थित डीएन कॉलेज में संचालित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के अध्ययन केंद्र में जुलाई सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अब 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी इग्नू के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने दी। उन्होंने बताया कि प्रमुख विषय हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, समाजशास्त्र और लोक प्रशासन जैसे विषयों में डिग्री व डिप्लोमा उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की आधिकारिक वेबसाइट या सीधे पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इग्नू की उपनिदेशक डॉ0 अनामिका मिश्रा ने बताया कि इग्नू में वर्तमान में शिक्षा प्राप्त कर रहे स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी भी अपनी आगे की पढ़ाई जारी रखने के लिए 31 अगस्त तक वेबसाइट पर जाकर अपना पुनः पंजीकरण करा सकते हैं।

## वाहन की टक्कर से बिजली का खंभा टूटा, हादसा टला


क्षतिग्रस्त विद्युत पोल

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।** नगर के बाईपास मार्ग पर गुरुवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से बिजली का खंभा टूट गया। खंभा टूटकर पास से गुजर रही विद्युत लाइन पर जा गिरा, जिससे बिजली के तारों में फॉल्ट हो गया। गनीमत रही कि आसपास मौजूद लोगों ने समय रहते स्थिति को भांप लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तत्काल विद्युत विभाग के कर्मचारियों को फोन कर घटना की जानकारी दी और विद्युत आपूर्ति बंद कराई। बिजली सप्लाई बंद होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोगों ने बताया कि यदि समय रहते बिजली आपूर्ति बंद नहीं कराई जाती तो करंट की चपेट में आने से बड़ा हादसा हो सकता था। इसके बाद लोगों ने नगर पंचायत कार्यालय को भी टूटे खंभे की सूचना दी। सूचना मिलते ही नगर पंचायत के कर्मचारी कल्लू ठाकुर, देव सिंह आदि मौके पर पहुंचे और टूटे हुए खंभे को दुरुस्त कराया। कर्मचारियों की तत्परता से मार्ग पर उत्पन्न हुई समस्या को दूर किया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि बायपास मार्ग पर वाहनों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है। ऐसे में बिजली के खंभों और विद्युत लाइनों की सुरक्षा को लेकर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना से कोई बड़ा हादसा न हो।

## नगर पालिका की अनदेखी से नाराज सफाई मजदूर संघ

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।** स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ ने नगर पालिका प्रशासन पर कर्मचारियों की समस्याओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। पालिका प्रशासन की उदासीनता से नाराज होकर संघ के पदाधिकारियों ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा कि सफाई मजदूर संघ ने 5 अगस्त को कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु एक सात सूत्रीय मांग पत्र सौंपा था। संघ ने मांग पत्र में नगर पालिका प्रशासन से अनुरोध किया था कि 15 दिन के भीतर समस्याओं का समाधान कर संगठन को लिखित रूप में अवगत कराया जाए। 19 अगस्त की समय सीमा बीत जाने के बावजूद, नगर पालिका प्रशासन ने न तो किसी समस्या का निदान किया और न ही संगठन को कोई लिखित जवाब दिया। संघ ने जिलाधिकारी से मामले का तुरंत संज्ञान लेने की अपील की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि नगर विकास मंत्री, मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग को भेजी है। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष नीरज कुमार वाल्मीकि, राधेश्याम बाल्मीकि, घनश्याम बाबू, नन्दकिशोर बाल्मीकि, रामलखन बाल्मीकि मौजूद रहे।

# कांग्रेस का संगठन सृजन अभियान तेज, टटोली जमीनी नब्ज


पर्यवेक्षक के साथ कांग्रेस नेता

**समृद्धि न्यूज,फर्रुखाबाद।**

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सृजन अभियान के तहत जिले में कांग्रेस की जड़ों को मजबूत करने और संगठन को नई ऊर्जा प्रदान करने के लिए गतिविधियां तेज हो गई हैं। राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष एवं महिला पर्यवेक्षक सारिका सिंह ने फतेहगढ़ का दौरा कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा और जमीनी हकीकत की समीक्षा की। पर्यवेक्षक सारिका सिंह ने भोलेपुर स्थित बार एसोसिएशन फतेहगढ़ के अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित के आवास पर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित कर जिले में पार्टी की वर्तमान स्थिति, चुनौतियों और भावी कार्ययोजना का गहन जायजा लिया गया। चर्चा का मुख्य केंद्र संगठन की सक्रियता बढ़ाना, कार्यकर्ताओं को एकजुट करना और नए जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया रहा। पर्यवेक्षक ने सख्त लहजे में स्पष्ट किया कि संगठन को सशक्त बनाने के लिए केवल समर्पित, संघर्षशील और सक्रिय कार्यकर्ताओं को ही तरजीह दी जाएगी। बार एसोसिएशन अध्यक्ष शशि भूषण दीक्षित ने सुझाव दिया कि जिलाध्यक्ष पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी किसी युवा चेहरे को सौंपी जानी चाहिए। बैठक में जिलाध्यक्ष शकुंतला देवी, मनोज यादव, विनीत कटियार, अरुण सोमवंशी, ललित राजपूत, हेमंत दुबे, हिमांशु यादव, अंकुश राजपूत, आशुतोष राठौर, दीप्ति, कविता ने अपने सुझाव रखे।

वर्तमान में कांग्रेस जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी शकुंतला देवी संभाल रही हैं। दौर के बाद यह उम्मीद जताई जा रही है कि जनपद में कांग्रेस संगठन को जल्द ही एक नया स्वरूप और मजबूत दिशा मिलेगी।

## कार्यकर्ताओं ने मनाया भाजपा जिलाध्यक्ष का जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष फतेह चंद वर्मा का जन्मदिन पर जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष के पार्टी कार्यालय पहुंचने पर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन कार्यकर्ता आधारित संगठन है। पार्टी में कोई भी कार्यकर्ता छोटा या बड़ा नहीं होता। 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए अभी से प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा के साथ संगठन के कार्यों में जुट जाने की आवश्यकता है। इस दौरान कुलदीप गंगवार, गोपाल राठौर, हिमांशु गुप्ता, अमर सिंह कटेरिया, बबीता पाठक, वीरेंद्र कटेरिया, अभिषेक बाथम, मनोज गंगवार, प्रबल त्रिपाठी, संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, श्वेता दुबे, प्रतिभा सिंह राजपूत, ममता सक्सेना, मीरा सिंह, डॉ. उदय प्रताप सिंह, डॉ. नितिन प्रताप सिंह, अनुराग सिंह, सुबोध सिंह, संजय सिंह ठाकुर, छोटू दुबे, दिनेश शर्मा, रक्षपाल सिंह राजपूत, ऋषिपाल सिंह सिसौदिया, अंकित गुप्ता, सत्यम कटियार, यश मिश्रा, डॉ. उदयराज सिंह मौजूद रहे।

# विद्युत आपूर्ति सुधारने के निर्देश, चोरी पर चलेगा अभियान



**समृद्धि न्यूज, हरदोई।**

स्वामी विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विद्युत विभाग एवं नेडा की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विद्युत आपूर्ति, लाइन लॉस, राजस्व वसूली और उपभोक्ता शिकायतों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शासन द्वारा निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनावश्यक कटौती व ट्रिपिंग की समस्या का तत्काल निराकरण करने तथा जर्जर तारों और ट्रांसफार्मरों को समय से बदलने को कहा। विद्यालयों के ऊपर से गुजर रहे हाइटेंशन तारों को निर्धारित समय में हटवाने के भी निर्देश दिए गए। उन्होंने आईपीडी, आरडीएसएस सहित अन्य योजनाओं के कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने को कहा।

विद्युत चोरी रोकने के लिए अधिशासी अभियंताओं सहित सभी संबंधित अधिकारियों को नियमित चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पारदर्शी बिलिंग व्यवस्था पर जोर देते हुए उपभोक्ताओं को सही एवं समय पर बिल उपलब्ध कराने तथा गलत बिलिंग की शिकायतों का निर्धारित अवधि में निस्तारण करने को कहा। साथ ही मीटर रीडिंग की शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी नेहा ब्याडवाल ने पीएम सूर्यघर योजना के प्रभावी संचालन के निर्देश दिए। उन्होंने बैंक अधिकारियों से योजना से संबंधित पत्रावलियों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार सहित संबंधित विभागों एवं बैंकों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जनसुनवाई में 73 शिकायतें, डीएम ने दिए निस्तारण के निर्देश

**हरदोई।** कलेक्ट्रेट में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में कुल 73 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी ढंग से किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त कुछ शिकायतों का जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से कार्रवाई कराकर समाधान कराया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील बरतते हुए प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# खबरें एक नजर में

## दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**उन्नाव।** थाना कोतवाली सदर, दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उन्नाव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोताली सदर पुलिस द्वारा दुष्कर्म के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। 18.03.2026 को वादिनी की तहरीर पर थाना कोतवाली सदर पर मु.अ.सं. 146,2026 धारा 69 बीएनएस बनाम चित्रांशू यादव पुत्र बलवीर सिंह निवासी अल्लापुर किन्तूर जनपद बाराबंकी पंजीकृत किया गया था। दिनांक 19.08.2026 को थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा अभियुक्त चित्रांशू यादव पुत्र बलवीर सिंह निवासी अल्लापुर किन्तूर थाना बदोसराय जनपद बाराबंकी उ.प्र. उम्र करीब 27 वर्ष को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

## कंटेनर मिनी ट्रक में घुसा, चालक की मौत

**बांगरमऊ, उन्नाव।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर स्थित पीतमपुरा पुलिस चौकी के निकट कंटेंनर चालक को अचानक झपकी आ जाने से तेज रफ्तार कंटेनर पार्किंग लेन में खड़े मिनी ट्रक में जा घुसा। तभी कंटेनर की चपेट में आने से मिनी ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने कंटेनर चालक को हिरासत में ले लिया है। जनपद एटा के थाना नयागांव अंतर्गत नगला गढ़ी निवासी रत्नेश 20 वर्ष पुत्र महावीर मिनी ट्रक में भैंस लादकर आजमगढ़ से मैनपुरी लेकर जा रहा था। तभी गुरुवार को तड़के लगभग 4 बजे कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे पर स्थित पीतमपूरा पुलिस चौकी के निकट चालक रत्नेश ने लघुशंका के लिए मिनी ट्रक पार्किंग लेन में खड़ा कर नीचे उतरने लगा। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम व पुलिस ने घायल चालक को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां डाक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया।

## तहसील मुख्यालय पर बैठक आयोजित

**बीघापुर उन्नाव।** तहसील मुख्यालय पर नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने प्रधानमंत्री मत्स्य पालन योजना को लेकर मछुआ समुदाय, सहकारिता समितियों , अनुसूचित जाति जनजाति तथा गरीब, पिछड़ा वर्ग स्वयंम सहायता समूह के लोगों के साथ बैठक कर योजना की जानकारी दी। तहसील मुख्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार विजय रंजन श्रीवास्तव ने कहा कि मत्स्य पालन के लिए तालाब के पट्टों की प्रक्रिया होनी है। तालाब के पट्टों के लिए आवेदन शुक्रवार तक होंगे। तहसील में पशुपालन तथा छोटे व बड़े तालाबों के लिए मत्स्य तथा पशु पालक रामलाल पुत्र राम प्रसाद हिंदू नगर, गीता देवी पत्नी अश्वनी कुमार निवासी हीरा खेड़ा ने दो आवेदन किये, हिमांशु पुत्र महेश कुमार निवासी पनई बुजुर्ग, भिक्खन देवी पत्नी रामबाबू निवासी दैता, सोनी पत्नी श्रीकांत, मिथिलेश कुमारी पत्नी नरेंद्र कुमार नारायण दास खेड़ा सहित लगभग 15 लोगों ने आवेदन जमा किए। इस मौके पर लेखपाल सुजीत कुमार व आकांक्षा पटेल रहे।

## अभियुक्त को 12 वर्ष का सश्रम कारावास

**उन्नाव।** पुलिस एवं अभियोजन की प्रभावी पैरवी के फ्लस्वरूप न्यायालय। 03 द्वारा 01 अभियुक्त को 12 वर्ष का सश्रम कारावास व 1,50,000 के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गई। पुलिस महानिदेशक उ.प्र. द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के तहत उन्नाव पुलिस के द्वारा गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन व मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी के क्रम में आज दिनांक 20.08.2026 को न्यायालय। 03 के द्वारा एनडीपीएस के अभियोग में 01 अभियुक्त को दंडित किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् है-दिनांक 29.12.2023 को अभियुक्त सोनू पुत्र भंगड़ निवासी ग्राम डीह थाना कोतवाली सदर जनपद उन्नाव को 1.175ाह चरस के साथ गिरफ्तार किया गया था। जिसके संबंध में थाना दही पर मु.अ.सं. 360,23 धारा 18,20 एक्ट पंजीकृत किया गया।

# राजकीय व पीएम श्री नवोदय विद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने राजकीय बालिका इंटर कालेज का औचक निरीक्षण किया के दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्यनरत बालिकाओं से वार्तालाप कर उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित किया एवं विद्यालय में सभी सुविधाओं के बारी में पूछा, उन्होंने विद्यालय की प्रिंसिपल को निर्देशित करते हुए कहा की शौचालय की नियमित साफ सफाई कराएं व मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराएं तथा नियमित सभी विषयों का टेस्ट भी लें जिससे गुणवत्तायुक्त शिक्षा के साथ बच्चों के मनोबल में भी गुणात्मक प्रभाव पड़े। इसके पश्चात उन्होंने रसोई घर व विद्यालय परिसर में निर्मित नए भवन को देखा तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया की कार्यदाई संस्था से पत्राचार कर लिखित जानकारी लें की नए भवनों में शीलन कैसे आ गई।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सरकंडी का औचक निरीक्षण किया के दौरान उन्होंने क्लासरूम में बच्चों व बच्चियों से वार्तालाप किया एवं उनसे आगे का क्या प्लान की जानकारी ली तथा अपने रुचि के हिसाब से कैरियर का चयन करने के बारे में बताया। प्रिंसिपल द्वारा विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में बताया गया। जिलाधिकारी ने लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष, रसोईघर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केन्द्र में जलभराव की समस्या गंभीर




**बांगरमऊ, उन्नाव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का बाहर नाले की सफाई नही होने से मामूली सी बारिश होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव की समस्या लगातार गंभीर बनी हुई है। अस्पताल परिसर मे पानी जमा होने से प्रतिदिन उपचार के लिए पहुंचने वाले सैकड़ों मरीजों और उनके तीमारदारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि मरीजों को पानी के बीच से होकर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों के पास पहुंचना पड़ता है। सबसे अधिक दिक्कत बुजुर्गों, बच्चों, गर्भवती महिलाओं और गंभीर मरीजों को हो रही है। नगर के उन्नाव हरदोई मार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर बने नाले पर लगभग एक सैकड़ा लकड़ी व लोहे की गुमटी रखकर दुकानदार कब्जा जमाये हुए हैं और दुकानदार सारा कूड़ा करकट नाले में डाल देते हैं । नाले की सफाई व्यवस्था नगर पालिका प्रशासन की है। लेकिन नगर पालिका प्रशासन भी नाले की सफाई पर वर्षो से ध्यान नही दे रहा ।मामूली सी बारिश होने पर नाले का गंदा पानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में भर जाता है । सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जलभराव की समस्या कोई नई बात नहीं है। इसके बावजूद अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति पैदा होती है, लेकिन नगर पालिका प्रशासन और जिला प्रशासन की ओर से समस्या के स्थायी समाधान के लिए अब तक कोई कदम नही उठाया जा सका है । सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब स्वास्थ्य केंद्र में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं, तो यहां जल निकासी की समुचित व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही।

## डीएम ने तहसील कार्यालय बिन्दकी का किया निरीक्षण

**फतेहपुर।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने तहसील कार्यालय बिन्दकी का औचक निरीक्षण किया के दौरान उन्होंने एसडीएम कोर्ट का निरीक्षण करते हुए निर्देशित किया की 5 साल पुराने वादों का गुणदोष के आधार पर प्राथमिकता से निस्तारण करें एवं बगैर मेरे अनुमोदन के तहसील स्तर पर पटल परिवर्तन न करें।नायब तहसीलदारों के क्षेत्र से संबंधित रजिस्टरों को देखा एवं सभी नायब तहसीलदारों को संबंधित रजिस्टर स्वयं नियमित चेक करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने जनगणना, संग्रह अनुभाग, मिसिलबंद रजिस्टर व स्थापना अनुभाग देखा एवं लेखपालों की सर्विसबुक अद्यतन करने के निर्देश संबंधित पटल सहायक को दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की नियमित तहसील के सभी पटलों का निरीक्षण करें एवं सभी पेशकारों की ट्रेनिंग भी कराएं दैवीय आपदा से संबंधित रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर प्राथमिकता के आधार पर मंगाए।

# राज्यमंत्री ने 75 नवजात बच्चियों को वितरित किया बेबी किट

**समृद्धि न्यूज,फतेहपुर।**



महिला कल्याण विभाग के तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम विकास भवन सभागार में मुख्य अतिथि राज्यमंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग उ.प्र. सरकार कृष्णा पासवान की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम मंत्री ने केक काटकर मनाया और केक माँ और बेटियों को खिलाकर बच्चियों को दुलारा। उन्होंने सभागार में मौजूद 75 नवजात बच्चियों के लिए बेबी किट का वितरण किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रत्येक नवजात कन्या के जन्म पर एक पेड़ बेटी के नाम कि पहल नवजात बच्चियों के माताओं को एक पेड़ देकर एक अभिनव पहल की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि बेटी अनमोल है, बेटी भविष्य की डोर है, आइये कन्या जन्म का उत्सव मनाए और एक सामान, सुरक्षित एवं समृद्ध समाज का निर्माण करें। उन्होंने मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना कोविड-19 के अंतर्गत 06 बच्चों को लैपटॉप का वितरण किया। मंत्री ने सभी माताओं-बहनों को शुभकानाएं देते हुए कहा कि हम सभी कन्या जन्मोत्सव मना रहे है, बेटिया हमारे घर की लक्ष्मी है और समाज की गौरव है। वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 2017 में मुख्यमंत्री उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेटियों के सम्मान, सुरक्षा, शिक्षा, भविष्य के लिए अनेकों योजनाएं संचालित है। हमारी डबल इंजन की सरकार में बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढ़ाई और शादी तक की जिम्मेदारी उठा रही है। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगल योजना के माध्यम से बेटियों की शिक्षा और विकास के लिए आर्थिक सहायता दी जा रही है। गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के लिए सरकार द्वारा सहायता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के सभी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करा रही है। माताओं से कहा कि यदि किसी के बच्चे का वजन कम है या कमजोर है तो उसे नजर अंदाज न करें उसे अपने नजदीकी आंगनबाड़ी केन्द्र में वजन कराए एवं गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य की नियमित जांच एवं टीकाकरण समय से कराए। जिला विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बेटी जन्मोत्सव पर बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संचालित योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि यह जानकारी अपने आस पास के लोगों को भी ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं से वंचित न रहे। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी, सीएमएस सहित नवजात बच्चियों के अभिभावक सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# राजवीर व सुल्तान मिर्जा गैंग का वांछित बैंककर्मी गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



कानपुर के बर्रा थाना पुलिस ने साइबर फ्रॉड और फर्जी बैंक खातों के मामले में वांछित बैंककर्मी मुकेश झा पुत्र दिलीप झा, निवासी प्लाट नंबर 13, मेहरबान सिंह का पुरवा को गिरफ्तार किया है।

आरोप है कि गैंग भोले-भाले लोगों के आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेज हासिल कर उनके नाम पर फर्जी जीएसटी फर्मों और उद्यमों का पंजीकरण कराता था। इसके बाद विमलेश जनरल स्टोर, अर्जुन नमकीन भंडार, राज कॉन्ट्रैक्टर्स समेत अन्य फर्जी फर्मों के नाम से बैंक खाते खोले जाते थे। पुलिस के अनुसार, आरोपी मुकेश झा ने अपने सह-अभियुक्तों के साथ मिलकर कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर खुले इन खातों में साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और कथित जीएसटी चोरी से प्राप्त रकम का भारी लेनदेन किया तथा अवैध तरीके से धन अर्जित किया। बर्रा पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों और फर्जी खातों के नेटवर्क की जांच में जुटी है।

# सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ हुई संवाद बैठक

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



पुलिस आयुक्त कार्यालय स्थित सभागार में जनपद के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ संवाद एवं समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था डॉ. विपिन ताडा एवं अपर पुलिस उपायुक्त/स्टाफ ऑफिसर योगेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा निर्मित फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा पुलिस के अनुभवों, सामाजिक जिम्मेदारियों एवं जन-जागरूकता में सोशल मीडिया की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जनपद के विभिन्न मुद्दों को सकारात्मक रूप से उजागर करने एवं जनहित से जुड़े विषयों पर जागरूकता फैलाने में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका की सराहना की गई। टेक्नोलॉजी, सोशल मीडिया, द्व एवं अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के सुरक्षित एवं सावधानीपूर्वक उपयोग के प्रति लोगों को जागरूक करने तथा सकारात्मक एवं रचनात्मक कंटेंट के माध्यम से समाज में जागरूकता बढ़ाने पर बल दिया गया।इन्फ्लुएंसर्स द्वारा अपने अनुभव एवं स्टोरी साझा की गईं तथा जनहित के मुद्दों पर त्वरित संवाद एवं आपसी समन्वय बनाए रखने पर सहमति बनी। युवाओं की तकनीकी समझ, नई सोच एवं सृजनात्मक दृष्टिकोण की सराहना करते हुए समाज में सकारात्मक संदेश एवं जागरूकता प्रसारित करने में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।

## कड़ी मशक्कत के बाद बार एसो. महामंत्री बने बूटा सिंह

**उन्नाव।** बार एसोसिएशन उन्नाव के चुनाव में महामंत्री के पद पर दो दिन से चल रही जद्दोजहद का अंतिम पड़ाव बूटा सिंह के एक वोट से जीतने से समाप्त हो गया। जहां कल दोनो प्रत्याशी आमने सामने बराबर मत होने के कारण निर्वाचन अधिकारी ने लाटरी का आप्शन दोनो प्रत्याशियों को दिया लेकिन दोनो प्रत्याशी देर रात तक सहमत नहीं हुए। आखिरी में निर्णय हुआ कि गुरूवार को दोबारा मतगणना की जायेगी जिसपर दोनो सहमति दर्ज की। गुरूवार को पुनः मतगणना हुई जिसपर दोनो प्रत्याशियों की निगाहें एक एक मत पर थी। वही मतगणना में बूटा सिंह अपने निकटतम प्रतिद्वंदी राहुल यादव को एक वोट से हराकर विजय प्राप्त की। विजय की खबर सुनकर समर्थको ने गोला पटाखों से व माला पहनाकर अपने विजयी प्रत्याशी का स्वागत किया।

# कपड़ों के शोरूम लगी आग, 50 लाख का नुकसान

**समृद्धि न्यूज,कानपुर।**



कानपुर के लालबंगला मार्केट में आग, रेडीमेड कपड़ों का शोरूम जलकर खाक; लाखों का नुकसान

कानपुर के चकेरी थाना क्षेत्र स्थित लालबंगला मार्केट में गुरुवार सुबह करीब 11 बजे एक रेडीमेड कपड़ों के शोरूम में भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया, जिससे दुकान में रखे ब्रांडेड कपड़े, महंगे परफ्यूम और एसी समेत लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। घटना के बाद आसपास की दुकानों में भी हड़कंप मच गया। श्यामनगर निवासी दुकान संचालक प्रिंस गुप्ता ने बताया कि उनकी दुकान %ट्रेंडजलि% लालबंगला की सब्जी मंडी के बाहर रोजाना की तरह बुधवार रात बंद कर घर चले गए थे। दो दिन पहले ही उन्होंने ब्रांडेड कपड़ों का नया स्टॉक मंगाया था। गुरुवार सुबह मकान मालिक आदित्य वर्मा ने धुआं निकलने की सूचना दी। मौके पर पहुंचने पर दुकान के अंदर आग भड़क चुकी थी और चारों तरफ धुआं भरा हुआ था। शटर खोलते ही आग की तेज लपटें बाहर निकलने लगीं, जिससे दुकान का सामान तेजी से जलने लगा। दुकान संचालक प्रिंस गुप्ता ने आरोप लगाया कि दमकल विभाग को सूचना देने के लगभग एक घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। उनके अनुसार, दमकल के पहुंचने में हुई देरी के कारण आग को फैलने का अधिक समय मिल गया, जिससे दुकान के अंदर रखा सामान बड़े पैमाने पर नष्ट हो गया। प्रिंस गुप्ता ने इस घटना में लगभग 50 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया है। सूचना मिलते ही जाजमऊ अग्निशमन केंद्र से दो फायर टैंकर और एक हाई-प्रेशर यूनिट मौके पर पहुंची। अग्निशमन टीम ने आग को दुकान के अन्य हिस्सों और आसपास की दुकानों तक फैलने से रोकने के लिए मोर्चा संभाला और काफी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। हालांकि, इस घटना में किसी व्यक्ति के झुलसने या जनहानि की कोई सूचना नहीं है।

आग लगने का संभावित कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि जांच के बाद ही होगी। फायर अधिकारी राहुल नंदन ने पुष्टि की है कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई है और आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# बैठक में सभासदों ने की कई जनहित के कार्य कराने की मांग

**समृद्धि न्यूज़, महाराजगंज।**



नगर पालिका परिषद महराजगंज की बोर्ड की बैठक पूर्व निर्धारित एजेन्डे के अनुसार अध्यक्ष डॉ. पुष्पलता मंगल की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक का प्रारंभ राष्ट्रगान के पश्चात् पिछली कार्यवाही को बैकुण्ठनाथ यादव प्रधान लिपिक द्वारा अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार की उपस्थिति में पढ़कर सुनाया गया तथा सर्वसम्मत से पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गयी एवं नये एजेन्डे के अनुसार बोर्ड मिटिंग की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। जिसमें सभासद सिद्धार्थनाथ शुक्ल ने प्रस्ताव किया कि मेधावी छात्र/छात्राओं का सम्मान समारोह दिनांक 3.9.2026 को किया जाय और इसमें आईआईटी और नीट के बच्चो को भी सम्मानित किया जाय। वही सदरे आलम ने प्रस्ताव किया कि दुर्गा मन्दिर, रामजानकी मन्दिर व आजाद नगर के मंगलवाली बाजार में वॉटर कूलर लगवा लिया जाय, और सभासद लालजी गुप्ता ने प्रस्ताव किया कि चिउरहां नहर चौराहे पर व नेहरू नगर दुर्गा मन्दिर के पास हाईमास्ट लाईट लगवाया जाय। सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ब्याज/अधिभार गृहकर/जलकर में से मुक्त किया जाय तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 में गृहकर/जलकर 01 अप्रैल 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक गृहकर/जलकर बिल जमा करने पर 10 प्रतिशत की छूट दी जायेगी, इसी क्रम में जितेन्द्र कुमार ने प्रस्ताव किया कि सभी वार्डो में जो लोग नाली व सड़क पर अतिक्रमण किए है उसे हटवा लिया जाय, सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि नगर पालिका क्षेत्र में सुरक्षित/उपयुक्त स्थान पर वर्किंग वुमेन हास्टल का निर्माण शासन से धनराशि प्राप्त कर कराया जाय। सर्वसम्मत से निर्णय लिया गया कि नगर पालिका/नगर पंचायत (निर्धारण सूची में संशोधन और परिवर्धन) मानक उपविधि, 2025 लागू किया जाय और नामान्तरण हेतु दो स्थानीय अखबारों में कम से कम पॉच आवेदनो को एक साथ प्रकाशित कराया जाय और आवेदक से प्रकाशन मात्र 2000.00 रूपये लिया जाय शेष धनराशि निकाय अपने निधि से वहन करेगी। इस अवसर पर निम्न सभासदगण दीपक, ब्रजकिशोर सिंह, जनिता पासवान, जितेन्द्र कुमार, गोरखनाथ, राजेन्द्र गौतम, ऋषिकेश पटेल, दुर्गावती पाण्डेय, बृजेन्द्र पटेल, राहुल पाण्डेय, सदरे आलम, राणा पटेल, लालजी गुप्ता, सिद्धार्थनाथ शुक्ल, प्रमिला, मुरारी लाल निगम, जगदीश निषाद, अभय जायसवाल, राजीव द्विवेदी, मेवा लाल तथा बैकुण्ठनाथ यादव, प्रधान लिपिक, सहित नपाप महराजगंज के अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## आगामी त्योहारों के दृष्टिगत शांति समिति की बैठक आयोजित

**महाराजगंज।** पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने हेतु जनपद में शांति समितियों की बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज थाना बरगदवा परिसर में आगामी बारावफात त्यौहार के दृष्टिगत एक महत्वपूर्ण पीस कमेटी (शांति समिति) की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में थाना क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, धर्मगुरुओं, मस्जिदों के मौलवियों एवं बारावफात जुलूस के आयोजकों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान उपस्थित सभी लोगों को शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उनका कड़ाई से पालन करने की अपील की गई। थाना प्रभारी/पुलिस टीम द्वारा उपस्थित जनसमूह से त्यौहार को आपसी भाईचारे, शांति और सौहार्द के वातावरण में मनाने का आह्वान किया गया।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के बारे में छात्रों को डीएम का मिला व्यवहारिक मार्गदर्शन

**समृद्धि न्यूज़ महराजगंज।**

डॉ. बी.आर. अंबेडकर महाविद्यालय में जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल ने छात्र-छात्राओं से प्रेरक संवाद किया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को शैक्षणिक उन्नति, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और बेहतर कैरियर निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिया। संवाद में हाईस्कूल, इंटरमीडिएट एवं स्नातक कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।डीएम ने विद्यार्थियों से उनके कैरियर लक्ष्यों के बारे में जानकारी ली और उन्हें लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध तरीके से तैयारी करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के अपने व्यक्तिगत अनुभवों और रणनीतियों को भी विद्यार्थियों के साथ साझा किया। इससे छात्र-छात्राओं को कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर व्यावहारिक मार्गदर्शन मिला।विद्यार्थियों ने परीक्षाओं में असफलता के कारण उत्पन्न तनाव और उससे निपटने के उपायों को लेकर जिलाधिकारी से सवाल किए। जिलाधिकारी ने कहा कि असफलता सफलता की राह में एक पड़ाव है, अंतिम परिणाम नहीं। विद्यार्थियों को तनाव से बचने के लिए अपनी ऊर्जा सकारात्मक दिशा में लगाने और निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को अपना शत-प्रतिशत प्रयास करना चाहिए और परिणाम की चिंता किए बिना अपनी तैयारी को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को वर्तमान समय में मौजूद विभिन्न प्रकार के भटकाव से दूर रहने और अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए अनुशासन, निरंतरता, परिश्रम और आत्मविश्वास अत्यंत आवश्यक हैं। अपनी कमजोरियों को पहचानकर ईमानदारी से उन पर काम करने वाला व्यक्ति निश्चित रूप से आगे बढ़ता है।उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से समाचार पत्र एवं पत्रिकाएं पढ़ने तथा देश-दुनिया की अद्यतन घटनाओं से अवगत रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य अध्ययन और समसामयिक घटनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, इसलिए अध्ययन को अपनी नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। साथ ही कहा कि कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता। व्यक्ति जिस भी कार्य को चुने, उसमें पूरी ईमानदारी, लगन और अपना शत-प्रतिशत योगदान दे। विद्यार्थियों ने जिलाधिकारी के अनुभवों और प्रेरक विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा संवाद को अपने कैरियर निर्माण के लिए उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया। संवाद का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता और निरंतर प्रयास की भावना को मजबूत करना रहा।

# अतीक अहमद एवं उसके गुर्गों की 150 करोड़ की सम्पत्ति होगी कुर्क

**समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज।**



अतीक अहमद, अशरफ एवं उसके गुर्गों द्वारा अपराध से अर्जित की गई लगभग 150 करोड़ रुपये की संपत्ति अब सरकार के पक्ष में कुर्क की जाएंगी।

डीएम मनीष कुमार वर्मा ने सदर तहसील के एसडीएम अंकित वर्मा तथा तहसीलदार सुरेश चंद्र को निर्देशित किया है। ये संपत्तियां प्रयागराज के साथ ही लखनऊ में भी हैं। पुलिस-प्रशासन की टीमों की जांच में पता चला है कि प्रयागराज के कालिंदीपुरम में ट्रिपलआइटी मार्ग पर पीडीए की जमीन पर माफिया ने कब्जा किया था, जिस पर उका प्रापर्टी डीलिंग का कार्यालय था। कार्यालय को माफिया के गैंग के सदस्य व रिश्तेदार फहीम, मोहम्मद नूह व राशिद उर्फ नीलू संचालित कर रहे हैं। पुरामुफ्ती के हटवा, करैलाबाग, कसारी-मसारी, एनुद्दीनपुर, खुल्दाबाद, सिविल लाइंस, बेली, अशोक नगर, प्रीतम नगर में कई संपत्तियां हैं जो अपराध से बनाई गई हैं। लखनऊ के खोखीटोला में अकबरी गेट के पास मकान में जमजम ज्वैलर्स के नाम से तीन दुकानें हैं, जो अपराधी गुड्डू मुस्लिम की हैं।

जिनका संचालन मोहम्मद आसिफ निवासी निराला नगर, सीतापुर रोड करता है। लखनऊ के चौपटिया स्थित अब्दुल अजीज मार्ग पर दबीरुद्दौला गेट के पास तीन मकानों का समूह है जिसे एक किया गया है, भी गुड्डू मुस्लिम के पैसे से खरीदे गए हैं। चौपटिया में निजाम रेजीडेंसी में फ्लैट गुड्डू मुस्लिम का है, जबकि दस्तावेजों में मोहम्मद याब का नाम है। अकबरी गेट के पास तथा अमीनाबाद में जमजम ज्वैलर्स गुड्डू मुस्लिम के अवैध धन से संचालित हैं। लखनऊ में कई अन्य संपत्तियां चिन्हित हुई हैं। अतीक के गुर्गे गुड्डू मुस्लिम के लिए कहा जा रहा है कि अतीक की पत्नी शाइस्ता के साथ वह भागा है। लखनऊ की संपत्तियों को कुर्क करने के लिए सहायक पुलिस आयुक्त धूमनगंज तथा इंस्पेक्टर एयरपोर्ट थाना को एसडीएम सदर के साथ समन्वय बनाते हुए सभी अभिलेख प्राप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। संपत्तियों के स्वामी की आर्थिक स्थिति आदि की छानबीन कर रिपोर्ट देने को कहा है।

## कांग्रेसियों ने एसओ के खिलाफ डीएम-एसपी को दिया ज्ञापन

**महाराजगंज (समृद्धि न्यूज़)।** विकासखंड निचलौल के दमकी गांव के समीप हुए सड़क हादसे में चार युवकों की हईं मौत के बाद ढमफर चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर हुए सड़क जाम के दौरान कांग्रेसी नेता राजकुमार गुप्ता को घरनास्थल से हटाने के दौरान हुए अभद्र व्यवहार को लेकर जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में कांग्रेसियों ने जिला मुख्यालय पहुंच जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर एस ओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग किया और घटना के बारे में अवगत कराया। ज्ञापन देने वालों में राम कुमार गुप्ता, युनुस अंसारी, विनोद तिवारी, सुशील कुमार, रिंकू गुप्ता, सद्दाम हुसैन, राम अवध मौर्य, राजेश, रामप्यारे, सय्यद जावेद, आनंद कनौजिया, विनोद आदि कांग्रेसी नेता, कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद रहे।

## पिकअप की टक्कर से गार्ड की मौत

**प्रयागराज (समृद्धि न्यूज़)।** झूंसी थाना क्षेत्र में दारागंज से झूंसी की ओर आ रही तेज रफ्तार महिंद्रा पिकअप ने झूंसी पुलिया पर पैदल जा रहे राहगीर को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कैलाश नाथ मिश्रा पुत्र स्व. हरीश चंद्र मिश्रा निवासी फैजूल्लापुर, हेतापट्टी थरवई के रूप में हुई है। वह एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड थे और परिवार के एकमात्र कमाने वाले थे। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर भागने लगा, जिसे लोगों ने रोका। लेकिन चालक फरार हो गया। परिजनों का आरोप है कि ट्रैफिक सिपाही ने मदद के बजाय चालक को भगा दिया। इससे आक्रोशित होकर परिजनों ने सड़क जाम कर दिया। एसओ झूंसी महेश मिश्रा मौके पर पहुंचे। पीड़ित परिवार को न्याय का आश्वासन देने के बाद जाम खुलवाया।

# बाल एवं किशोर श्रम को रोकने के लिए श्रम व पुलिस विभाग ने चलाया संयुक्त अभियान

- 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, बाल श्रम कराने वाले के विरुद्ध विधिक कार्रवाई
- बाल श्रम के विरुद्ध अभियान में 15 किशोर श्रमिक चिन्हित

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



बाल एवं किशोर श्रम को रोकने के लिए श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे संयुक्त अभियान के क्रम में आज दिनांक 20.08.2026 को जनपद के कप्तानगंज एवं रामकोला क्षेत्र में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिन्न होटलों, वस्त्रालयों, ढाबों एवं मोबाइल/ऑटो वर्कशॉप सहित कुल 11 प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया, जिसमें 15 किशोर श्रमिकों का चिन्हांकन किया गया। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय ने बताया कि संयुक्त टीम द्वारा संबंधित सेवायोजकों/प्रतिष्ठान स्वामियों के विरुद्ध बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 यथा संशोधित 2016 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत निरीक्षण टिप्पणी निर्गत करते हुए आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

अभियान के दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों एवं सेवायोजकों को स्पष्ट रूप से बताया गया कि बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है। प्रत्येक बच्चे का शिक्षा प्राप्त करना, सुरक्षित एवं सम्मानजनक बचपनना उसका अधिकार है। बच्चों से श्रम कराने की बजाय उन्हें विद्यालय भेजकर उनके भविष्य को सुरक्षित बनाने में सहयोग करें। श्रम विभाग द्वारा बताया गया कि प्रतिबंधित परिस्थितियों में बाल श्रम कराते पाए जाने पर संबंधित नियोक्ता/ सेवायोजक के विरुद्ध 06 माह से 02 वर्ष तक के कारावास तथा रु.20,000 से रु.50,000 तक के जुर्माने का प्रावधान है। अतः सभी प्रतिष्ठान स्वामियों को चेतावनी दी गई कि किसी भी दशा में बच्चों से श्रम न कराया जाए।

इस अभियान में श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृता उपाध्याय, प्रभारी एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग जितेन्द्र टंडन, पंकज कुमार सिंह, अभिषेक कुमार श्रीवास्तव सहित एण्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग पुलिस टीम के सदस्य उपस्थित रहे। श्रम विभाग ने अपील की है कि बाल श्रम की सूचना मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग को अवगत कराएं, ताकि बच्चों को श्रम से मुक्त कराकर उन्हें शिक्षा एवं सुरक्षित बचपन का अधिकार दिलाया जा सके।

# शिक्षक की 12वीं पुण्यतिथि पर किया गया नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन



**कुशीनगर।** महात्मा गांधी इण्टर कालेज सखवनियां के पूर्व प्रवक्ता एवं पत्रकार स्व. व्यास मुनि पाण्डेय की 12 वी पूण्य तिथि निःशुल्क नेत्र जांच शिविर के साथ स्वर्गीय वंशराज सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल सखवनियां के प्रांगण मे शिद्दत के साथ मनाई गई शिविर मे 300 नेत्र रोगियों की चांच कर आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाएं भी दी गई जांच के दौरान 60 रोगियों को आपरेशन के लिए चिन्हित किया गया । स्व. पाण्डेय वंशराज सिंह मेमोरियल पब्लिक स्कूल के संस्थापक भी रहे। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी ने स्व. पाण्डेय के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि स्वर्गीय पाण्डेय शिक्षक के साथ एक समाजसेवी भी थे। उनके पुत्र कृष्णमोहन पाण्डेय द्वारा उनकी स्मृति कोवंत कर समाज सेवा का संकल्प एक पूनीत कार्य है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता ओमप्रकाश जायसवाल ने फीता काटकर निःशुल्क शिविर का शुभारंभ किया। विषिश्ट अतिथि ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष शैलेष उपाध्याय ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर की सराहना की। अखण्ड ज्योति आई हास्पिटल मस्तीचक सारण बिहार की टीम द्वारा आपरेशन के लिए राजमंगल गुप्ता नेबूलाल अख्तर आदि सहित 60 रोगियों को चिन्हित किया गया। जिनके आपरेशन के मार्ग व्यय व 40 दिन की दवा हास्पिटल के द्वारा दिया जायेगा । इस अवसर पर डॉ. चन्द्रभूषण सिंह भाजपा नेता विजय शुक्ला जेडीयू के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह कहरवार पूर्व शाखा प्रबंधक देवेन्द्र राय, राजेन्द्र शर्मा, पारसनाथ मिश्र, चन्द्रशेखर पाण्डेय, मनीष यादव, विरेंद्र यादव, अशोक सिंह, रामचन्द्र कुशवाहा, ओमप्रकाश मिश्राआदि उपस्थित रहे।सभी आगंतुकों को कार्यक्रम के आयोजक कृष्णमोहन पाण्डेय द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## पिकअप से चार गोवंश बरामद दो पशु तस्कर गिरफ्तार



**भांवरकोल/गाजीपुर।** स्थानीय पुलिस ने गुरुवार को चकबाला मोड़ के पास चेकिंग के दौरान एक महिंद्रा पिकअप से चार गोवंश बरामद करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वाहन को सीज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष रोहित कुमार मिश्र ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक श्याम सिंह पुलिस टीम के साथ चकबाला मोड़ के पास वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध महिंद्रा पिकअप को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें चार गोवंश लदे मिले। मौके से मो. इमरान पुत्र मो. शहीद, निवासी गोपालनगर, थाना गोविंदनगर, मथुरा तथा अलीहुसैन पुत्र स्व. शाहमुहम्मद, निवासी नरगहना, थाना पवारा, जौनपुर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मु.अ.सं. 177/26, धारा 3/5बी/8 गोवध निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। बरामद पिकअप को सीज कर दिया गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्याम सिंह, कांस्टेबल राहुल यादव, हरीश रावत, जगमोहन, रामप्रकाश पटेल एवं मंजीत सिंह शामिल रहे।

# जल जीवन मिशन की योजनाओं की मुख्य अभियंता ने की समीक्षा, ग्रामीणों से लिया जलापूर्ति का फीडबैक

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।**



मुख्य अभियंता (गो.क्षे.), उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर वी. पी. सिंह की अध्यक्षता में खण्ड कार्यालय, उ.प्र. जल निगम (ग्रामीण), कुशीनगर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों तथा पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता, समस्त सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, कार्यदायी संस्था मेसर्स एन.सी.सी. लिमिटेड के प्रतिनिधि, डी.पी.एम.यू. एवं टी.पी.आई.ए. के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मुख्य अभियंता ने जनपद में संचालित सभी योजनाओं के कार्यों को निर्धारित समयावधि में एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

इसके उपरांत रात्रि 8 बजे से 10 बजे तक विकास खण्ड हाटा की ग्राम पंचायत गोबरही में रात्रि जल चौपाल एवं जल अर्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अभियंता ने ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल के महत्व, सदुपयोग एवं जल संरक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने योजना के संचालन एवं नियमित जलापूर्ति के संबंध में ग्रामीणों से फीडबैक एवं शिकायतें भी प्राप्त कीं। ग्रामीणों ने नियमित रूप से शुद्ध पेयजल प्राप्त होने की जानकारी दी तथा बताया कि योजना से प्राप्त शुद्ध पेयजल के उपयोग से उनके स्वास्थ्य एवं जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आया है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कमलेश्वर राय एवं ग्रामवासियों ने सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से लाभान्वित होने पर आभार व्यक्त किया। मुख्य अभियंता ने पेयजल योजना से संबंधित जानकारी अथवा सुझाव देने के लिए ग्रामीणों से 'जल सारथी ऐप' डाउनलोड करने की अपील की। साथ ही शुद्ध पेयजल का सदुपयोग करने तथा पानी का अपव्यय न करने के लिए ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात मुख्य अभियंता ने विकास खण्ड हाटा की पिपरी ग्राम पंचायत पेयजल योजना का औचक निरीक्षण किया।

मुख्य अभियंता द्वारा विकास खण्ड कसया की ग्राम पंचायत खेसारी गिदहा में जल चौपाल एवं जल अर्पण कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान ग्राम प्रधान रामाशंकर कुशवाहा एवं ग्रामीणों से योजना के संचालन और नियमित जलापूर्ति के संबंध में फीडबैक लिया गया। ग्रामीणों ने नियमित रूप से शुद्ध पेयजल मिलने की जानकारी देते हुए योजना से स्वास्थ्य एवं जीवनशैली में आए सकारात्मक बदलावों के बारे में बताया। मुख्य अभियंता ने ग्रामीणों से 'जल सारथी ऐप' डाउनलोड कर पेयजल योजना से संबंधित जानकारी एवं सुझाव देने की अपील की तथा शुद्ध पेयजल के सदुपयोग और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ग्रामीणों से योजना के संचालन एवं नियमित जलापूर्ति के संबंध में फीडबैक लिया। ग्रामीणों द्वारा नियमित रूप से शुद्ध पेयजल प्राप्त होने की जानकारी दी गई। मुख्य अभियंता ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योजना के माध्यम से सतत एवं गुणवत्तापूर्ण शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रमों के दौरान अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, कार्यदायी संस्था मेसर्स एन.सी.सी. लिमिटेड के प्रतिनिधि, डी.पी.एम.यू. एवं टी.पी.आई.ए. के प्रतिनिधि तथा संबंधित ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कारगिल बलिदानी जयप्रकाश यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**समृद्धि न्यूज़, भांवरकोल/गाजीपुर।**



क्षेत्र की ग्राम पंचायत मच्छटी के राजस्व ग्राम भेलमपुर उर्फ पंडितपुरा में कारगिल बलिदानी जयप्रकाश यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत मच्छटी के प्रशासक प्रतिनिधि संजय कुमार एवं कारगिल बलिदानी जयप्रकाश यादव के पिता विजय शंकर यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। श्रद्धांजलि सभा में श्री प्रबल ब्रह्मा इंटर कॉलेज, अवथहीं की छात्रा अंशिका राय ने देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। वहीं आजमगढ़ के महेंद्र यादव ने कारगिल बलिदानी जयप्रकाश यादव एवं उनके परिवार पर आधारित गीत प्रस्तुत कर लोगों की आंखें नम कर दीं। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि गाजीपुर की सांसद अफजाल अंसारी ने बलिदानी जयप्रकाश यादव की प्रतिमा पर पुष्पचक्र अर्पित कर नमन किया और उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भले ही यह क्षेत्र उनके संसदीय क्षेत्र में नहीं आता है, लेकिन क्षेत्रीय विधायक सोहेब अंसारी उर्फ मन्नू से वार्ता कर तथा अन्य माध्यमों से कारगिल बलिदानी जयप्रकाश यादव के नाम आवंटित खेल मैदान के सुंदरीकरण एवं क्षेत्र में अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर गाजीपुर सदर विधायक जयकिशन साहू, जमानियां विधायक ओमप्रकाश सिंह, बलिदानी के परिजन अवधेश सिंह यादव, दिनेश सिंह यादव, ओमप्रकाश सिंह यादव एवं रामप्रकाश सिंह यादव सहित अन्य रिश्तेदारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में सैनिक प्रकोष्ठ आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष रामसिंगार यादव, शिवानंद मिश्रा सहित कई पूर्व सैनिक तथा कृपाशंकर यादव, शिवप्रकाश यादव, उमेश मिश्र समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

# डायट सैदपुर में तीन दिवसीय सक्षम प्रशिक्षण संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।**




डायट सैदपुर में आयोजित तीन दिवसीय सक्षम प्रशिक्षण कार्यक्रम में जखनियां ब्लॉक के 118 प्रधानाध्यापक /प्रभारी प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण के तृतीय चरण में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किए गए, जिनमें प्रशिक्षुओं को स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन तथा प्रतिरक्षा युक्तियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।

प्रथम सत्र में डॉ सर्वेश कुमार राय द्वारा वित्तीय दायित्व, हरीओम प्रताप यादव द्वारा स्वास्थ्य, वेलबीइंग एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली, मानसिक संतुलन तथा कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके उपरांत डॉ. सर्वेश कुमार राय ने मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अन्तर्गत तनाव के कारणों, उसके प्रभावों तथा तनाव को नियंत्रित करने की व्यवहारिक तकनीकों पर जानकारी दी। इन सत्रों का सत्र-संचालन डॉ. अर्चना सिंह एवं राजवंत सिंह द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को वरिष्ठ प्रवक्ता डी.पी. सिंह द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य शैलेष पटेल ने अपने उद्बोधन में प्रशिक्षण के उद्देश्यों, प्रतिभागियों की सहभागिता तथा प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभवों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षकों एवं कार्मिकों के व्यवसायिक विकास के साथ-साथ उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं मानसिक वेलबीइंग को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने प्रशिक्षण के सफल आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी। उक्त अवसर पर प्रवक्ता शिवकुमार पाण्डेय, डॉ निधि सोनकर, बृजेश कुमार, आलोक कुमार तिवारी, डॉ मंजर कमाल आदि लोग उपस्थित रहे। धन्यवाद ज्ञापन डॉ अर्चना सिंह ने किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।